




बंगाल में घुसपैठ रोकने और महिलाओं को हर माह 3,000 रुपये देने का वादा : शाह - 12





ऊर्जा आपूर्ति के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर रहना अब भूल साबित होगी : अरुण - 12





सेना की आवाजाही पर नजर रखने वाले आईएसआई से जुड़े जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़ - 13







मुकुल ने पूरा किया धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का अंत करने का सपना - 14



आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.54
सूर्यास्त 06.39

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, कानपुर, मुरादाबाद, अयोध्या, हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष नवमी 12:37 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 11 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 8, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली



**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ ली तथा इसी के साथ राज्य में नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने अपने कक्ष में एक समारोह के दौरान उन्हें शपथ दिलाई। कुमार ने हिंदी में शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद कुमार नये संसद भवन से बाहर आए और उस समय के बारे में बात की, जब वह लोकसभा के सदस्य थे और पुराने संसद भवन में बैठते थे।

### फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 11 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गोविंदपुरी इलाके से संचालित एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए दो सरगनाओं समेत 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। हर्बिटेक्चर हेल्थकेयर नाम से संचालित इस गिरोह ने सोशल मीडिया मंचों पर वजन घटाने वाले उत्पादों का विज्ञापन करके और ग्राहकों को बार-बार भुगतान करने के लिए लुभाकर देश भर के लोगों को ठगा।

# यूपी की अंतिम मतदाता सूची जारी 2.05 करोड़ वोटरों के नाम कटे

## विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद प्रदेश में अब 13.39 करोड़ मतदाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान की लंबी प्रक्रिया के बाद शुक्रवार को प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। इस सूची के अनुसार उप्र. में कुल 13 करोड़ 39 लाख 84 हजार 792 मतदाता हैं। कुल मतदाताओं में 54.54 प्रतिशत पुरुष और 45.46 प्रतिशत महिला हैं। पहले 27 अक्टूबर 2025 को फ्रीज सूची में 15.44 करोड़ मतदाता थे, जो एसआईआर के बाद 2.05 करोड़ घटकर 13.39 करोड़ रह गए।

लोकभवन में शुक्रवार को उप्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 6 जनवरी को जारी मसौदा सूची के मुकाबले अंतिम सूची में 84 लाख 28 हजार 767 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। जिनके नाम छूट गए, वे फॉर्म-6 भरकर शामिल हो सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से कुल 107 ज्ञापन प्राप्त हुए, जिनमें समाजवादी पार्टी से 85, भाजपा से 10, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से 9, बसपा, सीपीआई(एम) और आम आदमी पार्टी से एक-एक ज्ञापन शामिल थे। सभी शिकायतों का निस्तारण किया गया। रनदीप रिनवा ने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट व्यक्ति 15 दिनों के भीतर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रथम अपील कर सकता है, और जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय से असंतुष्ट व्यक्ति 30 दिनों के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी के समक्ष द्वितीय अपील कर सकता है।



### मतदाताओं का विवरण

- **पुरुष मतदाता :** 7 करोड़ 30 लाख 71 हजार 61
- **महिला मतदाता :** 6 करोड़ 9 लाख 9 हजार 525
- **तृतीय लिंग :** 4 हजार 206
- **18-19 आयुवर्ग :** 17 लाख 63 हजार 360

### इन 5 जिलों में बढ़े वोटर

- **प्रयागराज :** 3 लाख 29 हजार 421 मतदाता
- **लखनऊ :** 2 लाख 85 हजार 961 मददाता
- **बरेली :** 2 लाख 57 हजार 920
- **गाजियाबाद :** 2 लाख 43 हजार 666
- **जौनपुर :** 2 लाख 37 हजार 590

### एसआईआर प्रक्रिया की झलक

- 6 जनवरी को 12.55 करोड़ की मसौदा सूची जारी हुई थी।
- 6 मार्च तक दावे-आपत्तियां ली गईं।
- 86.69 लाख ने फॉर्म-6 (नाम जोड़ने) भरा।
- 3.18 लाख ने फॉर्म-7 (नाम कटवाने) भरा।
- 1.04 करोड़ को माता-पिता आदि से मिलान न होने पर नोटिस।
- 2.22 करोड़ तार्किक विसंगति वाले।

# मथुरा : यमुना में नौका पलटी, पंजाब के 32 श्रद्धालु डूबे, 10 के शव निकाले गए

- वृंदावन के केसी घाट पर हुआ हादसा, डीएम ने सेना से मदद मांगी
- सीएम ने जताया दुख, तत्काल राहत-बचाव कार्य के निर्देश दिए



वृंदावन : केसी घाट के पास नाव के पलट जाने के बाद बचाव अभियान चलाते गोताखोर।

मथुरा, एजेंसी

मथुरा जिले में शुक्रवार को यमुना नदी में श्रद्धालुओं/पर्यटकों से भरी एक नौका के पलट जाने से उसमें सवार 10 लोगों की मौत हो गई जबकि कई अन्य लापता हैं। मथुरा के डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि सभी पर्यटक पंजाब के रहने वाले थे। नौका में करीब 32 पर्यटक सवार थे।

एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें लगभग 50 स्थानीय गोताखोरों के साथ मिलकर बचाव अभियान चला रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक गुलाब नामक एक स्थानीय गोताखोर ने बताया कि अब तक लगभग 15 लोगों को नदी से बाहर निकाला जा चुका है। प्रत्यक्षदर्शियों ने मीडिया को बताया कि तेज हवाओं के कारण नौका बीच नदी में तेजी से डगमगाने लगी, फिर उसकी गति बढ़ गई और वह एक पुल से टकरा गई, इसके बाद नौका पलट गई।

अधिकारियों ने बताया कि ये श्रद्धालु पंजाब के लुधियाना और अन्य शहरों से आए लगभग 150 तीर्थयात्रियों के एक बड़े समूह का हिस्सा थे। यह दुर्घटना केसी घाट के पास तब हुई, जब नौका गहरे पानी में जाने के बाद एक तैरते हुए पोंटून (पीपा पुल का एक हिस्सा) से टकरा गई। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में पानी का स्तर बढ़ने के कारण पीपा पुल को हाल ही में हटा दिया गया था, जिससे नदी में कुछ पोंटून खुले रह गए थे। ऐसा माना जा रहा है कि उन्हीं में से एक पोंटून से टकराने के कारण नौका पलटी। पुलिस और स्थानीय प्रशासन संयुक्त रूप से बचाव अभियान चला रहे हैं, गोताखोर लापता लोगों की तलाश में नदी के गहरे हिस्सों में खोजबीन कर रहे हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री योगी ने इस दुखद हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए संवेदना प्रकट की और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाई जाए और घायलों को तुरंत बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाए।

# कुवैत पर ड्रोन हमले, सऊदी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

दुबई/तेहरान/न्यूयार्क एजेंसी

- सीजफायर के बाद भी तेहरान व उसके सहयोगियों पर हमले का आरोप, ईरानी सेना ने कहा- कोई मिसाइल नहीं दागी गई होर्मुज से एक गैस टैंकर को ईरान ने लौटाया

कुवैत ने ईरान और उसके सहयोगियों पर युद्धविराम के बावजूद उसे निशाना बनाकर ड्रोन हमले करने का आरोप लगाया है, वहीं सऊदी अरब ने कहा, हाल के हमलों से उसकी महत्वपूर्ण पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब इस्लामाबाद में शनिवार को अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर वार्ता होनी है।

कुवैत ने कहा कि गुरुवार रात को हुए ड्रोन हमलों में कुवैत के कुछ महत्वपूर्ण केंद्रों को निशाना बनाया गया। इस बीच, सऊदी अरब में हमले से उसकी महत्वपूर्ण 'ईस्ट-वेस्ट पाइपलाइन' को नुकसान पहुंचा है। इस पाइपलाइन से तेल लाल सागर तक जाता है और इसके मार्ग में होर्मुज नहीं आता। ईरान ने युद्धविराम के बावजूद होर्मुज पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है। वहीं, ईरान के आईआरजीसी ने कहा है कि युद्धविराम शुरू होने के बाद से किसी भी देश पर मिसाइलें नहीं दागी गईं। जो भी खबरें आ रही हैं, वे निस्संदेह यहूदी दुश्मन या अमेरिका का काम हैं। वहीं, अमेरिका ने कहा कि बोत्सवाना के एक गैस टैंकर ने ईरान ने होर्मुज से वापस लौटा दिया।

### संघर्षविराम पर वार्ता आज जेडी वेंस तेहरान से बोले अमेरिका से खेल न खेलो

**वाशिंगटन।** उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने के उद्देश्य से वार्ता के लिए इस्लामाबाद रवाना होने से पहले तेहरान को आगाह किया कि वह अमेरिका के साथ खेल न खेले। इस्लामाबाद में शनिवार को संघर्ष विराम पर वार्ता होनी है। वेंस को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह छह सप्ताह पहले शुरू हुए इस युद्ध का समाधान ढूंढे और राष्ट्रपति की ईरान की पूरी सभ्यता को नष्ट करने की चौंकाने वाली धमकी को चरितार्थ न होने दें।

# लेबनान में आम नागरिकों की मौत पर भारत ने जताई चिंता

- कहा- पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर हमारी नजर

**नई दिल्ली।** संघर्षविराम के बीच लेबनान पर इजराइल के हमलों में बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने पर भारत ने चिंता व्यक्त करते हुए अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के पालन तथा देशों की संप्रभुता के सम्मान पर बल दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा, हम लेबनान में बड़ी संख्या में नागरिक हताहतों की खबरों से गहराई से चिंतित हैं। यूएनआईएफआईएल में सैन्य योगदान देने वाले देश के रूप में भारत का मानना है कि घटनाओं की यह दिशा अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया है। अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करना तथा राज्यों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना अत्यावश्यक है।

# न्यायाधीश यशवंत वर्मा का इस्तीफा महाभियोग की प्रक्रिया हुई निष्प्रभावी

नई दिल्ली, एजेंसी

**नकद बरामदगी मामला**



- विवादों में घिरे थे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश, राष्ट्रपति को सौंपा इस्तीफा

विवादों में घिरे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया है, जिससे उन पर जारी महाभियोग की कार्यवाही निष्प्रभावी हो गई है।

पिछले साल न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास से जली हुई नोटों की गड्डियां बरामद होने के बाद से वह आलोचनाओं का सामना कर रहे हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा के दिल्ली स्थित आवास में 14 मार्च, 2025 को होली की रात आग लगने के बाद भारी मात्रा में नकदी मिलने का दावा किया गया था। घटना के बाद महाभियोग प्रस्ताव से पहले एक पूर्व शर्त के तहत सुप्रीम कोर्ट के जज न्यायमूर्ति अरविंद, मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र और वरिष्ठ अधिवक्ता आचार्य सहित तीन सदस्यीय जांच समिति जांच कर रही थी। उन्होंने न्यायाधीशों की दो निंदात्मक रिपोर्ट के बाद तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना की इस्तीफे की सलाह को मानने से इनकार कर दिया। विकल्प नहीं होने पर न्यायमूर्ति खन्ना ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का अनुरोध किया।

# वनतारा ने वाइल्डलाइफ और वेटेरिनरी साइंस के लिए दुनिया की पहली ग्लोबल यूनिवर्सिटी लॉन्च की

## आधुनिक गुरुकुल और उद्देश्य-आधारित विश्वविद्यालय के रूप में कल्पित इस यूनिवर्सिटी का मकसद भारत को वाइल्डलाइफ और वेटेरिनरी एजुकेशन के लिए एक ग्लोबल हब बनाना है





**जामनगर (गुजरात),** भारत रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी की बनाई ग्लोबल वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन ऑर्गनाइजेशन, वनतारा ने जाम नगर, गुजरात में वनतारा यूनिवर्सिटी शुरू करने की घोषणा की है। यह वन्यजीव संरक्षण और पशु चिकित्सा विज्ञान को समर्पित दुनिया की पहली एकीकृत वैश्विक यूनिवर्सिटी होगी।

वनतारा यूनिवर्सिटी की नींव पशु कल्याण, वैज्ञानिक प्रगति और वन्यजीव संरक्षण पर आधारित है। इस संस्थान का लक्ष्य पशु चिकित्सा, संरक्षण और वन्यजीव देखभाल के क्षेत्र में भविष्य के लीडर्स तैयार करना है।

इसका पाठ्यक्रम भारत की सदियों पुरानी ज्ञान परंपराओं का उपयोग करके शिक्षा का एक उद्देश्य-पूर्ण और भविष्य-उन्मुखी मॉडल तैयार करेगा।

**अनंत अंबानी ने कहा,**

"संरक्षण का भविष्य इस बात पर निर्भर करेगा कि हम लोगों और संस्थानों को करुणा, ज्ञान और कौशल के साथ जीवों की सेवा करने के लिए कैसे तैयार करते हैं। वनतारा यूनिवर्सिटी की परिकल्पना उस व्यक्तिगत अनुभव से प्रेरित है, जब मैंने संकट में पड़े पशुओं को करीब से देखा और उनकी बेहतर देखभाल के लिए अधिक क्षमता की आवश्यकता महसूस की।

प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की भावना और 'आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः' अर्थात् सभी दिशाओं से श्रेष्ठ विचार हमारे पास आएं, के आदर्शों से प्रेरित होकर यह विश्वविद्यालय हर जीवन की रक्षा के लिए समर्पित नई पीढ़ी तैयार करना चाहता है।"

इस विचार को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाने के लिए आधारशिला स्थल के डिजाइन में दो बिजोलिया बलुआ पत्थरों को शामिल किया गया। ये पत्थर प्राचीन विंध्यन भू-विन्यास से लिए गए हैं, जो वर्तमान बिहार में स्थित प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की भौगोलिक संरचना से जुड़े माने जाते हैं। ये भारत की ज्ञान और शिक्षा की सतत परंपरा का प्रतीक हैं। हिंदू परंपराओं के अनुसार आयोजित इस शिलान्यास समारोह में शिक्षा, विज्ञान, संरक्षण और सार्वजनिक जीवन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ अनंत अंबानी के शिक्षक और मार्गदर्शक भी शामिल हुए। समारोह का एक मुख्य आकर्षण मिट्टी, जल और पत्थरों को विधि-विधान से स्थापित करने की रस्म थी, जिसे शिलान्यास के एक प्रतीकात्मक कार्य के रूप में संपन्न किया गया। ये तत्व पूरे भारत के जैव-विविधता से समृद्ध विभिन्न भू-भागों से एकत्रित किए गए थे। जिनमें घास के मैदान, वन, आर्द्रभूमि, शुष्क पारिस्थितिकी तंत्र, तथा हिमालयी और देश के उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी, पश्चिमी और मध्य भागों में स्थित अन्य ऊँचाई वाले स्थान शामिल हैं। ये तत्व भारत की प्राकृतिक विविधता और विरासत को दर्शाते हैं। वनतारा यूनिवर्सिटी एक ही शैक्षणिक ढांचे के भीतर विभिन्न विषयों को जोड़ेगी, जिसकी नींव वास्तविक संरक्षण कार्यों के अनुभव पर आधारित होगी। वनतारा के जमीनी अनुभवों को अकादमिक कार्यक्रमों, पेशेवर प्रशिक्षण और वैश्विक स्तर पर उपयोगी शिक्षा ढांचे में बदला जाएगा। करुणा, विज्ञान और संरक्षण के समन्वय के माध्यम से यह संस्थान ऐसे पेशेवर तैयार करेगा जो वन्यजीव और पारिस्थितिकी से जुड़ी जटिल चुनौतियों का समाधान कर सकें।

यूनिवर्सिटी अलग-अलग सब्जेक्ट्स में अंडरग्रेजुएट, पोस्टग्रेजुएट, फेलो शिप और स्पेशलाइज्ड प्रोग्राम ऑफर करेगी। इनमें वाइल्डलाइफ मेडिसिन और सर्जरी, न्यूट्रिशन, बिहेवियरल साइंसेज, जेनेटिक्स, एपिडेमियोलॉजी, वन हेल्थ, कंजर्वेशन पॉलिसी और नेचुरलिस्टिक एनिमल केयर एनवायरनमेंट डिजाइन शामिल हैं। वनतारा की कार्यक्षमता के अनुरूप विशेष कॉलेज भी स्थापित किए जाएंगे।

साथ ही सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियां भी प्रदान की जाएंगी। वनतारा यूनिवर्सिटी को एडवांस्ड एकेडमिक और क्लिनिकल इंफ्रास्ट्रक्चर, इंटरनेशनल कोलेबोरेशन और एक रेजिडेंशियल कैंपस से सपोर्ट मिलेगा। यह पशु कल्याण और उन्नत संरक्षण पद्धतियों को मजबूत करने के लिए कार्य-आधारित शोध पर ध्यान केंद्रित करेगी। शिक्षा मॉडल में प्राकृतिक आवासों (इन-सिटू) और संरक्षित वातावरण (एक्स-सिटू) संरक्षण को जोड़ा जाएगा, ताकि वैज्ञानिक देखभाल और दीर्घकालिक वन्यजीव प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

यह मानते हुए कि संरक्षण का भविष्य केवल जंगलों में ही नहीं, बल्कि कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और मानव चेतना में भी तय होगा, विश्वविद्यालय वन्यजीव पशु चिकित्सा और संरक्षण शिक्षा को आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखता है।

साथ ही यह वन्यजीव स्वास्थ्य, पशु देखभाल वातावरण और संरक्षण से जुड़े ज्ञान संसाधनों के विकास का दीर्घकालिक मंच बनेगा।

शिलान्यास समारोह ने करुणा- आधारित संरक्षण शिक्षा को आगे बढ़ाने के व्यापक राष्ट्रीय प्रयास की शुरुआत भी दर्शाई।

इस दौरान 'वनतारा यूनिवर्सिटी फाउंडिंग फेलोज' और 'एवरी लाइफ मैटर्स' छात्रवृत्ति कार्यक्रमों की घोषणा की गई।



साथ ही ज्ञान का उपयोग केवल प्रगति के लिए नहीं बल्कि संरक्षण के लिए करने का आह्वान किया गया।

अपने दृष्टिकोण के अनुसार वनतारा यूनिवर्सिटी केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि इस विचार का प्रतिनिधित्व करती है कि वन्य जीवन को केवल सराहना ही नहीं, बल्कि ज्ञान, मजबूत प्रणालियों और प्रशिक्षित हाथों की भी आवश्यकता होती है।



## न्यूज ब्रीफ

### पीपीपी मोड में बनेगा अत्याधुनिक बस स्टेशन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नगर विधायक रितेश गुप्ता का प्रयास रंग लाया है। उनकी पहल पर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने मुरादाबाद में पीपीपी मॉडल पर अत्याधुनिक रोडवेज बस स्टेशन स्थापित करने की स्वीकृति देने की जानकारी दी है। प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने भेजे पत्र में लिखा है कि नगर विधायक रितेश गुप्ता की पहल पर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सात अप्रैल को हुई मंत्री परिषद की बैठक में इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसके बनकर तैयार होने से स्थानीय नागरिकों के अलावा बाहर से आने वाले यात्रियों को भी सुविधा होगी।

### अस्पताल पर इलाज में लापरवाही का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के कांठ रोड स्थित प्रतिष्ठित अस्पताल में इलाज में लापरवाही और गलत तरीके से किडनी विशेषज्ञ बताकर उपचार करने के आरोप सामने आए हैं। मामले में पीड़ित पक्ष ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र निवासी शौर्य धर ने आरोप लगाया है कि उनकी बहन रिचा द्विवेदी की तबीयत 20 मार्च को अचानक खराब होने पर उन्हें शहर के प्रतिष्ठित अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित का आरोप है कि वहां तैनात चिकित्सक स्वयं को किडनी विशेषज्ञ बताकर मरीजों का इलाज करते हैं, जबकि उनके पास इस विशेषज्ञता से संबंधित कोई मान्य डिग्री नहीं है। डॉक्टर के निर्देश पर बहन का आठ बार डायलिसिस कराया गया। 11 दिन के इलाज में करीब 2.5 लाख रुपये खर्च होने के बावजूद हालत में सुधार नहीं हुआ। पीड़ित ने आरोप लगाया कि शिकायत करने पर उन्हें जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी गई।

### सड़क हादसे में अज्ञात युवक की मौत

**डिडौली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव चोधरपुर के पास गुरुवार देर रात सड़क हादसे में एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चोधरपुर के पास रात में एक युवक सड़क पार कर रहा था, तभी मुरादाबाद की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में करीब 35 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस शिनाख्त का प्रयास कर रही है।

# ललित की संपत्ति मामले में बहन को आंशिक राहत

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

**अमृत विचार :** पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक की कथित आपराधिक गतिविधियों से अर्जित संपत्ति के मामले में चल रही कार्रवाई में उनकी बहन को आंशिक राहत मिली है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पांच रेशमा चौधरी गैंगस्टर की अदालत ने सुनवाई के दौरान ललित कौशिक की बहन गीता भारद्वाज निवासी नवीन नगर के अधिवक्ता अभिषेक शर्मा ने दलील रखी कि गीता भारद्वाज की संपत्ति से ललित कौशिक को कोई लेना देना नहीं है। इस पर न्यायाधीश रेशमा चौधरी ने दाखिल अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए उनके मकान और स्कूटी को कुर्की से मुक्त कर दिया। हालांकि, ललित कौशिक की पत्नी के बैंक खाते से गीता भारद्वाज के बैंक खाते में डेढ़ लाख रुपये ट्रांसफर किए जाने की डिटेल न्यायालय में विशेष अभियोजन अधिकारी राजीव त्यागी की ओर से रखी गई। इस पर सुनवाई करते हुए गीता के फ्रीज किए गए बैंक खातों को अनफ्रीज नहीं करने का आदेश दिया।

## मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधाएं देने की प्राथमिकता पर दिया जोर, टीन शेड की होगी व्यवस्था

# काली माता मंदिर का जूना अखाड़े ने किया निरीक्षण

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- पुजारी और कोठारी समेत अन्य कर्मचारियों के वेतन बढ़ोत्तरी की घोषणा

**अमृत विचार :** लालबाग स्थित प्राचीन काली माता मंदिर में नए महंत दायित्व संभाल लिया है। इसके साथ ही मंदिर की व्यवस्था में सुधार और परिवर्तन की दिशा में जूना अखाड़े ने महत्वपूर्ण पहल की है। जूना अखाड़े के प्रवक्ता नारायण गिरि ने शुक्रवार को मंदिर परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कई अहम घोषणाएं कीं।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने बताया कि जल्द ही मंदिर परिसर में टीन शेड की व्यवस्था की जाएगी, जिससे धूप और बारिश के दौरान श्रद्धालुओं को राहत मिल सके। इसके साथ ही रामगंगा किनारे सड़क निर्माण कराने की योजना भी बनाई गई है, जिससे मंदिर तक पहुंचना और अधिक सुगम हो सकेगा।

मंदिर परिसर में साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं को लेकर भी निर्देश दिए गए। नारायण गिरि ने शौचालयों की खराब स्थिति पर नाराजगी जताते हुए उन्हें जल्द दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। वहीं, लंबे समय से खराब पड़े नलकूप को भी जल्द ठीक कराने की बात कही, ताकि जल आपूर्ति सुचारू रूप से हो सके। मंदिर में कार्यरत पुजारी, कोठारी और अन्य कर्मचारियों को भी राहत देते हुए उनके वेतन में तीन-तीन हजार रुपये की बढ़ोतरी की घोषणा की गई। इसके साथ ही पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी कर्मचारियों का वेतन अब सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जाएगा। आर्थिक व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए आय-व्यय का पूरा लेखा रखने के लिए रजिस्टर तैयार किया जाएगा। किसी भी प्रकार की अनियमितता रोकने के लिए अकाउंट आधारित व्यवस्था लागू की जाएगी।

### रायबरेली में घिरी कार, सज्जन गिरि फरार

स्थानांतरण की प्रक्रिया के तहत गुरुवार की शाम महंत सज्जन गिरि और महंत राम गिरि को प्रयागराज ले जाया जा रहा था। महंत के दायित्व से हटाए जाने के बाद उन्होंने विरोध भी जताया था। मुरादाबाद से रवाना होने से पहले ही सज्जन गिरि ने अपने परिचितों को इसकी जानकारी दे दी थी। जानकारी के अनुसार रायबरेली पहुंचने पर कुछ लोगों ने रात में ही उस कार को घेर लिया, जिसमें सज्जन गिरि सवार थे। इस दौरान मौके का फायदा उठाकर सज्जन गिरि वहां से भाग निकले।

# एटीएस और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नकली नोटों के कारोबार का खुलासा

## 20 हजार के जाली नोट बरामद करने के बाद सप्लाई चेन खंगालने में जुटीं टीमें

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार:** संभल जनपद में नकली नोटों के कारोबार का खुलासा करते हुए एटीएस मुरादाबाद और थाना हयातनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने एक हैंडीक्राफ्ट कारोबारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से करीब 20 हजार रुपये के जाली नोट बरामद हुए हैं। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच में जुट गई है और सप्लाई चेन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

टीमों ने यह कार्रवाई थाना हयातनगर क्षेत्र के सरायतरीन कस्बा स्थित कच्चा बाजार में की। यहां हैंडीक्राफ्ट कारोबारी द्वारा नकली नोटों का कारोबार करने की सूचना एटीएस को मिली थी। इसके बाद ही हयातनगर थाना पुलिस के साथ मिलकर एटीएस ने कार्रवाई की। एटीएस और स्थानीय पुलिस ने छापेमारी के दौरान शराफत हुसैन निवासी पन्नीग्राम सरायतरीन को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 500 रुपये के 35 नोट, 200 रुपये के 6 नोट और 100 रुपये के 13 नोट बरामद किए गए, जिनकी कुल कीमत लगभग 20 हजार रुपये है। शुक्रवार दोपहर को पूरे मामले का खुलासा कार्यवाहक पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह और सीओ बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार ने किया। थाना हयातनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में और भी लोगों की संलिप्तता सामने आ सकती है, जिसके लिए जांच जारी है।



नकली नोट मामले में प्रेसवार्ता में जानकारी देते प्रभारी पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह। • अमृत विचार

### मुरादाबाद एटीएस को मिला था इनपुट

प्रभारी एसपी ने बताया कि एटीएस मुरादाबाद को इनपुट मिला था कि संभल क्षेत्र में जाली नोटों की सप्लाई की जा रही है। इसी सूचना के आधार पर संयुक्त टीम गठित कर ऑपरेशन चलाया गया और आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में कुछ अहम जानकारी मिली है, जिसे बाद में बताया जाएगा। आरोपी को रिमांड पर लेकर उससे विस्तृत पूछताछ की जाएगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि नकली नोट कहां से आ रहे थे और किन-किन लोगों तक उनकी सप्लाई की जा रही थी। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी शराफत हुसैन के फिलहाल किसी आतंकी गतिविधि से जुड़ा होने के कोई स्पष्ट साक्ष्य सामने नहीं आए हैं। लेकिन एटीएस और स्थानीय पुलिस सभी संभावित एंगल्स पर जांच कर रही है।

# मीट को लेकर विवाद में युवक पर चाकू से हमला

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** थाना कटघर क्षेत्र के ग्राम देवापुर में मुर्गे के मीट को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

- पीड़ित के हाथ में लगा चाकू, तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज

वादी रोहित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नौ अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे आरोपी ने मीट को लेकर विवाद के दौरान उसे जान से मारने की धमकी दी और चाकू से हमला कर दिया। हमले में उसके हाथ पर चोट आई। इसके बाद वह मौके से भागकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। पुलिस ने आरोपी आसिफ निवासी रामपुर दौराहा थाना कटघर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है।

मामले में पुलिस ने संबंधित धाराओं के साथ आर्म्स एक्ट के तहत भी कार्रवाई की है। आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार जेल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को मिलेगी पारदर्शी बिजली सेवा

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- दिल्ली रोड मुख्यालय पर उद्योग बंधुओं की बैठक, सौर ऊर्जा अपनाने पर जोर

**अमृत विचार :** पश्चिमांचल विद्युत निगम लिमिटेड के मुख्य अभियंता की ओर से दिल्ली रोड स्थित मुख्यालय पर उद्योग बंधुओं के साथ शुक्रवार को आयोजित बैठक में स्मार्ट मीटर, स्मार्ट उपभोक्ता एवं स्मार्ट प्रदेश विषय पर चर्चा हुई। इस दौरान स्मार्ट मीटर पर प्रस्तुति देते हुए बताया गया कि इस तकनीक के माध्यम से उपभोक्ता अपनी दैनिक बिजली खपत, बिल की राशि तथा भुगतान की स्थिति की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।

मुख्य अभियंता अशोक चौरसिया ने बैठक दौरान ने स्पष्ट किया कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद एक माह तक पुराने मीटर को नहीं हटाया जाएगा, जिससे अधिक बिल आने की भ्रांति दूर की जा सके। मुरादाबाद वेस्ट इंडस्ट्रीज चेंबर के उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता के आग्रह पर चौरसिया ने आश्वासन दिया कि उद्योगों को ट्रिपिंग-फ्री एवं निरंतर विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सप्लाई की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है और किसी भी समस्या की स्थिति में उपभोक्ता सीधे संबंधित अधिशासी अभियंता से संपर्क कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि नए वर्टिकल सिस्टम के तहत उपभोक्ताओं को उनके क्षेत्र के विद्युत स्टेशनों से जुड़े मोबाइल समूहों में शामिल किया गया है, जहां सप्लाई से संबंधित पूर्व सूचना उपलब्ध कराई जाती है। पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए मुख्य अभियंता ने उद्योगों से सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विपिन गुप्ता ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना" के अंतर्गत सोलर प्लांट लगाने और सरकारी सब्सिडी का लाभ उठाने की जानकारी दी। बैठक में नगरीय अधीक्षण अभियंता प्रशांत कुमार सहित सभी अधिशासी अभियंता उपस्थित रहे। मुख्य अभियंता ने अधिकारियों को उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर आईआईए से संजय गुप्ता, यस के अध्यक्ष आरपी सिंह, सीएल गुप्ता एक्सपोर्ट से राठी, डिजाइनको से मोहम्मद इरशाद हुसैन, नीरज ढल सहित अन्य औद्योगिक उपभोक्ता उपस्थित रहे।

# असम सीएम के बयान के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**कार्यालय संवाददाता अमरोहा**

**अमृत विचार:** जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा द्वारा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने गांधी मूर्ति स्थल पर पुतला दहन का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने छीन लिया।

शुक्रवार को जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता पुतला लेकर गांधी मूर्ति पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक भी हुई। प्रदर्शन के दौरान ओमकार सिंह कटारिया ने कहा कि भाजपा के नेता विपक्ष के सवालों का जवाब देने के बजाय मुकदमे दर्ज कराते हैं। असम के मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ की गई टिप्पणी अपमानजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश सरकार भी इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय विरोध को दबाने का काम कर रही है। प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी सुखराज सिंह, पूर्व शहर अध्यक्ष फैज आलम रैनी, जिला महासचिव शाहिद सिद्दीकी, जिला सचिव इंतजार मेहदी नकवी, नितिन पराग, इकबाल अंसारी, तालिब इदरीसी, शमीम अब्बासी, शेर सिंह जाटव, डॉ. मुशर्रफ खान आदि रहे।



कांग्रेसियों से पुतला छीनती पुलिस।

# बंधक बनाई बरात, दूल्हा और बराती 24 घंटे तक रहे कैद

**संवाददाता, मैनाठेर,**

- पहले से शादीशुदा निकला दूल्हा हंगामे के बाद मैरिज हॉल में बनाया बंधक
- 24 घंटे तक चलता रहा ड्रामा, बाद में लाखों रुपये के लेनदेन के बाद हुआ दोनों पक्षों में समझौता

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक की बरात दुल्हन के घर पहुंचने से पहले ही विवादों में घिर गई और मैरिज हॉल पहुंचते ही दूल्हा समेत बरातियों को बंधक बना लिया। करीब 24 घंटे तक चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद लाखों रुपये के लेन-देन पर समझौता हुआ।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को एक गांव निवासी एक युवक की बरात पाकबड़ा क्षेत्र जानी थी। लेकिन इसी बीच यह खुलासा हुआ कि दूल्हा पहले से ही एक अन्य युवती के साथ कोर्ट मैरिज कर चुका है। इस जानकारी के मिलते ही लड़की पक्ष में आक्रोश फैल गया। बताया जाता है कि उधर शादी वाले दिन खुद को पत्नी बताने वाली युवती युवक के गांव पहुंची जिसने गांव पहुंचकर जमकर हंगामा किया। बताते हैं लड़के पक्ष ने लड़की के पहुंचने पर छोटे भाई की शादी बताकर गुमराह किया, लेकिन युवती ने शादी रुकवाने की जिद पकड़ ली जिसके चलते लड़के पक्ष ने भी शादी न करने की बात कही। हालांकि इसके बाद भी दूल्हा साधारण वेश में अपने चहेतों के साथ चुपचाप बरात लेकर निकल गया ताकि किसी को भनक न लगे। ग्रामीणों के अनुसार दूल्हे ने रास्ते में डींगरपुर-पाकबड़ा मार्ग पर जाकर दूल्हे के वस्त्र पहने और बरात आगे लेकर बढ़ा। लेकिन जैसे ही बरात मैरिज हॉल पहुंची लड़की पक्ष को पूरे मामले की जानकारी मिल गई। इसके बाद गुस्साए परिजनों ने दूल्हे और बरातियों को बंधक बना लिया। करीब 24 घंटे से अधिक समय तक दूल्हा और बराती वहीं बंधक बने रहे। बताते हैं शुक्रवार को पाकबड़ा मार्ग स्थित एक मकान में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई जिसमें लाखों रुपये के लेन-देन के बाद समझौता कराया। बताया जा रहा है कि लड़के पक्ष की ओर से लड़की पक्ष को कुछ चेक भी दिए गए, जिसे जमानत के रूप में माना जा रहा है। इस दौरान पुलिस के मौके पर पहुंचने की भी है। फिलहाल पूरा मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है।

# कब्रिस्तान भूमि विवाद में कोर्ट ने सभी स्टे आदेश किए निरस्त

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद संभल से जुड़े जामा मस्जिद से सटे कब्रिस्तान की भूमि के विवाद मामले में शुक्रवार को बड़ा कानूनी मोड़ आया। सिविल जज जूनियर डिवीजन संभल की अदालत ने इस मामले में सभी स्टे आदेशों को निरस्त कर दिया। अवैध कब्जों पर कार्रवाई का रास्ता साफ हो गया है।

नगर पालिका परिषद की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता नलिन जैन ने बताया कि शहर के मोहल्ला कोट पूर्वी स्थित विवादित स्थल, जो एक धार्मिक स्थल के समीप स्थित है, पूर्व में कब्रिस्तान के रूप में दर्ज था। आरोप है कि कुछ लोगों ने इस भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान बना लिए थे। उन्होंने बताया कि कब्जाधारियों ने न्यायालय में वास्तविक तथ्य छिपाते हुए स्टे आदेश प्राप्त कर लिया था, जिससे कार्रवाई बाधित हो रही थी। नगर पालिका की ओर से इस मामले में विस्तृत जवाब दाखिल कर साक्ष्यों के साथ जोरदार बहस की गई। अधिवक्ता के अनुसार, न्यायालय के समक्ष जब मामले की वास्तविक स्थिति प्रस्तुत की गई तो अदालत ने पाया कि पूर्व में दिए गए स्टे आदेश भ्रामक तथ्यों के आधार पर लिए गए थे। इसके बाद कोर्ट ने सभी 11 मामलों में दिए गए स्टे आदेशों को निरस्त कर दिया। इस निर्णय के बाद क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है।



जानकारी देते अधिवक्ता नलिन जैन।

# वृहद रोजगार मेला मुजफ्फरनगर में 13 को लगेगा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत मुजफ्फरनगर में 13 अप्रैल को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के द्वारा वृहद रोजगार मेले का आयोजन नुमाइश स्थल कैंप मेरठ रोड पर किया जाएगा। मिशन के जिला समन्वयक ने बताया कि इस मेले में देश की 200 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां सहभागिता करेंगी। जो 25,000 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया के माध्यम से चयन करेंगी। इसमें मुरादाबाद, सहारनपुर, अलीगढ़ और मेरठ मंडल के अभ्यर्थी भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी कम से कम कक्षा 8, 10, 12वीं उत्तीर्ण होने के अलावा आईटीआई कौशल विकास मिशन, ग्रेजुएट, बीए, बीएससी उत्तीर्ण को नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। इसके लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष तक हो सकती है।

**कांफ्रेंस** | टीएमयू में इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेंप्रेरी डेंटिस्ट्री पर दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की शुरुआत

# नॉन हीलिंग अल्सर की अनदेखी जीवन के लिए भारी

**कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद**

- अल्सर के सही निदान के लिए बॉयोप्सी और इमेजिंग तकनीकों का उपयोग जरूरी
- टीएमयू में वैश्विक मंच पर आधुनिक दंत चिकित्सा के उभरते रुझानों पर मंथन जारी
- मुंह के छालों के आकार और प्रकृति से लगाया जाता रोग की गंभीरता का अनुमान

**अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से इमर्जिंग ट्रेंड्स इन कंटेंप्रेरी डेंटिस्ट्री पर दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस की शुरुआत शुक्रवार को मलेशिया के हेल्थ मिनिस्ट्री के सुल्तान अब्दुल हलीम अस्पताल में चीफ कंसल्टेंट एंड जानी मानी ओरल मेडिसिन की एक्सपर्ट डॉ. नोराटिखा बिन्ती अवांग हसीम ने की। उन्होंने नॉन हीलिंग अल्सर के बारे में बताया कि अल्सर की अनदेखी से जीवन संकट में आ जाता है। मुंह के छालों के विभिन्न आकार जैसे गोल, अंडाकार एवम् अनियमित हो सकते हैं, जिनकी प्रकृति से रोग की गंभीरता का अनुमान लगाया जाता है। नॉन-हीलिंग अल्सर वे होते हैं, जो सामान्य उपचार के बाद भी 2–3 सप्ताह में ठीक नहीं होते हैं।

डॉ. नोराटिखा ने बताया कि ट्रॉमैटिक, इंफेक्शियस, और प्री कैंसरस अल्सर के प्रमुख प्रकार हैं। इसका कारण तंबाकू सेवन, धूम्रपान, विटामिन की कमी, संक्रमण और लगातार घाव शामिल हैं। इसके सही निदान के लिए बायोप्सी, क्लिनिकल परीक्षण और इमेजिंग तकनीकों का उपयोग किया जाता है। प्रजेंटेंशन के माध्यम से उन्होंने एक मरीज का केस इतिहास भी साझा किया। उपचार में दवाओं के साथ जरूरी होने पर सर्जिकल हस्तक्षेप की भूमिका भी बताई। कहा कि समय पर जांच और इलाज जरूरी है।

आंध्र प्रदेश से आए विष्णु डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एवी रामा राजू ने आधुनिक दंत चिकित्सा एवं भविष्य की डेंटिस्ट्री के परिवर्तन पर एक प्रभावशाली व्याख्यान दिया। डॉ. राम राजू ने बताया कि आधुनिक तकनीकों जैसे डिजिटल डेंटिस्ट्री, थ्री डी इमेजिंग और लेज़र तकनीक के उपयोग से दंत चिकित्सा में क्रांतिकारी बदलाव आया है। उन्होंने भविष्य की डेंटिस्ट्री को अधिक सटीक, तेज़ और मरीज-केंद्रित बताते हुए छात्रों को नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान कांफ्रेंस प्रोसिडिंग का विमोचन किया गया। संचालन वंशिका त्यागी, हृदेश सुरेखा आदि ने किया। कॉन्फ्रेंस में कोठीवाल डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के प्रिंसिपल डॉ. स्वतंत्र अग्रवाल, केडी डेंटल कॉलेज, मथुरा की प्रिंसिपल डॉ. नवप्रीत कौर समेत 20 डेंटल शिक्षाविदों को उत्कृष्टता के लिए विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। कॉन्फ्रेंस में टीएमयू के कुलपति प्रो. वीके जैन, डीन गवर्निंग डॉ. नीलिमा जैन, टीएमयू डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. प्रदीप तांगड़े, वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन मौजूद रहे।

# अस्पताल संचालक पर हमला, तमंचे से झोंका फायर

**मुरादाबाद। अमृत विचार:** थाना मझोला क्षेत्र में एक अस्पताल संचालक पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है।

शुक्रवार को पीड़ित लक्ष्मन सिंह, निवासी गोविंद नगर थाना कटघर ने कटघर पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह स्वास्थ्य विभाग में चल रही अनियमितताओं को लेकर लगातार शिकायतें करते रहे हैं। इसी बीच आठ मार्च को ओमवीर ने उन्हें झांसे में लेकर कहा कि अस्पताल से संबंधित मामला निपटा दिया जाएगा। ओमवीर उन्हें अपने साथ कार में बैठाकर दिल्ली-बरेली हाईवे स्थित एक ढाबे पर ले गया, जहां पहले से मौजूद सुमित, अक्षय, अर्पित और ओमकार सहित अन्य लोगों ने उन पर हमला कर दिया। सुमित्रने पीछे से लात मारकर गिरा दिया, जिसके बाद सभी ने लाठी-डंडों, हाकी और तमंचों से लैस होकर बेरहमी से मारपीट की।

# घर में नकब लगाकर लाखों का सामान समेट ले गए चोर, दी तहरीर

- घर की दीवार पर चोरों ने लगाए थे तीन नकब

**संवाददाता, बबराला**

**अमृत विचार:** धनारी थाना क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। गांव उधरनपुर अजमतनगर में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए दीवार में तीन जगह सेंध लगाकर लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी रणवीर सिंह के घर गुरुवार रात चोर पीछे की दीवार में तीन स्थानों पर नकब लगाकर अंदर घुस गए। इसके बाद चोरों ने घर में रखी सेफ के ताले और लॉकर तोड़ दिए। अलमारी में रखे महिलाओं के सोने-चांदी के जेवरात, करीब एक लाख रुपये की नकदी और पीतल के बर्तन सहित अन्य घरेलू सामान चोरी कर लिया। घटना को अंजाम देने के बाद चोर नकब के रास्ते ही खेतों की ओर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो दीवार में तीन बड़े छेद और बिखरा सामान देखकर सन्न रह गए। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और पुलिस को जानकारी दी गई। थाना धनारी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से फिंगरप्रिंट और अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। पीड़ित रणवीर सिंह ने बताया कि चोरी गई नकदी घर में चल रहे निर्माण कार्य के लिए रखी गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्रों में चोरों की तलाश जारी है।



धनारी के गांव में चोरी के लिए दीवार में लगाया गया नकब व बाहर पड़े कपड़े।

## शहर में आज

- मझोला स्थित नवीन मंडी परिषद में क्रय केंद्र पर गेहूं खरीद सुबह 9 :00 बजे।
- लालबाग स्थित प्राचीन काली माता मंदिर में सायंकालीन आरती 7 :00 बजे।

## सिटी ब्रीफ

### रोडवेज में 250 संविदा चालकों की भर्ती को 20 को रोजगार मेला

मुरादाबाद,अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम मुरादाबाद क्षेत्र में संविदा के आधार पर लगभग 250 चालकों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए 20 अप्रैल को लाजपत नगर में स्थित क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक अनुराग यादव ने बताया कि भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता 8वीं पास निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 23 वर्ष 6 माह तथा अधिकतम आयु 58 वर्ष होनी चाहिए। साथ ही भारी वाहन चलाने का कम से कम दो वर्ष पुराना वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी की न्यूनतम लंबाई 5 फीट 3 इंच रखी गई है। चयनित संविदा चालकों को प्रति किलोमीटर के आधार पर पारिश्रमिक दिया जाएगा। इसके अलावा निर्धारित लक्ष्य पूरा करने पर मासिक अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। लगातार सेवा देने वाले चालकों को ईपीएफ, बीमा, अवकाश और अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। ड्यूटी के दौरान दुर्घटना या मृत्यु की स्थिति में बीमा योजना के तहत आश्रितों को आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। भर्ती प्रक्रिया में पहले ड्राइविंग टेस्ट होगा, जिसमें सफल अभ्यर्थियों को द्वितीय परीक्षण के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड रिसर्च सेंटर, दिल्ली (लोनी) भेजा जाएगा। अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों से अनुबंध करने के बाद उन्हें प्रशिक्षण देकर बस संचालन का कार्य सौंपा जाएगा।

### महिला तस्कर एक किलो चरस के साथ गिरफ्तार

पाकबड़ा,अमृत विचार : सीओ हाईवे ने थाना प्रभारी के साथ पाकबड़ा में छापेमारी की। इसमें लगभग एक किलोग्राम चरस के साथ महिला को पकड़ा। उसके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। सीओ हाईवे राजेश कुमार और थाना प्रभारी योगेश कुमार मावी ने टीम के साथ शनिदेव के मंदिर के पास बड़ा मंदिर पर सीमा पत्नी राजेश कुमार के घर पर छापेमारी की। पुलिस ने सीमा को एक किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि बड़ा मंदिर पर सीमा नाम की एक महिला चरस बेचती है। उसकी तलाश जारी थी।

# कांग्रेसियों ने फूंका असम के मुख्यमंत्री का पुतला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कलेक्ट्रेट पर असम के मुख्यमंत्री का पुतला फूंकते कांग्रेस के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- असम के मुख्यमंत्री द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष और राष्ट्रीय प्रवक्ता पर अशोभनीय टिप्पणी पर भड़के कांग्रेसी, प्रदर्शन कर फूंका पुतला

अमृत विचार: असम के मुख्यमंत्री हेमंत विस्वा सरमा द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के विरुद्ध अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाकर नाराज कांग्रेसियों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर उनका पुतला फूंका।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के आह्वान पर जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट पर संयुक्त रूप से प्रदर्शन कर असम के मुख्यमंत्री का पुतला फूंककर विरोध जताया गया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर ने असम के मुख्यमंत्री के बयान की घोर निंदा की। कहा कि लोकतंत्र की मर्यादा को भाजपा तार-तार कर रही है। महानगर अध्यक्ष जुनैद इकराम ने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे हुए व्यक्ति द्वारा अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल करना लोकतंत्र पर कलंक है। पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं के खिलाफ इस तरह की अशोभनीय भाषा किसी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नफरत की विचारधारा के खिलाफ कांग्रेस हमेशा खड़ी रहेगी। विरोध प्रदर्शन करने वालों में अनुभव महरोत्रा, एडवोकेट अमीरुल हसन जाफरी, अरशद परवेज, एडवोकेट अब्बास, वसीम खान, नजाकत ठेकेदार, कमर सलीम, नदीम उद्दीन कातिब, मो. जुनेद, शमशेर अली, जईम चौधरी, मुशाहिद चौधरी, अजय गोपाल रस्तोगी, सरदार सुखविंदर सिंह, संजू सिंह,अनमोल गुप्ता, अहमद अयाज, अनस अंसारी, दानिश कुरैशी, अनुराग शर्मा, शहजाद खान, शमशेर खान, शरीफ घोसी, सोनी सैफी, महफूज राजा कांग्रेसी शामिल रहे।

## हार्मोन्स के संतुलन के साथ रह सकते हैं जीवन में प्रसन्न

मुरादाबाद अमृत विचार : डॉ. सैमुअल हैनीमैन की 271वीं जयंती पर हैनीमैन चौक पर सुबह माल्यार्पण किया गया। इसके बाद डीएमआर हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें चिकित्सकों ने उनको याद किया। डीएमआर हास्पिटल की निदेशक डॉ. मंजरी राठी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। केजीके होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. एके बर्मन और केजीके होम्योपैकथिक मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मुकेश रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि मनुष्य को प्रसन्न रहने के लिए हार्मोन्स के संतुलन को बनाए रखने लिए व्यावहारिक सूत्र होम्योपैथी परिवार के चिकित्सकों ने साझा किया।


नेहरू युवा केंद्र स्थित मतदान केंद्र पर मतदाता सूची सुनाते बीएलओ। ● अमृत विचार

# जिले में कटे 2.48 लाख मतदाताओं के नाम

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी की मतदाता सूची, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सौंपी सूची


कलेक्ट्रेट सभागार में अंतिम मतदाता सूची जारी करते जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह। ● अमृत विचार


राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची सौंपते जिला निर्वाचन अधिकारी। ● अमृत विचार

**एसआईआर**

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

- विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद जिले में अब 22,11,339 मतदाता पंजीकृत
- इनमें 11,91,155 पुरुष, 10,20,114 महिला और 70 थर्ड जेंडर मतदाता

अमृत विचार: मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में जिले में दो लाख 48 हजार 116 मतदाताओं के नाम कट गए। एसआईआर प्रक्रिया से पहले जिले की सभी छह विधानसभाओं में कुल 24 लाख 59 हजार 455 मतदाता पंजीकृत थे। एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद शुक्रवार को जारी अंतिम मतदाता सूची में अब जिले में 22,11,339 मतदाता रह गए हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से पहले जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 24,59,455 मतदाता थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एसआईआर प्रक्रिया के समापन पर अंतिम रूप से मतदाता सूची जारी कर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की एक-एक प्रति वितरित की। उनसे प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। सभी ने इस पर संतुष्टि जताई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले में पिछले साल अक्टूबर में शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जब 6 जनवरी 2026 को निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य (ड्राफ्ट) प्रकाशित किया गया तो जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 20,71,844 रह गई। हालांकि इसके बाद निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बढ़ी समयावधि में अनमैप्ड मतदाताओं को नोटिस जारी कर सुनवाई की गई और इसी बीच मतदाताओं से फार्म-6, फार्म 7 और 8 भरवाकर प्रक्रिया बढ़ाई गई तो इसके पूरा होने के बाद अब अंतिम रूप से जारी मतदाता सूची में सभी छह विधानसभाओं को मिलाकर जिले में कुल 22,11,339 मतदाता हो गए हैं। उन्होंने बताया कि आलेख्य प्रकाशन के बाद की प्रक्रिया के बाद मतदाताओं की संख्या में 1,39,495 का इजाफा हो गया। जिले के कुल मतदाताओं में 11,91,155 पुरुष, 10,20,114 महिला और 70 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। अंतिम मतदाता सूची जारी करने के दौरान सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, कुंदरकी के पूर्व विधायक हाजी रिजवान, महेंद्र कुमार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर, आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता शाने आलम, भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### अंतिम मतदाता सूची में विधानसभावार स्थिति

| विधानसभा | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | थर्ड जेंडर | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|---|
| कांठ | 1,96,137 | 1,66,198 | 9 | 3,62,344 |
| ठाकुरद्वारा | 1,90,989 | 1,64,130 | 1 | 3,55,120 |
| मुरादाबाद ग्रामीण | 1,71,581 | 1,47,893 | 6 | 3,19,480 |
| मुरादाबाद नगर | 2,49,377 | 2,21,916 | 34 | 4,71,327 |
| कुंदरकी | 1,81,299 | 1,52,574 | 9 | 3,33,882 |
| कुल | 11,91,155 | 10,20,114 | 70 | 22,11,339 |

# आलेख्य प्रकाशन के बाद अभियान में बढ़े 1,39,495 मतदाता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आलेख्य में सूची में थे 20,71,844 मतदाता, अंतिम सूची में हुए 22,11,339
- प्रक्रिया में कई बीएलओ की जान गई, कार्य का दबाव बताया गया कारण

अमृत विचार: मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में कई रंग देखने को मिले। अक्टूबर में शुरू हुई प्रक्रिया 10 अप्रैल तक चली।

शुरुआती प्रक्रिया के बाद 1 जनवरी 2026 को प्रकाशित आलेख्य में जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 20,71,844 जारी की गई, जबकि एसआईआर के पहले जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 24,59,455 थी। इसके बाद 6 जनवरी से लेकिन 27 मार्च तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की गईं। निर्वाचन आयोग द्वारा समय बढ़ाने का लाभ भी मिला। आलेख्य प्रकाशन में अनमैप्ड चिह्नित किए गए करीब पौने दो लाख मतदाताओं को नोटिस जारी कर उनके अभिलेखीय साक्ष्य मांगे गए। इस बीच नये मतदाता बनने के लिए फार्म 6 भी भरवाए गए। आफलाइन और आनलाइन दोनों प्रक्रिया के बीच आखिरी तस्वीर जो उभरी उसमें आलेख्य प्रकाशन के बाद कुल 1,39,495 मतदाता बढ़े जिससे अंतिम रूप से कुल मतदाताओं की संख्या 22,11,339 हो गई। प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार प्रक्रिया में 50 हजार से अधिक मृत मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए। जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले अर्ह नागरिकों से नये मतदाता बनने को आवेदन लिए जाएंगे।

### बूथों पर पहुंचकर मतदाताओं ने देखी मतदाता सूची

मुरादाबाद : निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद जारी अंतिम मतदाता सूची को देखने के लिए बूथों पर मतदाता पहुंचे। महानगर के सभी बूथों पर बीएलओ के माध्यम से नई वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया गया। मतदाताओं ने बूथों पर पहुंचकर बीएलओ से संपर्क कर नई वोटर लिस्ट में अपना नाम व अन्य विवरण चेक किया। दीनदयाल नगर स्थित युवा केंद्र भवन बूथ पर सुपरवाइजर जयप्रकाश कश्यप, बीएलओ आभा रस्तोगी, छवि अरोरा, प्रीत सिंह, निशी, ऋतु रस्तोगी, रूपाली वर्मा ने मतदाताओं को सूची पढ़कर सुनाया और उसको दिखाया। इस दौरान धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, राजीव गुप्ता, निर्वेश भटनागर, अनूप महरोत्रा, विजय वर्मा, प्रवीण वोहरा, अजय गुप्ता ने मतदाता सूची देखी।

### विधानसभावार फार्म 6 मिलने व स्वीकृत करने की स्थिति

| विधानसभा | फार्म 6 प्राप्त | स्वीकृत |
|---|---|---|
| कांठ | 27,254 | 21,894 |
| ठाकुरद्वारा | 21,208 | 20,524 |
| मुरादाबाद ग्रामीण | 25,034 | 19,216 |
| मुरादाबाद नगर | 45,203 | 43,075 |
| कुंदरकी | 25,487 | 24,001 |
| बिलारी | 23,634 | 22,803 |

# जम्मू व मुरादाबाद में होगी खिताबी भिड़ंत

- सेमीफाइनल में जम्मू मंडल ने रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला को और मुरादाबाद ने दिल्ली को हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



अंतरमंडलीय रेलवे सुरक्षा बल क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ी को पुरस्कृत करते अतिथि।

अमृत विचार: रेलवे स्टेडियम में खेली जा रही अंतरमंडलीय रेलवे सुरक्षा बल क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को दो सेमीफाइनल मैच खेले गए। पहले सेमीफाइनल में जम्मू मंडल ने रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

पहले सेमीफाइनल मैच में जम्मू की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जम्मू ने एक विकेट के नुकसान पर 200 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला ने 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर सिर्फ 181 रन ही बना सकी। इस प्रकार जम्मू मंडल ने 19 रन से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। मैन आफ द मैच प्रदीप भाटी रहे। जिन्होंने बल्लेबाजी में 105 रन और गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में दो विकेट झटके।

वहीं दूसरे सेमीफाइनल में दिल्ली और मुरादाबाद के बीच मुकाबला हुआ। इस मैच का उद्घाटन सहायक सुरक्षा आयुक्त मुरादाबाद मोहम्मद असलम ने किया। दिल्ली ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाए। इसके जवाब में मुरादाबाद की टीम ने 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 185 रन बनाकर मैच आठ विकेट से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। मैन आफ द मैच कमल कुमार रहे। जिन्होंने 61 गेंद में 85 रन की शानदार पारी खेली। साथ ही दो विकेट भी हासिल किया। फाइनल में जम्मू मंडल व मुरादाबाद के बीच खिताबी भिड़ंत होगी।

## रेलवे ने चलाई कई और ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियां

मुरादाबाद, अमृत विचार: उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल से होकर संचालित की जाने वाली ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों से रेल यात्रियों को सहूलियत होगी। रेल प्रशासन ने कुछ और गाड़ियों को इसमें शामिल किया है। मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि गाड़ी संख्या 04620-04619 विशेष ग्रीष्मकालीन 18 अप्रैल से 23 मई और 20 अप्रैल से 25 मई तक मुरादाबाद रेल मंडल के सहारनपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद, रुड़की होकर संचालित होगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 04086-04085 आरक्षित विशेष गाड़ी में एसी स्लीपर व सामान्य कोच के साथ संचालित होगी। यह गाड़ी 14 और 16 अप्रैल को एक फेरा संचालित होगी।

# पुरानी पेंशन बहाली को शिक्षकों ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद।


धरने पर बैठे शिक्षकों को मांगों को लेकर आश्वासन देते डीआईओएस। ● अमृत विचार

- शिक्षक संघ ने डीआईओएस कार्यालय पर धरना देकर लंबित मांगें उठाईं
- मांगों पर शीघ्र विचार न किए जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर जनपद इकाई ने शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इसमें शिक्षकों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और मांग पूरी न करने पर शिक्षक संघ की ओर से व्यापक आंदोलन की चेतावनी भी पदाधिकारियों ने दी।

वक्ताओं ने कहा कि संगठन लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से सरकार का ध्यान आकृष्ट कर रहा है। पेंशन किसी भी शिक्षक व कर्मचारी के बुढ़ापे का सहारा होती है और इसके अभाव में भविष्य को लेकर असुरक्षा बनी रहती है। शिक्षकों ने पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, एनपीएस से संबंधित कटौतियों का सही समायोजन करने तथा चयनित शिक्षकों को जीपीएफ का लाभ देने की मांग प्रमुख रूप से उठाई। इसके साथ ही वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षकों के लिए सेवा नियमावली बनाने और सम्मानजनक मानदेय देने की भी मांग की गई। धरने में अन्य स्थानीय समस्याएं भी प्रमुखता से उठाईं गईं, जिनमें विद्यालयों में उपप्रधानाचार्य पद सृजित करना, परीक्षाओं के पारिश्रमिक का शीघ्र भुगतान, पाठ्यपुस्तकों की आपूर्ति सुनिश्चित करना तथा जनगणना ड्यूटी में महिला शिक्षकों को छूट देने की मांग शामिल रही। इसके अलावा कुछ विशिष्ट मामलों को भी उठाया गया।

शिक्षक संघ ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष डॉ पुष्पेंद्र सिंह, जिला महामंत्री शमशाद हुसैन, जितेंद्र प्रताप सिंह, विमलेन्द्र कुमार शर्मा, हरिशंकर भारती, राजपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, गिर्राज सिंह, अमित दयाल, वीर सिंह, वंश बहादुर, रविंद्र, अभय कुमार गुप्ता, मेजर इमरान, नासिर हुसैन, आमिर जान, हैदर अली, मंजूर हुसैन, फुरकान उस्मानी, साकिर हुसैन, गौतम यादव, अर्जुन सिंह, डॉक्टर प्रवीण कुमार, सलिल मोहन, शकील मोहम्मद, मुनव्वर, सचिन चौधरी, रेखा रानी, खुशबू चौधरी, अंशु रानी, कुसुम, मंजू तिवारी मौजूद रहे।

# कार के किराये के विवाद में युवक को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मझोला थाना क्षेत्र के गांव डिडौरी निवासी अपने चचेरे भाई के साथ चंदन नगर अरकान के कार सेंटर पर कार बुक करने आए युवक पर कार सेंटर संचालक के लोगों का पूर्व से चल रहे विवाद में फायरिंग कर दी। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की ओर से थाना सिविल लाइन में तहरीर दी गई है।

बीए का छात्र मुकुल चौधरी पुत्र संजीव निवासी गांव डिडौरी थाना मझोला अपने चचेरे भाई उमंग के साथ चंदन नगर में अरकान के कार सेंटर पर कार बुक कराने गुरुवार रात आया था। मुकुल चौधरी के चचेरे भाई उमंग पर कार सेंटर संचालक अरकान का पूर्व में किराये के पैसे को लेकर विवाद चल रहा था। इसे लेकर दोनों के बीच कई बार फोन पर गाली गलौज भी हुई थी। अपने तहेरे भाई के लिए कार बुक कराने आए उमंग को देखते ही कार सेंटर के लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। चंदन नगर बाल्मीकि बस्ती के पास जान बचाकर भाग रहे उमंग और मुकुल पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। मुकुल चौधरी गोली लगने से घायल हो गया हालांकि उमंग वहां से जान बचाकर भाग निकला। मुकुल चौधरी अपने गांव पहुंचा जहां उसने गांव के झोलाछाप से उपचार कराया है।

मुकुल ने थाना सिविल लाइन पुलिस में शुक्रवार को घटना की लेकर तहरीर दी है। पुलिस ने घायल का मेडिकल प्रशिक्षण कराने के लिए जिला अस्पताल भेजा है। सिविल लाइन कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि घटना 24 घंटे पुरानी है। पीड़ित की तहरीर पर उसका मेडिकल जांच कराया गया है। जांच पूरी कर आगे की कारवाई की जाएगी।

**आंबेडकर जयंती** | ग्राम पंचायतों और आंबेडकर पार्कों में लगी प्रतिमाओं की 13 अप्रैल तक करानी है साफ-सफाई

# आयोजनों के लिए नोडल अधिकारी किए गए नामित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर।

- जिलाधिकारी ने 39 जिला स्तरीय अधिकारियों की लगाई ड्यूटी कार्यक्रमों में भी करेंगे शिरकत

अमृत विचार : भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती इस बार 14 अप्रैल को समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। ग्राम पंचायतों के अलावा आंबेडकर पार्क में स्थापित उनकी प्रतिमाओं की सफाई और पेंटिंग आदि का कार्य 13 अप्रैल तक पूरा कराना है। जिलाधिकारी ने कार्यक्रमों को भव्यता के साथ मनाने के लिए 39 जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई है।

शासन ने 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर को भव्य आयोजन के साथ मनाने का निर्देश दिया है। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने इसके लिए 39 जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल नामित कर क्षेत्र आवंटित कर दिया है। यह सभी अधिकारी अपने क्षेत्रों में ग्राम पंचायत व आंबेडकर पार्कों में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा की सफाई, रंगाई, पुताई कराने के अलावा 14 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम में स्वयं भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम और उसमें स्वयं की उपस्थिति की फोटोग्राफ आख्या सहित रिपोर्ट जिलाधिकारी को देनी होगी। अनुपस्थित अधिकारियों के खिलाफ जिलाधिकारी ने कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है।

### इन अधिकारियों की लगी है ड्यूटी

जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय विकास दल अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला कृषि अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, सहायक आयुक्त हथकरघा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, सहायक अभियंता लघु सिंचाई सहित 39 अधिकारियों को जिलाधिकारी ने नोडल नामित किया है।

### नगर निगम भव्यता से मनाएगा बाबा साहब की जयंती

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस बार 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती जिले में भव्यता से मनाई जाएगी। जिला प्रशासन के अलावा नगर निगम भी इसके लिए तत्पर है। नगर निगम के द्वारा संविधान साहित्य वाटिका में बने "प्रस्तावना पुस्तक" स्थल पर साउंड एंड लाइट शो कराया जाएगा। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल का कहना है कि यह कार्यक्रम नई पीढ़ी को संविधान के मूल्यों से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम साबित होगा। नगर आयुक्त का कहना है कि निगम प्रशासन डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को यादगार बनाएगा।

# बेसिक स्कूलों में नहीं पहुंचीं किताबें, इंतजार बरकरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कक्षा 8 के छात्रों को अभी तक नहीं उपलब्ध हुई एक भी किताब

अमृत विचार : जिले के बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में नए शैक्षिक सत्र के शुरू होने के बावजूद अभी तक छात्रों को पाठ्यपुस्तकें नहीं मिल सकी हैं। कक्षा 8 के विद्यार्थियों को अब तक एक भी किताब उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

डिलारी ब्लॉक के कक्षा 1 से 5 तक के स्कूलों में शुक्रवार को अधूरी किताबें देखने को मिलीं। छजलैट ब्लॉक के किसी विद्यालय में केवल दो किताबें मिली हैं तो कहीं तीन, जिससे छात्रों और शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि किताबों की आपूर्ति का कार्य संबंधित संस्था द्वारा बीआरसी (ब्लॉक रिसोर्स सेंटर) तक ही किया जा रहा है, लेकिन वहां से स्कूलों तक वितरण में लापरवाही बरती जा रही है। किताबों को स्कूलों तक पहुंचाने वाली कार्यदायी संस्था टेंडर की नियम शर्तों के मुताबिक विद्यालय तक न पहुंचा कर बीआरसी केंद्र तक पहुंचा रहा है, जबकि विद्यालय तक पहुंचाने का टेंडर अनुबंध हुआ।

शिक्षकों ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि बिना किताबों के पढ़ाई कराना मुश्किल हो रहा है, वहीं अभिभावकों में भी नाराजगी बढ़ती जा रही है। समय पर किताबें न मिलने से बच्चों की पढ़ाई पिछड़ रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सभी कक्षाओं के छात्रों को पूरी किताबें उपलब्ध कराई जाएं, जिससे शैक्षिक सत्र सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## ब्रीफ न्यूज

### माहेश्वरी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 23 को

कांठ, अमृत विचार : नगर के प्रसिद्ध माहेश्वरी शिव मंदिर में 23 अप्रैल को राम दरबार स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया है। यह जानकारी शुक्रवार की देर शाम वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी एवं किराना व्यापारी राकेश माहेश्वरी ने देते हुए बताया कि माहेश्वरी शिव मंदिर में राम दरबार की भव्य मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया है 23 अप्रैल 2026, गुरुवार प्राण प्रतिष्ठा प्रातः 9 :00 बजे, महाप्रसाद दोपहर 12 बजे प्रारंभ होगा। उन्होंने सभी धर्म प्रेमी लोगों से कार्यक्रम में पहुंचकर सफल बनाने की अपील की है।

### किसानों से संतुलित उर्वरक प्रयोग पर जोर

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : ग्राम मलपुरा में कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को संतुलित उर्वरक प्रयोग के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से होने वाले नुकसान के प्रति सचेत करते हुए वैज्ञानिक तरीके से खेती अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। पादप सुरक्षा वैज्ञानिक दीपक कुमार ने कहा कि संतुलित उर्वरक प्रयोग से न केवल खेती की लागत कम होती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी लंबे समय तक बनी रहती है। वहीं फास्फेटिक उर्वरकों का प्रयोग जुताई के समय ही करने की सलाह दी। बताया कि नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश का संतुलित अनुपात फसल की गुणवत्ता और उत्पादन पर सीधा प्रभाव डालता है। बुवाई से पहले मिट्टी परीक्षण कराने की सलाह दी। कार्यक्रम में ज्ञानचंद, रेशमा, लक्ष्मी सहित लगभग 20 किसान व कृषक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में पुष्पराज यादव और दिनेश कुमार का विशेष सहयोग रहा।

### पति समेत तीन पर दहेज हत्या के प्रयास का मुकदमा

कांठ, अमृत विचार : थाना छजलैट क्षेत्र की एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न, मारपीट व हत्या के प्रयास के आरोप में पति, ससुर और ननद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता रचना चौधरी निवासी ग्राम खानपुर मुजफ्फरपुर ने आरोप लगाया कि उसकी शादी 7 मार्च 2024 को मेरठ निवासी अभिषेक चाहल के साथ हुई थी। शादी में परिजनों द्वारा नगद व जेवर सहित लाखों रुपये खर्च किए गए थे। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी गई और उसे लगातार मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता के अनुसार, ससुराल पक्ष द्वारा कई बार पैसों की मांग की गई, जिस पर उसने अपने खाते से रुपये भी ट्रांसफर किए। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की गई और कई बार घर से निकाल दिया गया। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि 2 अप्रैल 2026 को मेरठ में ससुराल पक्ष ने उसके साथ मारपीट करते हुए गला दबाकर हत्या का प्रयास किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बाद में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पति अभिषेक चाहल, ससुर होमपाल चाहल और ननद पारुल निवासी गंगानगर, मेरठ के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नेपा फैक्ट्री भूमि में भीषण आग, दर्जनों किसानों की गेहूं फसल जलकर राख

## आग लगने से मची अफरा-तफरी, तेज हवा की वजह से लपटें चारों तरफ फैलीं



अलीगंज बुढानपुर नेपा फैक्ट्री की भूमि में किसानों की फसल में लगी आग बुझाते ग्रामीण।

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : क्षेत्र के अलीगंज-बुरहानपुर स्थित नेपा फैक्ट्री की भूमि में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब खड़ी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तेज हवा के कारण लपटें तेजी से फैलती चली गईं, जिससे आसपास के खेतों में खड़ी फसल भी चपेट में आ गई। आग की इस घटना में दर्जनों किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया और उनकी खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन आग की तीव्रता के आगे उनके प्रयास नाकाफी साबित हुए। सूचना पर दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कई किसानों की फसल पूरी तरह जल चुकी थी, लेकिन समय रहते कार्रवाई होने से आसपास के अन्य खेतों में खड़ी फसल को बचा लिया। क्षेत्र के किसानों में भारी रोष और चिंता है। किसानों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है। वहीं, आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है, जिसकी जांच की जा रही है।

### खेत में लगी आग से गेहूं और पेड़ जले, मचा हड़कंप

संवाददाता, ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम फरीदनगर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब आबादी के पास स्थित जबरुद्दीन के गेहूं के कटे खेत के नलवे में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और खेत की मेंढ़ के साथ-साथ उनके बड़े भाई बजरुद्दीन के खेत की मेंढ़ पर खड़े कई दर्जन यूकेलिप्टिस के पेड़ भी झुलस गए। आग की लपटें पास के खेत तक भी पहुंच गईं, जिससे पड़ोसी खलील अहमद के कटे हुए गेहूं की लगभग 20 पूलियां जलकर राख हो गईं। इसके अलावा हाल ही में लगाए गए करीब 15 पॉपुलर के पेड़ भी आग की चपेट में आकर झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही फरीदनगर निवासी हाजी शराफत चौधरी ने अपने भाई और ठाकुरद्वारा नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शमीम चौधरी को अवगत कराया। शमीम चौधरी ने तुरंत फायर ब्रिगेड और डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया। इससे पहले गांव में आग की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। मौके पर मौजूद वसीम अहमद, मोहम्मद नाजिम, कसीम उर्फ भूरा, महमूद हसन मंत्री, रियासत हुसैन, तहसीन रजा, अली हसन, रईस अहमद, रिजवान, मोहम्मद हनीफ सहित दर्जनों ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाने में अहम भूमिका निभाई। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

## नियुक्ति विवाद पर शिक्षक ने डीआईओएस से लगाई गुहार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : जनता इंटर कॉलेज गोपीवाला (कालेवाला) में कार्यरत एक अंग्रेजी प्रवक्ता ने अपनी नियुक्ति और सेवा से जुड़े विवाद को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

शिक्षक ने आरोप लगाया है कि बिना स्पष्ट आधार के उन्हें सेवा से हटाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि नियुक्ति पत्र में इस प्रकार की कोई शर्त दर्ज नहीं है। शिकायती पत्र में बताया कि वह वर्ष 2005 से विद्यालय में निरंतर सेवाएं दे रहे हैं और वर्तमान सत्र 2026-27 में भी नियमित विद्यालय में शिक्षण कार्य कर रहे हैं।

इसके बावजूद उपस्थिति दर्ज नहीं की जा रही है और प्रबंधन की ओर से दबाव बनाया जा रहा है। आरोप लगाया कि विद्यालय प्रशासन पुलिस के माध्यम से कार्रवाई कराने की धमकी दे रहा है। जनवरी, फरवरी और मार्च का बकाया वेतन भी नहीं दिया है। मांग की है कि 12 मार्च 2026 को जारी नोटिस को निरस्त किया जाए, उनकी उपस्थिति दर्ज कराई जाए और लंबित वेतन का भुगतान तत्काल किया जाए। जल्द समाधान नहीं हुआ तो वह छात्रों के साथ आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# आंबेडकर जयंती पर न शुरू करें नई परंपरा



कोतवाली परिसर में आयोजित अमन कमेटी की बैठक में बोलते वक्ता।

- डिप्टी एसपी आशीष प्रताप सिंह ने कहा शांतिपूर्वक मनाएं कार्यक्रम

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : आंबेडकर जयंती को लेकर कोतवाली परिसर में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डिप्टी एसपी आशीष प्रताप सिंह ने की। बैठक में डिप्टी एसपी ने स्पष्ट कहा कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू न की जाए। जो कार्यक्रम पूर्व से आयोजित होते चले आ रहे हैं, उन्हीं के अनुसार ही आयोजन किए जाएं। उन्होंने सभी से अपील की कि आंबेडकर जयंती को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक मनाएं। यदि किसी भी प्रकार की छोटी-बड़ी घटना की आशंका हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते स्थिति को नियंत्रित किया जा सके।

कहा कि अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत प्रशासन को सूचना देने की भी अपील की। कहा कि सभी की जिम्मेदारी बनती है कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस प्रशासन त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। इस दौरान डीजे संचालकों से सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा पुलिस का सहयोग करने की अपील की। बैठक में प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार, वरिष्ठ उप निरीक्षक विजेंद्र सिंह, यशवीर सिंह व बसपा जिला सचिव डॉ. रामपाल गौतम, खैरुल्लापुर के पूर्व प्रधान राजकुमार ईश्वर सिंह, सागर, रोहित सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# किसान के पालतू कुत्ते पर तेंदुए का हमला

- ग्रामीणों ने पीछा करके कुत्ते को तेंदुआ से छुड़वाया, दहशत
- वन विभाग की टीम ने गांव पहुंच लोगों को किया जागरूक

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



ठाकुरद्वारा के गांव फौलादपुर में ग्रामीणों को जागरूक करते विभाग की टीम।

अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम फौलादपुर में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार रात करीब 8 बजे खेत में गेहूं की गहाई कर रहे किसान ग्रन्थ सिंह के पालतू कुत्ते पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया।

बताया जाता है कि कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनकर ग्रन्थ सिंह ने देखा कि तेंदुआ उसे उठाकर ले जा रहा है। इस पर उन्होंने शोर मचाते हुए लाठी-डंडे लेकर उसका पीछा किया, जिससे घबराकर तेंदुआ कुत्ते को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। हमले में कुत्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के अनुसार, देर रात तेंदुआ प्रेम सिंह के मकान की टिन शेड पर भी देखा गया, जिससे लोगों में भय और बढ़ गया।

आबादी क्षेत्र में तेंदुए की बढ़ती गतिविधियों को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने बताया कि राजा सिंह के पालतू कुत्ते पर हमले की पुष्टि हुई है। वन विभाग ने ग्रामीणों को तेंदुए से बचाव संबंधी जानकारी देकर पंफलेट वितरित किए और क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है। ग्राम प्रधान रहीस अहमद ने वन विभाग से जल्द पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों को रात के समय खेतों और जंगल की ओर न जाने की सलाह दी है।

## बिना पहचान पत्र के नहीं होगी गेहूं की खरीद

कांठ,अमृत विचार : उत्तर प्रदेश शासन और खाद्य एवं रसद विभाग के निर्देशों के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं बेचने के लिए किसान पहचान पत्र (फार्मर आइडी) अनिवार्य कर दिया गया है।

निर्देश हैं कि सरकारी क्रय केंद्रों पर केवल उन्हीं किसानों से खरीद होगी, जिनके पास वैध फार्मर आइडी होगी।जिला खाद्य विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा ने बताया कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए छह अप्रैल से 15 अप्रैल तक फार्मर आइडी बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत छूटे हुए किसानों के फार्मर आइडी बनाई जा रही है। किसानों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी कृषि विभाग, राजस्व विभाग के शिविर में पहुंचकर पंजीकरण कराएं।

# करंट लगने से बैल की मौत, मजदूर घायल

- विधायक फहीम इरफान ने मौके पर पहुंचकर जाना हालचाल

संवाददाता, बिलारी



घटनास्थल पर घायल के परिजनों से बात करते सपा विधायक फ़हीम इरफ़ान।

अमृत विचार: क्षेत्र के ग्राम रुस्तम नगर सहसपुर के मोहल्ला गढ़ी में शुक्रवार सुबह मजदूरी के लिए जा रहे मजदूर की बैलगाड़ी में करंट लग गया । जिससे बैल की मौके पर मौत हो गई। और मजदूर घायल हो गया सूचना पर सपा विधायक हाजी मो. फहीम इरफान भी मौके पर पहुंचे। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने पाया गया कि ट्यूबवेल पर ट्रांसफार्मर के तार लकड़ी के बांसों के सहारे लटकाए गए थे, जो स्पष्ट रूप से लापरवाही को दर्शाता है। विधायक इरफान ने मौके से ही विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। एक्सईएन अमरीश कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। विधायक ने मृतक बैल के मालिक को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। एक्सईएन अमरीश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया लापरवाही सामने आई है, जिस पर संबंधित जेई के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, दो दिन के भीतर सभी ढीले और टूटे तारों को सही तरीके से खंभों पर व्यवस्थित करने का निर्देश दिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में अनेक स्थानों पर पहले भी इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे विद्युत विभाग के प्रति नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई और स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार के हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

# बूथों पर किया अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन



अंतिम मतदाता सूची के साथ खड़े बीएलओ। ● अमृत विचार



मतदाता सूची की समीक्षा करते बीएलओ व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार : एसआईआर संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत रुस्तम नगर सहसपुर में अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। यह प्रकाशन संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अपने-अपने बूथों पर किया गया। जिससे आम मतदाताओं को अपने नामों की जांच और जानकारी प्राप्त हो सके।

इस दौरान सुपरवाइजर नीरज कुमार शर्मा की देखरेख में सभी बीएलओ ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए मतदाता सूची को सार्वजनिक किया और उपस्थित ग्रामीणों को सूची के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

कार्यक्रम में बीएलओ मधु शर्मा, कविता, गुलअफशा, मृदुल अग्रवाल, सुमित, मोहम्मद शमी, अनिल बिश्नोई, सुनीता सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर मतदाता सूची के प्रकाशन की प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराया। इस अवसर पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और किसी भी त्रुटि के सुधार के संबंध में भी जागरूक किया गया। अधिकारियों ने बताया कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए मतदाता सूची का सही और अद्यतन होना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीणों ने अपने नामों का सत्यापन किया और निर्वाचन आयोग के अभियान को लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण बताया।

### आवीहफीजपुर में हुई मतदाता सूची की समीक्षा

संवाददाता, कांठ, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम आवीहफीजपुर में भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी की गई नयी वोटर लिस्ट की समीक्षा की गई। इस दौरान बूथ संख्या 150, पर बीएलओ नीरा चाहल ने ओर बूथ संख्या 151 पर बीएलओ दीपा रानी के द्वारा पढ़कर सुनायी गई मतदाताओं ने वोटर लिस्ट में अपने नाम देखकर संतुष्टि की। इस अवसर पर भाजपा नेता डा अंगद सिंह चौहान, लोकेन्द्र सिंह ग्राम प्रधान, नीलम देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सुखवीर सिंह सहायक अध्यापक, विपिन कुमार, सेवाराम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मिलक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों की हुई बैठक

मिलक, अमृत विचार: शुक्रवार को विकासखंड मिलक के परिसर में क्षेत्र पंचायत व ग्राम प्रधान मिलक की बैठक हुई। जिसमें ब्लाक प्रमुख अर्चना गंगवार की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक का संचालन खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार के द्वारा किया गया। बैठक में विकासखंड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी इत्यादि के द्वारा बैठक में शामिल हुए। बैठक में अधिकारी कर्मचारियों बीडीसी ग्राम प्रधानों ने समस्या रखी। ब्लॉक प्रमुख अर्चना गंगवार ने संबंधित को दिशा निर्देश दिए। क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा ग्राम प्रधानों ने अपने प्रस्ताव दिए। इस दौरान सीडीपीओ यासमीन बेगम, शुभांक प्रकाश गंगवार, सेक्रेटरी प्रवेश कुमार, महिपाल सिंह यादव, सरदार मनप्रीत सिंह, लीलाधर, जसविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने किया ग्राम चौपाल का आयोजन



इमरतपुर फखरुद्दीन में ग्राम चौपाल का फीताकाटकर शुभारंभ करते विधायक रामवीर सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम इमरतपुर फखरुद्दीन में शासन निर्देश पर ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ। विभागीय अधिकारियों ने समाज कल्याण, पूर्ति, शिक्षा, विद्युत, स्वास्थ्य, राजस्व, महिला-बाल कल्याण, कृषि व पंचायती राज की योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने चौपाल का शुभारंभ कर कहा कि केंद्र-प्रदेश सरकार की सभी लाभकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचना चाहिए। अधिकारियों से अपील की कि जन समस्याओं का संवेदनशीलता से निस्तारण करें। गांव की समस्या, गांव में समाधान के सिद्धांत पर ग्राम स्तर पर ही हल निकालने को कहा। चौपाल में बबली का राशन कार्ड अपडेट किया गया। वाजिद व मोहम्मद हुसैन की फॉर्मर रजिस्ट्री व मिथुन कुमार का शौचालय आवेदन दर्ज हुआ। ग्रामीणों ने योजना की सराहना की। कुंदरकी विधानसभा के वीरपुर वरियर व सिरसा इनायतपुर में भी ठाकुर रामवीर सिंह ने ग्राम चौपाल शुरू किए। बीडीओ राजेंद्र सिंह, पूर्ति निरीक्षक शैलेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार अभिनय सिंह, ग्राम प्रधान दिलशाद हुसैन सहित अधिकारी मौजूद रहे।

## सिटी डायरी



### एक किलो 100 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

संवाददाता, कांठ, अमृत विचार : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कांठ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 1 किलो 100 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को पुलिस टीम ने नौमान पुत्र रियासत निवासी मोहल्ला पछइयान, उमरी कलां को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 1 किलो 100 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया। थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने पुलिस टीम की इस सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि आगे भी इसी प्रकार सख्ती के साथ अभियान जारी रहेगा और क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।



### भाकियू ने किसानों की समस्याओं पर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के बैनर तले ब्लॉक सभागार में किसानों की समस्याओं को लेकर एक पंचायत आयोजित की गई। जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। पंचायत में किसानों ने प्रमुख रूप से गेहूं क्रय केंद्रों पर अव्यवस्थाओं को उठाया। किसानों का कहना था कि कई केंद्रों पर अभी तक बोरे उपलब्ध नहीं हैं, जिसके चलते उन्हें मजबूरी में अपना गेहूं सस्ते दामों पर बेचना पड़ रहा है। किसानों ने मांग की कि सभी गेहूं क्रय केंद्रों को तत्काल प्रभाव से सुचारू रूप से चालू कराया जाए और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इसके अलावा बेमौसम बारिश और आंधी से बर्बाद हुई गेहूं की फसल का उचित मुआवजा दिलाने की मांग भी उठाई गई। किसानों ने कहा कि फसल खराब होने से उन्हें भारी नुकसान हुआ है, ऐसे में सरकार को जल्द राहत प्रदान करनी चाहिए। पंचायत में बिजली बिलों में गड़बड़ी का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया गया। किसानों ने मांग की कि विद्युत विभाग द्वारा विशेष बिल सुधार अभियान चलाकर गलत बिलों को ठीक कराया जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।



### अखिलेश यादव से मिले सपा जिला महासचिव फुरकान अली

संवाददाता, कांठ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव फुरकान अली ने लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। मुलाकात के दौरान अखिलेश यादव ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पीडीए समाज एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को मजबूत कर रहा है, आने वाले चुनाव में भाजपा को हराने के लिए तैयार है। उन्होंने विश्वास जताया कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी। इस अवसर पर फुरकान अली ने अपने पुत्र मुनाफ अली की भी अखिलेश यादव से मुलाकात कराई।



### अजीज ग्लोबल एकेडमी का फीता काटकर शुभारंभ

भगतपुर, अमृत विचार। क्षेत्र के गांव भतगवा बिसौली रोड पर स्थित अजीज ग्लोबल एकेडमी का प्रधान अशोक कुमार गुप्ता एवं भाजपा समर्थक मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यवाहक अल्पसंख्यक मोर्चा के नवाब जान मसूदी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। सभी ने संस्थापक मोहम्मद अली को फूल मालाएं पहनाकर शिक्षा जगत के इस कार्य की हौशला अफजाई की। इस दौरान डॉ रमजानी, शकील अहमद, हनीफ़ अली, प्रधान यासीन अली, पूर्व प्रधान रहमत अली, अकबर अली गाजी, पूर्व प्रधान बब्बन अली, ताहिर प्रधान, अल्ताफ हुसैन, सगीर अहमद, डॉ अमानत अली, समाज सेवी एहसान अली, डॉ मतलूब हुसैन मोहम्मद गुलाम, चन्द्र पाल सिंह, हाजी हारून अली, देवेन्द्र कुमार, जहूर हुसैन, सनाविल अली, फैजान अली, थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा एवं स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

## सूचना

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2021 अनुक्रमांक 210615600 का प्रमाण पत्र- सह-अंक पत्र खो गया है। तेज बहादुर यादव पुत्र धीरेंद्र सिंह केयर ऑफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद।

## सम्बन्ध विच्छेद

मैं अविवाहित हूं मैंने अपने सगे तीन भाइयों नबाव, सलमान व नजिम पुत्र रियासत तीनों की पत्नियों, इनके परिवार के गलत कृत्य व दुर्व्यवहार के कारण रजिस्टर्ड संबंध विच्छेद कर लिये है। इनका और मेरा भविष्य में घटित घटनाओं से कोई लेना-देना नहीं है । अली जान पुत्र रियासत निवासी मोहल्ला फरीदी स्कूल नई बस्ती थाना व तहसील नौगांवा सादात, जिला अमरोहा।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### फाउंडेशन ने एकजुटता का अभियान चलाया

**रामपुर, अमृत विचार :** रामपुर की संस्था सर्व सहयोग एक आस फाउंडेशन ने शिक्षा के नाम पर अभिभावकों से लूट का विरोध करते हुए अभियान चलाया है। निजी स्कूलों ने पढ़ाई को व्यापार और बच्चों को मुनाफे का जरिया बना लिया है। जिस तरह से आपकी जेब काटी जा रही है, उसके खिलाफ अब सड़कों पर उतरना ही एकमात्र रास्ता है। प्रदेश विकास अधिकारी गुंजन सक्सेना ने बताया कि निजी स्कूलों में बच्चों की बढ़ी फीस, मनमाने तरीके से कोर्स, शिक्षकों का शोषण हो रहा है। एकजुटता के साथ खड़ा होना होगा और सड़कों पर उतरकर विरोध करना होगा।

### कीर्तन समारोह से बाइक चोरी, रिपोर्ट

**बिलासपुर, अमृत विचार :** उत्तराखंड के दिनेशपुर नगर के मोहल्ला खटोला निवासी आरती पत्नी सुशांत सिंह द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें बताया कि वह बीते गुरूवार को अपने बेटे के साथ बाइक द्वारा क्षेत्र के गांव मानपुर ओझा स्थित एक कीर्तन में शामिल होने आई थी। उसके बेटे नंदू सरकार ने बाइक को मंदिर के सामने लाक करके खड़ा किया था। करीब एक घंटे बाद जब वे वापस लौटे, तो बाइक मौके से नदारद थी। आस-पास काफी खोजबीन की गई, लेकिन वाहन का कोई पता नहीं चला। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है। बहुत जल्द बाइक को बरामद कर लिया जाएगा।

### गुरुद्वारा सिंह सभा से नगर कीर्तन आज

**अमृत विचार, रामपुर :** शनिवार को सुबह गुरुद्वारा सिंह सभा से सुबह 7 बजे नगर कीर्तन निकलेगा जोकि मुख्य मार्गों से होता हुआ सुबह 10 बजे इसी गुरुद्वारे में पहुंचेगा। इसके बाद निशान साहब का चोला बदलने की सेवा होगी। वहीं कल रविवार सुबह 9 बजे गुरुद्वारे में अखंड पाठ साहिब आरंभ होगा। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने बताया कि पूर्वाह्न 11 बजे वीर खालसा सेवा समिति की ओर से पगड़ी प्रतियोगिता होगी। जिसमें बच्चों को पहला इनाम रेंजर साइकिल दूसरा इनाम डिनर सेट तीसरा इनाम मिक्सर जूसर व अन्य इनाम भी दिए जाएंगे। इसके बाद गुरुद्वारे में विशेष दीवान सजेगा और स्त्री सत्संग सभा अपराह्न 3 से शाम 6 बजे तक शबद कीर्तन होगा। इसके बाद लंगर बरताया जाएगा। 14 अप्रैल को बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। बाहर से आए रागी जत्थे शबद कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष निर्मल सिंह ने बताया कि तमाम तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं।

## मॉडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न पर होगी कड़ी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- परिवहन विभाग ने शुरू किया सघन चेकिंग अभियान

**अमृत विचार:** मॉडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न पर परिवहन विभाग कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में सभी डीलरों, मोटर गैराज, वर्कशॉप संचालकों एवं संबंधित व्यवसायियों के खिलाफ व्यापक स्तर पर सघन अभियान चलाया जा रहा है।

यह अभियान विशेष रूप से बिना अनुमति या मोटर वाहन नियमों के खिलाफ लगाए जाने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, तेज आवाज वाले हॉर्न, हूटर, सायरन एवं अन्य अनधिकृत वाहन संशोधनों के खिलाफ केंद्रित है। उन्होंने बताया कि ऐसे उपकरणों का लगाना व बेचना मोटर वाहन अधिनियम, 1988 का स्पष्ट उल्लंघन है, जिससे ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है तथा सड़क सुरक्षा, जन स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी संबंधित पक्षकारों को चेतावनी देते हुए कहा कि अभियान के दौरान दोषी पाए जाने पर पहली ही कार्रवाई में 10,000 रुपये तक का जुर्माना वसूला जाएगा। साथ ही अवैध संशोधन युक्त वाहनों को मौके पर ही जब्त किया जाएगा। वाहन स्वामी और चालक के खिलाफ विधिक कार्रवाई होगी। ड्राइविंग लाइसेंस को तीन माह तक निलंबित या अयोग्य घोषित किया जा सकता है। पुनरावृत्ति की स्थिति में ड्राइविंग लाइसेंस पूर्णतः निरस्त करने के साथ-साथ वाहन का पंजीकरण प्रमाण-पत्र भी रद्द किया जाएगा।

### शहर विधायक के प्रस्ताव पर शासन से मिली मंजूरी, नए रोडवेज बस अड्डे के पास ही होगा स्थापित

## रामपुर में पीपीपी मॉडल पर बनेगा आधुनिक सुविधायुक्त बस अड्डा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** परिवहन विभाग की बस सेवा अब और अधिक आधुनिक होगी। इसके लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना के प्रस्ताव पर रामपुर में पीपीपी (पब्लिक, प्राइवेट, पार्टनरशिप) मॉडल पर नए बस अड्डे के निर्माण को शासन से मंजूरी मिल गई है। पीपीपी मॉडल पर बनने वाला नया बस अड्डा उत्कृष्ट यात्री सुविधाओं के साथ ही विभाग के लिहाज से भी अत्यंत उपयोगी साबित होगा।



शहर विधायक आकाश सक्सेना।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर वर्तमान में मॉल गोदाम के पास बस अड्डा बना है, लेकिन अब यह बस अड्डा क्षमताओं के लिहाज से छोटा पड़ रहा है। वर्तमान में रामपुर डिपो से तीन एसी बसों के साथ ही 96 बसों का संचालन किया जा रहा है। डिपो में स्थान न मिलने की वजह से बसें नैनीताल रोड और डिपो के बाहर ही खड़े होकर यात्रियों को बसों में बैठाती हैं और उतारती हैं। जिससे जाम की स्थिति रहती है। ऐसे में लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतें होती हैं। जबकि रामपुर डिपो से करीब तीन किमी. दूर वर्कशॉप है। इसी वर्कशॉप में डिपो का डीजल पंप भी है। ऐसे में बसें यात्रियों को छोड़ने के बाद डीजल आदि लेने के लिए वर्कशॉप जाती हैं, जिससे विभाग को अतिरिक्त नुकसान होता है। बसों की रिपेयरिंग भी वर्कशॉप में ही होती हैं।



परिवहन विभाग मंत्रालय से जारी हुआ पत्र।

ऐसे में विभाग और यात्रियों की सुविधा के लिए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने परिवहन विभाग को नए बस अड्डे के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा था।

> रामपुर में आधुनिक बस अड्डे की बहुत आवश्यकता थी। यात्रियों एवं विभाग दोनों ही इस समस्या से जूझ रहे थे। अब नया बस अडडा बनने से न सिर्फ यात्रियों को आरामदायक सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि सभी कार्य भी एक ही स्थान पर हो सकेंगे। इससे रामपुर की परिवहन व्यवस्था सुधारने के साथ ही रामपुर के विकास में भी तेजी आएगी।
> **-आकाश सक्सेना**, शहर विधायक

जिसे अब स्वीकृति मिल गई है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राम प्रकाश ने बताया कि पीपीपी मॉडल पर नए बस अड्डे का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए नए रोडवेज के पास ही जमीन देखी गई है। जहां सभी सुविधाएं होंगी। यहां तक कि कर्मचारियों एवं यात्रियों के बैठने के लिए सुविधाओं से युक्त प्रतीक्षालय भी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही प्रक्रियाएं पूरी कर कार्य शुरू कराया जाएगा।

### यात्रियों को मिलेंगी ये सुविधाएं

पीपीपी मॉडल पर बनने वाले नए रोडवेज पर यात्रियों के लिए विशाल एवं आरामदायक प्रतीक्षालय, डिजिटल सूचना प्रणाली और ऑटोमेटिक टिकटिंग, स्वच्छ शौचालय और पेयजल व्यवस्था, फूड कोर्ट और दुकानों की सुविधा, सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा प्रबंध, महिला एवं दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। नए बस अड्डे पर ई-वाहनों की चार्जिंग के लिए चार्जिंग स्टेशन भी बनाया जाएगा। यहां ई-बसें चार्ज हो सकेंगी। इसके अलावा बसों में डीजल भरवाने के लिए पम्प भी बनाया जाएगा। बसों की धुलाई और सर्विसिंग के लिए सर्विस स्टेशन भी बनाया जाएगा।

## जिले में एसआईआर कार्य पूर्ण, 3 लाख से ज्यादा वोट कटे, एक लाख नए जोड़े



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची सौंपते जिला निर्वाचन अधिकारी।

- जिले की पांचों विधानसभाओं में अब 15,41,073 मतदाता
- शनिवार को मतदाता सूचियों का हुआ अंतिम प्रकाशन

**अंतिम मतदाता सूची में विधानसभावार स्थिति**

| विधानसभा | पुरुष | महिला | अन्य | योग |
|---|---|---|---|---|
| स्वार | 156557 | 131306 | 31 | 287894 |
| चमरव्वा | 153739 | 125838 | 13 | 279590 |
| बिलासपुर | 177544 | 149552 | 06 | 327102 |
| रामपुर | 170549 | 149521 | 20 | 320090 |
| मिलक | 178622 | 147761 | 14 | 326397 |
| कुल | 837011 | 703978 | 84 | 1541073 |

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** 166 दिन तक चले मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के बाद शनिवार को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन हुआ। रामपुर में 17,57,741 से घटकर अब 15,41,073 मतदाता होंगे। जिले में दो लाख से ज्यादा वोट कटे हैं, जबकि नए मतदाता भी एक लाख से ज्यादा जोड़े गए हैं। नए मतदाताओं के हटा दें तो रामपुर में तीन लाख से ज्यादा वोट कम हुए हैं।

शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और उपनिर्वाचन अधिकारी संदीप वर्मा ने प्रेसवार्ता करते हुए मतदाता सूची की जानकारी दी। मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम में 5 निर्वाचक रजिस्ट्रार, 26 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 93 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 214 बीएलओ सुपरवाइजर और 2114 बीएलओ लगाए गए थे। मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद जिले में 15,41,073 मतदाता हैं। जिसमें 837011 पुरुष और 703978 महिला मतदाता हैं जबकि, 84 अन्य मतदाता हैं। जिले में मतदाता पुनरीक्षण के बाद मिलक में 178622 पुरुष मतदाता जबकि, सर्वाधिक महिला मतदाता 149552 बिलासपुर में हैं।

अंतिम प्रकाशन के समय 18-19 आयु वर्ग के मतदाता 26827 हैं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऐसे नागरिक जो कि भारत के मूल निवासी है तथा अपनी शिक्षा, व्यवसाय, नौकरी के सम्बंध में भारत से बाहर किसी अन्य देश में निवास कर रहे हैं। ऐसे मतदाताओं द्वारा फार्म-6ए भरकर मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराया गया जिनकी संख्या जनपद में 527 है। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के तहत मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा लगाए गए 6400 बूथ लेवल एजेन्टों ने पुनरीक्षण प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाई।

जिले में पांचों विधानसभा में 27 मार्च 2026 तक पांच निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 26 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और 93 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा 3,43,081 नोटिसों की सुनवाई की गई।

## पंचायत निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण की समय सारणी जारी

**रामपुर, अमृत विचार:** राज्य निर्वाचन आयोग उप्र द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों के वृहद पुनरीक्षण हेतु संशोधित समय सारणी की घोषणा की गई है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. नितिन मदान ने बताया कि 21 अप्रैल 2026 तक मतदाता सूचियों के कम्प्यूटीकरण के बाद मतदान केंद्रों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आवंटन, मतदाता सूची डाउनलोडिंग एवं फोटो प्रतियां कराने का कार्य पूर्ण किया जाएगा। इसके बाद 22 अप्रैल 2026 को निर्वाचक नामावली का जनसामान्य के लिए अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित समय सारणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जाएगा।

## सीएम डैशबोर्ड पर रामपुर पहुंचा तीसरे पायदान पर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- डीएम बोले टीम वर्क से रामपुर जिले की रैंकिंग में हुआ सुधार
- शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जरूरत

**अमृत विचार:** सीएम डैशबोर्ड की ताजा रैंकिंग में रामपुर जिले ने प्रगति करते हुए पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि ये सभी अधिकारियों और कर्मियों के टीम वर्क से संभव हुआ है। विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निरंतर मॉनिटरिंग के चलते यह उपलब्धि हासिल हुई है।

सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत कुल 81 योजनाओं को 'ए' ग्रेड प्राप्त हुआ है। इनमें नेडा, ऊर्जा, कृषि, ग्राम्य विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दुग्ध विकास, दिव्यांगजन कल्याण, पंचायती राज, जल निगम, पर्यटन, पशुपालन, मत्स्य, माध्यमिक शिक्षा, युवा कल्याण, लोक निर्माण विभाग, उद्योग, समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, सिंचाई एवं सहकारिता सहित अन्य विभाग शामिल हैं। इसके अलावा अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति, एकीकृत बागवानी मिशन, खराब ट्रांसफार्मर शिकायत निस्तारण, विद्युत बिल सुधार, कृषि रक्षा रसायन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम, बीज वितरण, मोबाइल मेडिकल यूनिट, सीटी स्कैन, दिव्यांग पेंशन, व्यक्तिगत शौचालय, पशु टीकाकरण, पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान, मत्स्य सम्पदा, ओडीओपी टूल किट वितरण, ऋण वसूली, सहकारिता एवं सिल्ट सिंचाई जैसी कई योजनाएं प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान पर रही हैं।

इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सफलता सभी विभागों के टीम वर्क, समर्पण और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिले को प्रदेश में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाने के लिए आगे भी इसी प्रकार समन्वय के साथ कार्य किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए।

## गलत अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट देने में डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पित्ताशय नहीं होने पर भी अल्ट्रासाउंड में दर्शाया

**अमृत विचार:** तहसील सदर के ग्राम सैजनी नानकार मदीना मस्जिद निवासी अली अहमद खां ने जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी को एक शिकायत पत्र भेजा है। इसमें गलत अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट देने वाले चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई करने मांग की है।

23 फरवरी को ज्वालानगर स्थित एक चिकित्सक ने उन्हें पित्ताशय का अल्ट्रासाउंड कराने के लिए कहा। 24 फरवरी को राहे मुर्तजा स्थित एक अस्पताल के डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड किया। इसमें पित्ताशय को ठीक बताते हुए रिपोर्ट दे दी। जबकि पित्ताशय इससे पहले ही ऑपरेशन द्वारा निकाल दिया गया। रिपोर्ट देखकर ज्वालानगर स्थित चिकित्सक ने पित्त की दवाई देनी शुरू कर दी। जब मरीज को पता लगा कि उनके पित्त का इलाज किया जा रहा है तब वह सन्न रह गया। क्योंकि मरीज 14 अक्टूबर 2024 को शहर के एक अस्पताल में पित्ताशय का ऑपरेशन कर उसे पूरी तरह निकाल दिया गया । इसके बाद 10 मार्च 2026 को मरीज ने जिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराया, जिसकी रिपोर्ट में शरीर में पित्ताशय नहीं होने की पुष्टि की गई। मरीज अली अहमद खां ने इस मामले की शिकायत 18 मार्च 2026 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की गई। कहा कि कानूनी कार्रवाई कर अस्पताल का लाइसेंस निरस्त किया जाए।

## निजी स्कूलों की मनमानी रोकने की मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर कांग्रेस कमेटी रामपुर एवं उप्र यूथ कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को शहर अध्यक्ष बाकर अली खां और यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अरसलान अली खां के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल से मिला। उन्होंने निजी स्कूलों की मनमानी एवं अभिभावकों के आर्थिक शोषण के खिलाफ ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने 15 दिन के भीतर मामले की जांच कराकर शिक्षण संस्थाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कहा कि पूरे प्रदेश में सीबीएसई से संबद्ध निजी विद्यालयों द्वारा शिक्षा को एक व्यवसाय बना लिया है। अभिभावकों से हर वर्ष बढ़ती फीस, अनावश्यक शुल्क और दबाव के माध्यम से शोषण किया जा रहा है। प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में बिना किसी स्पष्ट कारण के फीस बढ़ा दी जाती है। एडमिशन फीस, डेवलपमेंट फीस, सिक्योरिटी फीस आदि के नाम पर भारी धनराशि वसूली जा रही है। शिक्षा के अधिकार के तहत 6 से 14 वर्ष के गरीब बच्चों के लिए निजी विद्यालयों में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित होना अनिवार्य है, लेकिन अधिकांश विद्यालय इस नियम का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं और गरीब बच्चों से भी पूरी फीस वसूल रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षण संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बाकर अली खान शहर अध्यक्ष कांग्रेस, आरिफ अलवी जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, एडवोकेट मोईन खान, शहजाद, मो. अली खान, फराज, शिबली मियां, फरीद भाई, उमेश दुबे, शारिब खान, चितरंजन आदि रहे।



डीआईओएस को ज्ञापन देता कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल। • अमृत विचार

## न्यूज डायरी



### एसपी ने पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद महिला प्रशिक्षुओं और कर्मचारियों का टर्नआउट आदि चैक किया। पुलिस लाइन परिसर स्थित भोजनालय, रीडिंग रुम, कैंटीन, मनोरंजन कक्ष, म्यूजियम, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आरटीसी आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके अलावा पुलिस लाइन में साफ-सफाई को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी टांडा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



### बेटियां होती हैं घर-घर की रौनक: डॉ. सुनीता

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज 5 द्वितीय चरण के तहत कन्या भ्रूण हत्या विषय पर कार्यशाला हुई। कॉलेज प्राचार्या डॉ. सुनीता ने कहा बेटियां घर-घर की रौनक होती हैं मां के पेट में उनकी हत्या किया जाना महापाप है। इसके अलावा कानून भी अपराध है। कार्यशाला में डॉ. प्रीति लता ने कन्या भ्रूण हत्या जैसी गंभीर सामाजिक कुरीति पर गहन चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह समस्या केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक सोच एवं मानसिकता से जुड़ी हुई है, जिसे जागरूकता और शिक्षा के माध्यम से ही समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने बालिकाओं के महत्व को बताते हुए उनके संरक्षण, सम्मान एवं समान अवसर प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि बेटियां परिवार एवं समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके बिना समाज का संतुलित विकास संभव नहीं है। साथ ही, उन्होंने छात्राओं को आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. सोनू पुरी, डॉ. प्रतिभा यादव, डॉ. रजनी बाला, कल्पना आदि मौजूद रहीं।



### स्वार में 14 अप्रैल को निकलेगी अंबेडकर शोभायात्रा

**स्वार, अमृत विचार :** बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को भावाधस के नेतृत्व मे नगर में भव्य अम्बेडकर शोभायात्रा निकाली जाएगी। शुक्रवार को भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की बैठक नगर पालिका सभागार में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। बैठक में भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने दबे कुचले दलितों और महिलाओं के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके योगदान को स्मरण करते हुए जयंती को शोभायात्रा के रूप में मनाया जाएगा। जिससे समाज में जागरूकता और एकता का संदेश दिया जा सके। उन्होंने सभी समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। बैठक में सर्वेश चौधरी, कपिल वाल्मीकि एडवोकेट, महेंद्र दीवान, प्रदीप राजहंस, सरजीत वाल्मीकि, नितिन वाल्मीकि, मुकेश वाल्मीकि, विनोद, हरदेव सिंह, गोलू, सुधीर और रजत आदि मौजूद रहें।



### भाजपा नीतियों और सिद्धांतों पर करती है काम: महेंद्र

**स्वार, अमृत विचार :** भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर ग्राम पंचायत सोनपुर स्थित पंचायत भवन में बस्ती चलो अभियान के तहत एक कार्यक्रम हुआ। मुख्यातिथि पूर्व जिला मंत्री भाजपा महेंद्र सिंह सैनी रहे। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। महेंद्र सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा जनसंघ के समय से ही अपनी नीतियों और सिद्धांतों पर कार्य करती आ रही है। उन्होंने पार्टी की विचारधारा और कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार सभी धर्मों को समान रूप से लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी कारण आम जनता में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र दिवाकर, प्रधान प्रेम सिंह सैनी, अमित सक्सेना, हरीश मौर्य, आशु सक्सेना, रिंकू सैनी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**आयोजन** | स्वार और मसवासी में शासन से नामित सभासदों को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

## अनुभव और सहभागिता से विकास को मिलेगी गति

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार:** नगर पंचायत मसवासी परिसर में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल ने तीन नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण करने वालों में चमन मौर्य, नितिन जैन और राजबाला सागर शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। मुख्यातिथि शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि नामित सभासद भी निकाय की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। उनके अनुभव और सहभागिता से नगर के विकास कार्यों को नई गति मिलती है। सभी सभासदों को मिलकर पारदर्शिता और जनहित को प्राथमिकता देते हुए कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व पंचायत अध्यक्ष डॉ. महेश कुमार मौर्य, सेठ रघुवीर सिंह आर्य, पवन कुमार शर्मा, बृजनंदन सिंह सागर और कपिल गुप्ता समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में नगर पंचायत अध्यक्ष ने भरोसा जताया कि नव-नामित सभासद नगर के विकास में सक्रिय भूमिका निभाते हुए जन समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहेंगे।



नामित सभासदों को शपथ ग्रहण कराते नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल।



स्वार पालिका सभागार में नामित सभासदो को शपथ दिलातीं पालिकाध्यक्ष रेशमा परवीन अंसारी।

### स्वार में नगर पालिकाध्यक्ष ने दिलाई नामित सभासदों को शपथ

**स्वार, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के सभागार में शुक्रवार को शासन द्वारा नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष रेशमा परवीन अंसारी ने की। उन्होंने नामित जमील अहमद अंसारी सभासद राजेश कुमार शर्मा, राजीव वर्मा, मनीष सैनी व उषा सागर को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद सभी सभासदों को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। समारोह में मुख्यातिथि स्वार-टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार तथा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने नामित सभासदों को बधाई देते हुए उनसे नगर के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार चौहान, जिला मंत्री पंकज सैनी, रफीक अहमद अंसारी, लक्ष्मीकांत सैनी, महेंद्र सैनी, नाहिद खां, इस्लाम अंसारी, जावेद मेवाती सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह का वातावरण उत्साहपूर्ण रहा और सभी ने नगर के विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

न्यूज ब्रीफ

## पंचायत भवन से इन्वर्टर-बैटरी चोरी

**शाहाबाद : अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव हिम्मतपुर स्थित पंचायत भवन में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर ताले तोड़कर भवन में रखा इन्वर्टर, दो बैटरी, सीपीयू, कैमरा डीवीआर और रंगीन प्रिंटर सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी सुबह करीब सात बजे उस समय हुई जब राहगीर पंचायत भवन के पास से गुजर रहे थे। उन्होंने दरवाजे के टूटे ताले देखे तो मामले की सूचना पंचायत सहायक आकिल हुसैन को दी। सूचना मिलते ही पंचायत सहायक ने ग्राम प्रधान प्रेम सिंह और पंचायत सचिव नरेश कुमार को अवगत कराया। इसके बाद डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक जख्मी

**शाहबाद, अमृत विचार :** कस्बे के मोहल्ला जिलेदारान निवासी अफसर अली की चचेरी बहन की शादी का कार्यक्रम शाहबाद–बिलारी रोड स्थित एक मैरिज हॉल में चल रहा था। समारोह के दौरान अफसर अली किसी आवश्यक कार्य से बाइक लेकर अपने घर जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही वह ईदगाह गेट के सामने पहुंचे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को तुरंत सीएचसी शाहबाद ले गए। चिकित्सकों ने उपचार के बाद जिला अस्पताल रामपुर के लिए रेफर कर दिया।

## बच्चों की लड़ाई में महिलाएं भिड़ीं, रिपोर्ट

**शाहबाद, अमृत विचार :** बच्चों की लड़ाई में महिलाएं आपस में भिड़ गईं। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। ढकिया चोकी क्षेत्र के गांव ओसी निवासी असरत उर्फ हसरत खान की पत्नी नाजमा ने गांव के ही महसर की पत्नी फिरदोस के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि 22 मार्च को बच्चे आपस में खेल रहे थे। इस दौरान किसी बात को लेकर उनमें लड़ाई हो गई। पीड़िता ने बच्चों को लड़ाई से रोका तो फिरदोस ने उसे गलियां देना शुरू कर दी। गलियों का विरोध किया तो वह मारपीट पर उतर आई। जिसमें पीड़िता चोटिल हो गई।

## भाकियू महाशक्ति ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**मिलक, अमृत विचार :** भाकियू महाशक्ति ने शुक्रवार को जिलाधिकारी ज्ञापन सौंपा। इसमें बे मौसम बारिश होने के कारण तैयार गेहूं की फसल खराब हो गई। जिससे किसान परेशान है खेतों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाया जाए। तहसील मिलक के गांव में बिजली विभाग द्वारा जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं परेशान है स्मार्ट मीटर से अत्यधिक बिल आ रहा है। गेहूं खरीद को लेकर व्यवस्था बनाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में लालाराम गंगवार, निशांत, कल्लू पांडे, जावेद हुसैन, साजिद अंसारी, राजेंद्र यदुवंशी आदि के हस्ताक्षर हैं।

## 15 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**टांडा, अमृत विचार :** अचानक लगी आग ने देखते ही देखते 15 बीघा में खड़ी गेहूं की पकी–पकाई फसल को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बटाईदार किसान को करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। लोगों के अनुसार घटना शुक्रवार शाम करीब छह बजे की है। ईद मेला ग्राउंड के पास स्थित गेहूं के खेतों से अचानक धुएं का गुबार उठते देख आसपास के लोग सहम गए।

पूर्वोत्तर रेलवे

अधिसूचना

अधिसूचना संख्या-सी/143/अधिसूचना/ हॉल्ट/2026/02

(यह आवेदन रेलवे में नौकरी के लिये नहीं है।)

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से इज्जतनगर मंडल के निम्नलिखित हाल्ट स्टेशनों पर देय कमीशन के आधार पर हाल्ट अभिकर्ता की नियुक्ति किये जाने हेतु उल्लिखित हाल्ट स्टेशनों से सम्बन्धित जिलों के इच्छुक अभ्यर्थियों से मुहरबन्द आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं: **हाल्ट स्टेशन का नाम :** रूद्रपुर सिडकुल (HG-2), सेवित स्टेशन : लालकुआँ, कार्य की अवधि : पॉच वर्ष, आवेदन पत्र का मूल्य (रूपये में) : Rs. 1,180/-, **हाल्ट स्टेशन का नाम :** खिरियाखुर्द (HG-2), सेवित स्टेशन : शाहबाज नगर, कार्य की अवधि : पॉच वर्ष, आवेदन पत्र का मूल्य (रूपये में) : Rs. 1,180/- **हाल्ट स्टेशन का नाम :** सेहल (HG-2), सेवित स्टेशन : पीपलसाना, कार्य की अवधि : पॉच वर्ष, आवेदन पत्र का मूल्य (रूपये में) : Rs. 1,180/- आवेदन पत्र आवेदन बॉक्स में डालने की तिथि एंव समय : दिनांक 29.04.2026 से दिनांक 30.04.2026 तक समय 15.00 बजे तक आवेदन खुलने की तिथि एंव समय : दिनांक 30.04.2026 को 15.30 बजे। आवेदन पत्र, अधिसचूना की पात्रता, नियम एंव शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे की बेवसाइट www.ner.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है, एवं डाउनलोड किया जा सकता हैं। आवेदन पत्र के मूल्य के डिमाण्ड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे के पक्ष में जारी हो एवं बरेली में देय हो आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ संलग्न करने होगें। प्रत्येक हाल्ट के लिये अलग-अलग आवेदन प्रपत्र देना होगा। बिना आवेदन प्रपत्र शुल्क के आवेदन पत्र को वैद्य नहीं मानते हुए विचार नहीं किया जायेगा। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों को न तो स्वीकार किया जायेगा न ही विचार किया जायेगा। किसी भी आवेदन या समस्त हाल्ट अभिकर्ताओं की नियुक्ति की प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर बिना कारण बताये रद्द एवं अस्वीकार करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित होगा।

मंडल वाणिज्य प्रबन्धक / इज्जतनगर

मुजाधि/वाणिज्य—08

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# रात में चेकिंग अभियान चलाकर शहर में 110 स्थानों पर बिजली चोरी पकड़ी

## पुलिस-प्रशासन और प्रवर्तन दल की पांच टीमों ने की बिजली चोरों पर कार्रवाई

- चोरी करने वालों से 44 लाख रुपये की होगी वसूली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** गुरुवार रात बिजली विभाग सहित पुलिस और प्रशासन की पांच टीमों ने रातभर चेकिंग अभियान चलाया। जिससे घरों में चोरी कर बिजली इस्तेमाल करने वालों में खलबली मच गई। टीम ने शहर के 110 स्थानों पर चोरी पकड़ी है। टीम ने चोरी में इस्तेमाल केबिल भी बरामद किया है। जबकि चोरी के आरोपियों से 44 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।



कब्जे में लिया चोरी के दौरान इस्तेमाल केबल और मौजूद चेकिंग टीम। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार रात्रि विशेष विद्युत चोरी अभियान के अंतर्गत विद्युत विभाग, पुलिस, प्रशासन के समन्वय से बड़ी संख्या में विद्युत चोरी पकड़ी है। गुरुवार रात विद्युत वितरण मंडल रामपुर के अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र कुमार चौहान द्वारा विशेष विद्युत चोरी अभियान के अंतर्गत मुख्य अभियंता (वितरण), मुरादाबाद क्षेत्र मुरादाबाद अशोक कुमार चौरसिया के मार्गदर्शन में विद्युत विभाग की पांच टीमें बनाकर पुलिस, प्रशासन व प्रवर्तन दल के सहयोग से शहर में छापामारी अभियान चलाया।

शहर के डूंगरपुर, गढ़ी मियां, मछली बाजार, हबीब एनक्लेव, घोड़े वाली गली, फूलों वाली बगिया, पक्का बाग, कुंडा आदि मोहल्लों में विद्युत चोरी अभियान चलाया गया। जिसमें विद्युत चोरी के 101 चोरी के मामले पकड़े गए। पकड़े गए प्रकरणों में प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है।

उपभोक्ताओं से लगभग 44 लाख रुपये के निर्धारण की वसूली की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। विद्युत चोरी अभियान की टीमों का नेतृत्व अधिशासी अभियंता अनुराग सिंह, प्रवीण शर्मा, बेचन राम, अवधेश कुमार, उपखंड अधिकारी प्रदीप राय, माता बख़्श सिंह, सचिन रस्तोगी, विकार अहमद, प्रभारी विद्युत प्रवर्तन दल जितेंद्र यादव ने किया। प्रशासन की ओर से नायाब तहसीलदार सदर देवेश पांडे, नायाब तहसीलदार सदर मानवेंद्र सिंह के अलावा नगरीय क्षेत्र रामपुर के सभी अवर अभियंता, टेक्नीशियन विद्युत व संविदा कर्मियों की अतिरिक्त प्रशासन के अधिकारी व भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## पुलिस ने 6.300 किग्रा गांजे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को 6.300 किग्रा. गांजे के साथ गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि गुरुवार की रात करीब एक बजे पुलिस दिबदिबा रोड पर गश्त कर रही थी।

तभी एक मोटर साइकिल सवार युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और बाइक मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने पीछाकर उसे कुछ ही दूरी पर दबोच लिया। तलाशी लेने पर मोटर साइकिल के पीछे बंधे प्लास्टिक के कट्टे से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी हर्षिता सिंह मौके पहुंची। तलाशी के दौरान 6.300 किग्रा. गांजा और 9700 रुपये की नगद और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। साथ ही आरोपी को कोतवाली लाकर उसके खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की और शुक्रवार की दोपहर उसका चालान कर दिया गया। वहीं नगरवासियों का आरोप है कि क्षेत्र की युवा पीड़ी धीरे-धीरे नशीले पदार्थों की तस्करी का केंद्र बनता जा रहा है। इसमें कुछ पुलिस कर्मी भी तस्करों का सहयोग कर रहे हैं।

# महिला सिपाही व बच्चे की हत्या में एक और गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** थाना गंज क्षेत्र में महिला सिपाही व उसके बच्चे की हत्या की घटना को सड़क दुर्घटना का स्वरूप देने के मामले में 25,000 रुपये का इनामी आरोपी प्रदीप यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस हिरासत में आरोपी प्रदीप यादव।

25 फरवरी 2026 थाना गंज क्षेत्र में सड़क हादसा दर्शाकर महिला सिपाही लता और उसके तीन साल के बच्चे को पेट्रोल छिड़कर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने मुख्यारोपी पति दान सिंह यादव, नूरहसन, सलमान को पुलिस जेल भेज चुकी है। मामले में फरार प्रदीप यादव निवासी पनवडिया सिविल लाइंस की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने 25 हजार का ईनाम घोषित किया था। थाना गंज पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी प्रदीप यादव को रामपुर के बरेली गेट से पनवडिया जाने वाली रोड पर ईसाइयों के कब्रिस्तान के सामने से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से हत्या करने के बदले में लिए गये 1 लाख रुपये में से 10,500 रूपये बरामद कर लिए हैं। वहीं व घटना में प्रयुक्त पेट्रोल ले जाने के लिए जरीकैन व कार में आग लगाने के लिए इस्तेमाल लाइटर भी बरामद कर लिया। दानसिंह, नूरहसन, सलमान को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा चुकी है। पूछताछ में प्रदीप यादव बताया कि वो दान सिंह की जाति का है, वो दोनों अच्छे दोस्त है।

दान सिंह ने बताया था कि वह अपनी पत्नी से परेशान है तथा अपनी पत्नी व अपने बच्चे को मारकर वह पुलिस विभाग से मिलने वाला करोड़ों रुपये का बीमा लेना चाहता है। पत्नी व उसके बच्चे के मरने के बाद उसकी शादी का रास्ता साफ हो जाएगा। दान सिंह ने दो लाख रुपये देने की बात कही थी। घटना से पहले मुझे 1 लाख रुपये दे दिये थे और यह भी कहा था कि पत्नी व बेटे की हत्या की घटना एक्सीडेंट साबित हो जाएगी तो पुलिस विभाग से जो पैसा मिलेगा उससे मेरी और मदद कर देगा। मामले पांचवां आरोपी रवि अभी फरार है।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

- शाहबाद के ढकिया चौकी क्षेत्र के भंवरकी जदीद की घटना

संवाददाता, ढकिया

**अमृत विचार:** ढकिया चौकी क्षेत्र के गांव भंवरकी जदीद में बुधवार शाम को सतीश की 40 वर्षीय पत्नि नीलम की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मायके पक्ष के लोग हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सतीश की पत्नी नीलम की अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। लेकिन हालत को गंभीर देखते हुए डाक्टर ने विवाहिता को जिला चिकित्सालय रामपुर रेफर कर दिया। लेकिन रामपुर जिला चिकित्सालय ले जाते समय रात में महिला की मौत हो गई। सतीश ने पत्नी नीलम की बीमारी से मौत हो जाने की जानकारी उसके मायके वालों को दी तो बेटी की मौत की खबर सुनते ही मायके वाले तत्काल भंवरकी जदीद गांव आ पहुंचे और उन्होंने ससुराल पक्ष के लोगों पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। किसी ने फोन कर मामले की सूचना ढकिया चौकी पुलिस को दी, तो पुलिस भी तत्काल मौके पर जा पहुंची।

मृतका नीलम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय रामपुर भेज दिया। ढकिया चौकी प्रभारी विनेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## संचारी रोग नियंत्रण को किया जागरूक

**रामपुर, अमृत विचार:** राजकीय कृषि बीज भंडार स्वार की ओर से शुक्रवार को इमरती खेमपुर गांव में चौपाल लगाकर संचारी रोग नियंत्रण के लिए जागरूक किया। स्वार राजकीय कृषि बीज भंडार के प्रभारी मोहम्मद उस्मान ने उस्मान ने गोष्ठी के दौरान किसानों को संचारी रोग के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा अप्रैल मई और जून में बीमारी फैलने की अधिक संभावनाएं होती हैं। उन्होंने कहा यह बीमारी चूहा, छछूंदर और मच्छरों से फैलती है। उन्होंने किसानों से घरों के अंदर साफ सफाई और सतर्कता बरतने को कहा। बारिश के मौसम में उन्होंने किसानों से घर में खाने वाली वस्तुओं को ढक कर रखने की अपील की। इस मौके पर जावेद अख्तर, मोहम्मद इकबाल, अख्तर अली, सखावत अली, इस्तखार हुसैन, नवाब अली, एहसान अली, मोहम्मद अयान आदि रहे।

# 5.5 लाख की ठगी में फर्जी सिपाही दंपती गिरफ्तार

- एक महिला से पति को मुकदमे में फंसाने के एवज में मांगे थे दस लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** थाना कोतवाली पुलिस ने एक महिला से साढ़े पांच लाख रुपये की ठगी करने वाले फर्जी पुलिसकर्मी व उसकी पत्नी को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने उनके पास से वर्दी के साथ 4,57,500 रुपये भी बरामद कर लिए हैं। पुलिस मामले में जांच कर रही है, उसने वर्दी का रौब गालिब कर कितने लोगों से ठगी की है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने प्रेसवार्ता करते हुए मामले का खुलासा किया।



पुलिस की वर्दी में आरोपी फरहान–फाइल फोटो।



आरोपी से बरामद ठगी की रकम। ● अमृत विचार



पुलिस हिरासत में आरोपी फरहान।

आरोपी फरहान निवासी मोहल्ला केले वाला तालाब कुंडा थाना कोतवाली ने पुलिस की वर्दी पहनकर पत्नी के साथ क्षेत्र की ही मुमताज जहां से उसके पति मुन्ना को झूठे मुकदमे में फंसाने के एवज में दस लाख रुपये की मांग की थी। इसमें साढ़े पांच लाख रुपये की ठगी भी कर ली थी। मामले में पीड़िता ने 10 अप्रैल 2026 को थाना कोतवाली पर आरोपी फरहान व उसकी पत्नी के खिलाफ मुकदमा लिखवाया था। मामले में पुलिस ने आरोपी फरहान और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना कोतवाली पुलिस ने दोनों को पुरानी तहसील बाजार नसरुल्लाह खां के गेट से गिरफ्तार किया। पीड़ित से लिये 4,57,500 रुपये भी बरामद कर लिए। फरहान की निशानदेही पर पुलिस की वर्दी बरामद की है। बरामदगी के आधार पर मुकदमे कई धाराएं बढ़ाई गईं हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी फरहान ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ मिलकर पुलिस की वर्दी धारण कर लोगों को डरा धमकाकर झूठे केसों में फंसाने की धमकी देकर मोटी रकम की उगाही करता था। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मामले में जांच की जा रही है कि आरोपी ने कितने लोगों से वर्दी का रौब गालिब कर लोगों को अपना निशाना बनाया है। मामले में पुलिस टीम लगा दी गई हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मनोज कुमार, महिला उपनिरीक्षक नीशू, हेड कांस्टेबल राजेश कुमार, कांस्टेबल सचिन कुमार, महिला कांस्टेबल पूजा, महिला कांस्टेबल शिवानी शामिल रहे।

# 9 साल बाद मिला छह बहनों का इकलौता भाई

- चेहरा बदला दिखा, निशान और चाल से कर ली पहचान

संवाददाता सैफनी

**अमृत विचार :** कहते हैं कि अगर दुआओं में दम हो और आंखों में उम्मीद तो बिछड़े हुए लोग मुकद्दर से मिल ही जाते हैं। 9 साल पहले घर से लापता हुए मंदबुद्धि युवक विकास के घर लौटने की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। छह बहनों के इकलौते भाई की घर वापसी ने परिवार की खुशियां लौटा दी हैं।



परिजनों के साथ खड़ा विकास। ● अमृत विचार

नगर के जाटवान मोहल्ला निवासी मंदबुद्धि विकास के पिता ऑपरेटर प्रेमदास ने बताया कि विकास 33 वर्ष की आयु में 9 वर्ष पूर्व 17 मार्च 2017 शुक्रवार सुबह 10 बजे के समय नगर के भूड़ा गेट के पास से अचानक गायब हो गया था। परिजनों ने गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी और काफी खोजबीन की थी। लेकिन लंबे समय तक भी जब उसका पता नहीं चला तो परिजनों ने अनहोनी की आशंका मानकर उसकी तलाश धीमी कर दी थी। जैसे-जैसे साल बीतते गए, पिता की उम्मीदें धुंधली पड़ती गईं। लेकिन उसकी बहनों को उसके वापस लौटने की उम्मीद हमेशा बनी रही बहनों की आंखें सड़क से गुजरने वाले युवकों के बीच अपने भाई को तलाश करती रहती थीं। बहन प्रियंका ने बताया कि मुरादाबाद में लावारिस घूमता हुआ दिखा विकास, मंदबुद्धि विकास की बहन प्रियंका ने बताया कि वह पाकबाड़ा के डेंटल कॉलेज में नौकरी करती है।8 मार्च को उनका भाई मुरादाबाद में लावारिस हालत में घूमता हुआ दिखाई दिया। चेहरा काफी बदल चुका था और आगे के दांत भी टूटे हुए होने से पहचानना लगभग नामुमकिन था।

उन्होंने पुलिस व अपने पिता को फोन किया और लोगों की मदद से उसके शरीर के चोटों के निशान और उसके चाल चलन से उसे पहचान लिया। जिसके बाद विकास जब परिजनों के सामने आया, तो एक बार को सब असमंजस में थे भाई वर्षों बाद देख कर बहनें फूट-फूट कर रो पड़ीं।

## रैंकिग में रामपुर जिला पुलिस फिर अव्वल

**रामपुर, अमृत विचार:** सीएम डैशबोर्ड पर कानून व्यवस्था, शिकायतों के निस्तारण में माह मार्च-2026 की रैंकिंग में रामपुर पुलिस को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। 87.70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर माह मार्च-2026 में यह उपलब्धि हासिल की है। इससे पूर्व में जुलाई 2024 से अब तक जिला रामपुर सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में 20 बार प्रथम स्थान पर कायम रहा तथा माह जून 2025 में द्वितीय स्थान पर रहा। सीएम डैशबोर्ड में 50 बिंदुओं पर कार्यवाही के माध्यम से जनपदों की रैंकिंग तय की जाती है। इसमें महिला संबंधी अपराध से लेकर आरोपियों की गिरफ्तारी मामलों की समीक्षा होती है। जिले में पीड़ितों को समयबद्ध तरीके से न्याय मिलने से लेकर कई बिंदुओं को शामिल किया जाता है। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने पुलिस टीम को इसके लिए बधाई दी है।

# दलित छात्र से टीसी के लिए मांगे रुपये, भीम आर्मी का प्रदर्शन

- शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज का मामला

संवाददाता शाहाबाद

**अमृत विचार:** शाहाबाद के बिलारी मार्ग स्थित शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज में टीसी लेने गए दलित छात्र के साथ अभद्रता का मामला शुक्रवार को तूल पकड़ गया। पीड़ित छात्र के समर्थन में भीम आर्मी, भीम आर्मी स्टूडेंट फेडरेशन और आसपा से जुडे.कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कॉलेज के बाहर एकत्रित हुए और जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। सूचना पर सीओ शाहबाद देवकीनंदन सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। आक्रोश के चलते प्रधानाचार्य भुवनेश कुमार ठाकुर ने सार्वजनिक रूप से छात्र, उसके परिजनों और प्रदर्शनकारियों से माफी मांगी और अपनी गलती स्वीकार की। इसके बाद मामला शांत हुआ। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सुनील सागर और स्टूडेंट फेडरेशन के जिलाध्यक्ष सुवीर आजाद के नेतृत्व में भारी संख्या में कार्यकर्ता कॉलेज पहुंचे। इसके बाद प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गए। प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने बिलारी मार्ग पर जाम लगा दिया। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया और मौके पर पहुंचकर समझाइश के बाद जाम खुलवाया। कड़ी मशक्कत के बाद यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया जा सका।

# भाजपा स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं में भरा उत्साह



शाहबाद के मंगोली में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते सुरेश बाबू गुप्ता। ● अमृत विचार

**शाहबाद, अमृत विचार:** शाहबाद के गांव टांडा व अनवा में भाजपा का स्थापना दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता रहे। सुरेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। जो अपने कार्यकर्ताओं के समर्पण और संगठन की मजबूती के कारण लगातार आगे बढ़ रही है। सुभाष भटनागर ने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान पार्टी के वफादार व पुराने कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। अध्यक्षता ग्रामीण मंडल की अध्यक्ष पूनम सागर ने की। इस मौके पर मनीष शर्मा, वेदप्रकाश सागर, धर्मपाल सिंह लोधी, पुरुषोत्तम ठाकुर, राशिद अल्वी, पुष्पेंद्र तिवारी, मदन लाल, रामजी मौनी पांडे, राम बहादुर, मुरारी लाल, विनोद शर्मा, एहसान, बृजपाल, नरेंद्र मौर्य, ठाकुर रामगोपाल, रमेश कटारिया आदि रहे।

न्यूज डायरी



## थाना प्रभारियों ने व्यापारियों के साथ की गोष्ठी

**रामपुर, अमृत विचार :** जिले के सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपने–अपने थाना क्षेत्रों में व्यापारियों के साथ गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी के दौरान व्यापारियों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए। गोष्ठी व्यापारियों को सुरक्षा के दृष्टिगत महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए, जिनमें प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, संदिग्ध व्यक्तियों, गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने तथा लेन–देन के दौरान सतर्कता बरतने को लेकर जागरूक किया। साथ ही रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने एवं पुलिस–व्यापारी समन्वय को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। पुलिस द्वारा आश्वस्त किया गया कि जिले में कानून–व्यवस्था बनाए रखने और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## दबंगों ने व्यापारी और उसके भाई को पीटकर किया लहूलुहान

**बिलासपुर, अमृत विचार :** मंगलवार देर शाम दबंगों ने एक कपड़ा व्यापारी और उसके भाई पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना उस वक्त हुई जब व्यापारी अपनी पत्नी और बच्ची के साथ दवाई लेकर लौट रहा था। हमले में व्यापारी का भाई भी गंभीर रूप से घायल हो गया है तथा उसकी पत्नी के साथ भी अभद्रता की गई। मोहल्ला शीरी मियां निवासी मुहम्मद फैसल की मार्केट में कपड़े की दुकान है। बीते गुरूवार की देर रात वह अपनी पत्नी और छोटी बेटी के साथ दवाई लेकर वापस घर लौट रहा था। इसी बीच सब्जी मंडी मार्ग पर खड़ी बेतरतीब खड़ी एक बाइक अचानक उनकी पत्नी का पैर लगने के कारण गिर गई। इस बात से नाराज बाइक स्वामी ने उसकी पत्नी के साथ गाली–गलौज शुरू कर दी। पत्नी ने जब गाली–गलौज का विरोध किया तो वह अभद्रता करने लगा और मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर फैसल का भाई शारिक भी मौके पर आ गया और बात को शांत करवाने का प्रयास करने लगा। लेकिन बाइक स्वामी ने अपने कुछ अन्य साथियों को वहां बुला लिया तथा सभी ने धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमलावरों ने महिला के साथ भी धक्का–मुक्की की। धारदार हथियार लगने के कारण फैसल और शारिक दोनों भाई खून से लथपथ हो गए। सूचना मिलने पर कस्बा चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आनन फानन में घायल भाइयों को उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां से दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर गांव खौंदलपुर निवासी निम्मी खां और शिब्बी खां, समीर खां, फरहान खां और चार अज्ञात समेत 8 पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

## कुंडेश्वरी ने टांडा को दी 9-0 से करारी शिकस्त

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर, अमृत विचार :** स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में क्रीड़ा भारती एवं अंबेडकर क्लब के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट का शुक्रवार को पहला सेमीफाइनल यंगमैन टांडा रामपुर और कुंडेश्वरी की टीमों के बीच खेला गया। एकतरफा मुकाबले में कुंडेश्वरी की टीम ने टांडा को 9–0 से करारी शिकस्त दी। कुंडेश्वरी के खिलाड़ी अजय और अमन ने तीन–तीन गोल कर टीम को फाइनल में पहुंचा दिया। स्टेडियम पर पहले हाफ के 27 वें मिनट में कुंडेश्वरी के अजय ने गोल कर टीम का खाता खोल दिया। इसके कुछ मिनट बाद अमन ने गोल कर टीम को 2–0 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ के 35वे मिनट में कुंडेश्वरी की टीम के खिलाड़ी अजय ने शानदार हेड के द्वारा तीसरा गोल लगाकर कर अपनी टीम को 3 शून्य की बढ़त दिला दी। टांडा की टीम के खिलाड़ी गोल करने के लिए मैदान पर जद्दोजहद करते रहे। लेकिन कोई गोल नहीं कर सके कुंडेश्वरी की टीम ने टांडा को 9–0 से हरा दिया। मैच के निर्णायक अजीत कुमार रहे। लाइन मैन आदित्य और शुभम रहे। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष मनोज कुमार, अभिषेक लाल, विकास कुमार, महेश कुमार, नीरज चौहान, राजेंद्र कुमार, आकाश बाबू, अमित चौहान, नितिन, वरुण, रोनित, राज, विजेंद्र कुमार और जहीर आदि मौजूद रहे। शनिवार को मेरठ और मुरादाबाद के बीच शाम 4 बजे से सेमीफाइनल खेला जाएगा।

## प्रेमिका के घर पहुंचा प्रेमी, परिजनों ने पिटाई कर पुलिस को सौंपा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** प्रेमिका से मिलने मिलने उसके घर पहुंचा प्रेमी परिजनों के हत्थे चढ़ गया। परिजनों ने पिटाई कर पुलिस को सौंपा दिया। वहीं पुलिस ने उसका शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया। नगर के मोहल्ला लक्ष्मीनगर निवासी हर्ष का एक अन्य मोहल्ले की युवती से प्रेम–प्रसंग चल रहा था। गुरुवार की रात वह उससे मिलने पहुंचा। इस दौरान युवती के परिजनों ने उसे देख लिया और पिटाई कर दी। इसके बाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने युवक को सीएचसी पर भर्ती कराकर उपचार कराया और फिर कोतवाली ले आई। बाद में युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की। जिसमें कहा कि उसकी हर्ष से कभी–कभी बात होती थी। गुरुवार की रात साढ़े तीन बजे हर्ष उसके घर में घुस आया और गाली–गलौज करते हुए मारपीट की। साथ ही युवती का रिश्ता तुड़वाने की भी धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर पर हर्ष के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। साथ ही शांतिभंग की आशंका के तहत युवक का चालान भी किया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**न्यूज ब्रीफ**

### कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**सैदनंगली अमृत विचार :** सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव सकतपुर करनपुर निवासी सुरेश कुमार उर्फ कृष्ण कुमार ने थाना पर न्यायालय के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुरेश कुमार के अनुसार, 26 नवंबर को वह अमरोहा से घर लौट रहे थे, तभी देहरा के पास गलत दिशा से आ रहे एक बाइक सवार नाबालिग ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। विरोध करने पर आरोपी ने अपने साथियों को बुला लिया और मारपीट की। थाने में उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसके बाद पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### पुलिस की मौजूदगी में दुकान से हटा कब्जा

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला लालबाग संभलियान मस्जिद क्षेत्र में एक परिवार का आठ साल लंबा कानूनी संघर्ष शुक्रवार को रंग लाया। न्यायालय के आदेश पर कोर्ट अमीन ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में एक विवादित दुकान को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर वादी के पुत्र को चाबी सौंप दी। यह कानूनी विवाद वर्ष 2018 से मोहम्मद शाहिद और तनसीर अहमद के बीच किराए के भुगतान और दुकान खाली न करने को लेकर चल रहा था। लंबी सुनवाई के बाद 30 अक्टूबर 2023 को कोर्ट ने वादी के पक्ष में फैसला सुनाया था। डिक्री पारित होने के बावजूद जब प्रतिवादी ने कब्जा नहीं छोड़ा, तो न्यायालय ने बलपूर्वक कार्रवाई के आदेश दिए। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में कब्जा हटा दिया गया। पीड़ित ने न्यायालय के आदेश पर खुशी जाहिर की है।

### नामित सभासद का किया स्वागत

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद में प्रदेश सरकार द्वारा नामित सभासद बनने की खुशी में एक स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योगा ग्रुप की प्रशिक्षिका सुशील गुप्ता ने पटका एवं माला पहनाकर नवनियुक्त सभासद कुसुम अग्रवाल का स्वागत किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी महिलाओं ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर योगा ग्रुप की सदस्य रीना अग्रवाल, सुधा बंसल, पल्लवी सिंघल, ममता अग्रवाल, नीता अग्रवाल, ममता सिंघल, वंदना सिंघल, अलका अग्रवाल, निशा रानी, दीप्ती गर्ग, प्रिया अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

# अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित 12.48 लाख मतदाता दर्ज

## बैठक में मौजूद रहे राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, त्रुटि रहित बनाई गई है मतदाता सूची

**कार्यालय संवाददाता अमरोहा**

**अमृत विचार:** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत जनपद में अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। जिले में कुल 12,48,111 मतदाता दर्ज किए गए हैं। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

शुक्रवार को आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता ने पुनरीक्षण कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से कार्य करने पर बधाई दी। उन्होंने उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अंतिम निर्वाचक नामावली की प्रतियां भी उपलब्ध कराईं। जिलाधिकारी ने मतदाता सूची के अद्यतन की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने में सभी दलों का सहयोग सराहनीय रहा है। उन्होंने इसके लिए आभार भी व्यक्त किया। बैठक में भाजपा से चंद्रभान सिंह, सपा से ऋषिपाल सिंह यादव, बसपा से जफर महमूद अब्बासी, कांग्रेस से फैज आलम राईनी और आम आदमी पार्टी से हारिश मंसूरी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**जिले में सबसे अधिक 30-39 वर्ष के मतदाता :** एसआईआर का कार्य पूरा हो चुका है। जिले के वोटरों की अंतिम सूची प्रकाशित हो गई है। जिसमें सबसे अधिक मतदाता 30-39 साल की उम्र के है। कुल 12 लाख 48 हजार मतदाताओं में से 3.54 लाख मतादाता 30-39 साल की उम्र के है। जबकि 100 की उम्र पार कर चुके कुल 135 मतदाता है। वहीं जो पहली बार या दूसरी बार वोट डालेंगे उनकी गिनती 16301 है।


बैठक में निर्देश देतीं डीएम निधि गुप्ता। ● अमृत विचार

**विधानसभा वार मतदाता**

- अंतिम मतदाता सूची के अनुसार अमरोहा विधानसभा क्षेत्र में 156 मतदान केंद्रों और 368 मतदेय स्थलों पर कुल 2,88,976 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 1,53,506 पुरुष, 1,35,466 महिला और 4 अन्य मतदाता शामिल हैं।
- धनौरा विधानसभा क्षेत्र में 252 मतदान केंद्रों और 426 मतदेय स्थलों पर कुल 3,09,099 मतदाता हैं। इसी तरह नौगावां सादात विधानसभा क्षेत्र में 283 मतदान केंद्रों और 417 मतदेय स्थलों पर 3,10,394 मतदाता दर्ज किए गए हैं।
- वहीं हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में 226 मतदान केंद्रों और 423 मतदेय स्थलों पर कुल 3,39,642 मतदाता शामिल हैं। जिले में कुल 6,71,222 पुरुष, 5,76,857 महिला और 32 अन्य मतदाताओं को मिलाकर कुल 12,48,111 मतदाता दर्ज किए गए हैं।

### हाइड्रा की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** अफजलगढ़ रोड पर हाइड्रा ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम को खुलवाया।

- **अफजलगढ़ रोड पर हुआ हादसा काशीपुर से आ रहा था युवक**

अंगदपुर निवासी राजीव कुमार (25) राजमिस्त्री का काम करते थे। गुरुवार रात काशीपुर में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह अफजलगढ़ रोड स्थित पानी की टंकी के पास पहुंचे, सामने से आ रहे हाइड्रा ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में राजीव की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद रोड पर जाम लग गया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। घटना के बाद युवक के परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। घटना के बाद हाइड्रा चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसे तलाश कर रही है।

### शिक्षकों ने घर-घर जाकर किया जनसंपर्क


अभिभावकों का जनसंपर्क करते शिक्षक। ● अमृत विचार

- **अभिभावकों से की बच्चों को स्कूल भेजने की अपील**

**हसनपुर, अमृत विचार:** शुक्रवार को विकास खंड गंगेश्वरी के प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर में शिक्षकों और विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा स्कूल चलो अभियान के तहत नवीन नामांकन हेतु सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

इस दौरान विद्यालय के स्टाफ ने गांव की गलियों और घर-घर जाकर अभिभावकों से बात की। इस दौरान शिक्षकों ने 6 से 14 वर्ष की आयु वर्ग के उन बच्चों को चिन्हित किया, जिनका अभी तक किसी विद्यालय में नामांकन नहीं हुआ है। अभिभावकों को परिषदीय विद्यालयों में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी।

प्रधानाध्यापक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने विचार व्यक्त किया। जनसंपर्क के इस अवसर पर वरिष्ठ संकुल शिक्षक संजय सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष इंद्र सिंह, सहायक अध्यापक अमित कुमार, मदनपाल,अजय सागर, मनीष कुमार, रेनू कंसल, राशिद अली और संतराम सिंह आदि रहे।

# प्रदूषण के खिलाफ 111वें दिन भाकियू का धरना प्रदर्शन जारी

**संवाददाता गजरौला**

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन शुक्रवार को क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में 111वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान एसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि नाईपुरा जैसे दर्जनों गांव एससी समाज के लोगों के हैं।

जुबिलेंट फैक्ट्री के द्वारा बोरवेल के जरिए पानी जमीन में डालकर इस क्षेत्र का पानी जहरीला कर दिया गया है। जल्दी इस पानी का कोई समाधान नहीं निकला गया तो गजरौला क्षेत्र का पूरा एससी समाज संयुक्त मोर्चा के बैनर तले आंदोलन करने को मजबूर होगा। जुबिलेंट फैक्ट्री यदि जल्द पानी का इंतजाम नहीं करती तो इनके गेटों की तालाबंदी की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि संयुक्त मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल बहुत जल्द मुख्यमंत्री से मिलने जाएगा। गजरौला क्षेत्र के किसान और आम नागरिक हर रोज गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता गौतम लंबरदार,जिला अध्यक्ष सुधीर चौधरी, अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एहसान अली, होमपाल सिंह, रामशरण सिंह, सोमपाल सिंह, रामप्रसाद सिंह, मुनीश सलमानी, बारिश चौधरी, जैद सलमानी, सुरेश सिंह आदि किसान लोगों मौजूद रहे है।



धरना देते किसान। ● अमृत विचार

- **111 दिन से धरने पर बैठे हैं दर्जनों किसान**

### मेगा स्कॉलरशिप टूर्नामेंट में आठ टीमें करेंगी शिरकत

**हसनपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें मंच प्रदान करने के उद्देश्य से नगर में क्रिकेट अकादमी के मैदान पर मेगा क्रिकेट कैश स्कॉलरशिप टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से होनहार खिलाड़ियों को न केवल अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा, बल्कि उन्हें आर्थिक प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज को 50,50, हजार रुपए की विशेष स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। खिलाड़ियों के चयन के लिए जिला सिलेक्टर अमन लिट द्वारा विशेष ट्रायल लिए गए। ट्रायल में प्रदर्शन के आधार पर कुल 8 टीमों का गठन किया जाएगा। ये टीमें आपस में 5 लीग मैच खेलेंगी। अकादमी के कोच मयंक प्रताप ने बताया कि खिलाड़ियों को निखारने के लिए टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है।

# एचटी लाइन में फाल्ट होने से चार बीघा गेहूं की फसल जली

- **प्रशासन से की मुआवजा दिलाने की मांग**

**संवाददाता गजरौला**

**अमृत विचार :** हाईटेंशन लाइन में फाल्ट होने से तार टूटकर गेहूं के खेत में गिर गया, जिससे फसल जलकर राख हो गई। किसान ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है। वहीं लोगों का कहना है कि डीएम के निर्देश के बाद भी जर्जर तारों को सही नहीं किया गया है। किसान परेशान है।

शुक्रवार की दोपहर थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाईं निवासी लक्ष्मीनारायण के खेत में हाईटेंशन लाइन पर स्पार्किंग होने से तार टूटकर खेत में गिर गया, जिससे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। हवा चलने गेहूं की फसल धूं धूं कर जलने लगी देखते ही देखते आग ने पूरे खेत की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन हवा के कारण तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन जबतक किसान की चार बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। आग लगने से किसान का हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। जिसको लेकर किसान ने घटना की जानकारी लेखपाल को देकर मुआवजे की मांग की है।


खेत में लगी आग के बाद गेहूं की फसल से उठता धुंआ। ● अमृत विचार

### लकड़ी माफिया ने आम के हरे पेड़ों पर चलाई कुल्हाड़ी

**हसनपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के संभल मार्ग स्थित अब्दुल्ला कॉलोनी के निकट एक बाग से आधा दर्जन हरे पेड़ अवैध रूप से काट देने का मामला सामने आया है। अब्दुल्ला कॉलोनी के पास स्थित एक बाग में लकड़ी कटान की सूचना वन विभाग को मिली थी। बताया जा रहा है कि बाग से करीब आधा दर्जन पेड़ों को काटा गया है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, इनमें से चार पेड़ों के कटान की रसीद पहले ही काटी जा चुकी थी, लेकिन बाकी पेड़ों के कटान को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की और काटी गई लकड़ी को पकड़ ली गई है। इस संबंध में वन रेंजर नरेश कुमार ने बताया कि लकड़ी कटान की सूचना पर टीम भेजी गई थी। मौके से लकड़ी पकड़ी गई है और पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।


पेड़ कटने के बाद पड़ी आम की हरी लकड़ी ● अमृत विचार

# केवाईसी के लिए उमड़ रही भीड़


एजेंसी एवं गोदाम पर उपभोक्ताओं की लगी लाइन। ● अमृत विचार

**संवाददाता हसनपुर**

- **केवाईसी कराने के लिए सुबह से ही लग जाती है लाइन**

**अमृत विचार:** रसोई गैस की कमी से उपभोक्ताओं की परेशानी भी बढ़ती जा रही है और गैस के इंतजार में उपभोक्ताओं को एजेंसियों एवं गोदाम के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वही कंपनी द्वारा अनिवार्य की गई केवाईसी के लिए भी एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लाइन लगी रहती है।

शुक्रवार को नगर स्थित गैस इंडेन एजेंसी, सचिन इंडियन गैस एजेंसी एवं हिमांशु इंडियन गैस वितरक पर गैस उपभोक्ताओं की काफी भीड़ लगी रही, उपभोक्ताओं के द्वारा एजेंसी पहुंचकर बुकिंग एवं केवाईसी कराई जा रही है।एजेंसी संचालकों का दावा है कि बुकिंग के आधार पर ग्राहकों को सिलिंडर दिए जा रहे हैं।पूर्व में रसोई गैस आसानी से उपलब्ध हो जाने के कारण भी उपभोक्ताओं को बुकिंग की जरूरत नहीं पड़ी।ऑनलाइन बुकिंग के अनुसार पहुंचे उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर का वितरण भी किया जा रहा है। उसके बावजूद गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भीड़ कम नहीं हो रही है। इससे कर्मचारी भी परेशान है। कर्मचारियों का कहना है कि अमेरिका-ईरान युद्ध को देखते हुए लोग एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं।गैस सिलिंडरों की अफवाह के चलते भी भीड़ बढ़ रही है। एजेंसियों पर भीड़ के चलते होम डिलीवरी करने में समस्या आ रही है।

### ग्रामीणों ने युवती की शिकायत को बताया झूठ


कोतवाली में एकत्र ग्रामीण। ● अमृत विचार

**हसनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवती से छेड़छाड़ और कपड़े फाड़ने के मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। जहां एक ओर युवती ने अभद्रता व कपड़े फाडने का आरोप लगाया है, वहीं शुक्रवार को भारी संख्या में ग्रामीणों ने कोतवाली पहुंचकर इस मामले को पूरी तरह फर्जी करार दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में आपसी राजनीतिक द्वेष के चलते युवक को झूठे मामले में फंसाया जा रहा है। ऐसी कोई घटना घटित ही नहीं हुई है और यह सब राजनीति के चलते विपक्षी गुट की साजिश है। गौरतलब है कि पीड़िता ने गुरुवार सुबह खेत पर काम करने के दौरान गांव के ही एक युवक पर छेड़छाड़ और विरोध करने पर कपड़े फाड़ने की तहरीर दी थी। फिलहाल, कोतवाली में दोनों पक्षों के बीच तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। पुलिस गांव पर नजर बनाए है।

### सड़क जाम करने वाले लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**सैदनगली, अमृत विचार:** थाना सैदनंगली क्षेत्र में पुलिस कार्य में बाधा डालने और सड़क जाम कर हंगामा करने के आरोप में 16 नामजद सहित करीब 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

9 अप्रैल को ग्राम दमगढ़ी निवासी मुकेश की मृत्यु के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने शव को रखकर सैद नंगली थाने के सामने विरोध प्रदर्शन किया। जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा और सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न हुआ। पुलिस ने गुड्डू, राजकुमार, रजनी, जसपाल, नेकपाल, गुरु वचन, कविता, राजेंद्र, विपिन, सुरेंद्र, सतपाल, राजीव, मुनीराम, सुखदेव निवासी छोटी दमगढ़ी सोनू निवासी रमपुरा संभल और मुनिया निवासी बाला नांगल को नामजद किया है।

# आरटीआई एसोसिएशन ने समस्याओं को लेकर एसई विद्युत को सौंपा ज्ञापन

**कार्यालय संवाददाता अमरोहा**

**अमृत विचार:** आरटीआई एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के जिलाध्यक्ष मनु शर्मा एडवोकेट की अगुवाई में विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर नवागत अधीक्षण अभियंता राघवेंद्र प्रताप सिंह को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को दोपहर आरटीआई एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के जिलाध्यक्ष पं० मनु शर्मा एडवोकेट की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्ट्रेट के पास स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचा। जिले में नवागत अधीक्षण अभियंता विद्युत राघवेंद्र प्रताप सिंह से मिलकर विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को रखा गया एवं पांच सूत्रीय ज्ञापन उन्हें सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि जनपद भर के समस्त विद्युत वितरण खंडो को निर्देशित किया जाए कि समस्त पुराने, जर्जर, जीर्ण-क्षीर्ण, गले व टूटे हुए खम्भों को चिन्हित कर शीघ्र अति शीघ्र बदला जाए ताकि कोई भी अप्रिय घटना या जनहासमनि होने से बच सके। प्रत्येक दशा में उपभोक्ताओं की उपस्थिति में ही मीटर परीक्षण या निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। ताकि मीटर परीक्षण की प्रक्रिया उपभोक्ता हित में अधिक पारदर्शी व जवाबदेह बन सके। ज्ञापन देने वालों में संजीव जिंदल, दिनेश सिंह, चंद्रगुप्त मौर्य, विनोद मौर्य, राजीव कुमार गोले, शानू कुरैशी, वीर सिंह आदि उपस्थित रहे।


अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन देते एसोशिएसन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# समीक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**कार्यालय संवाददाता अमरोहा**

- **विकास कार्य समयबद्ध पूर्ण करने पर जोर**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति के सभापति अश्वनी त्यागी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। शासनादेशों के अनुपालन, विकास कार्यों की प्रगति और जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर कार्रवाई की स्थिति की समीक्षा की गई।

शुक्रवार को आयोजित बैठक की शुरुआत में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और अपर पुलिस अधीक्षक ने सभापति व समिति सदस्यों का स्वागत किया। इसके बाद समिति ने वर्ष 2024 से अब तक विधानमंडल के सदस्यों से प्राप्त पत्रों, विकास कार्यों से जुड़े प्रस्तावों और उनके निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली। सभापति ने निर्देश दिए कि सभी विभाग शासनादेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें और कार्य निर्धारित नियमों व प्रक्रियाओं के तहत ही किए जाएं। बैठक में विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध पूरा करने पर जोर दिया गया। समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन के तहत क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, शिक्षा विभाग में नामांकन बढ़ाने, छात्रवृत्ति वितरण, विद्युत विभाग की बैठकों, साइबर अपराधों पर कार्रवाई और सड़क सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भी निर्देश दिए गए। बैठक में विधान परिषद सदस्य मानवेंद्र सिंह, शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, धर्मेंद्र कुमार भारद्वाज, पवन कुमार सिंह, समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रीपेड बिजली मीटर के खिलाफ बढ़ा जनाक्रोश

**बिजनौर, अमृत विचार:** जिला मुख्यालय पर स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर व्यवस्था के खिलाफ विरोध तेज होता जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर डीके फाउंडेशन ऑफ फ्रीडम एंड जस्टिस के पदाधिकारियों ने विद्युत विभाग के उप मंडलीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए व्यवस्था में बदलाव की मांग उठाई है। संगठन के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि प्रीपेड मीटर प्रणाली आम उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बन गए है। बैलेंस खत्म होते ही बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है, जिससे लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान डा. सलाउद्दीन, मुस्तकीम अहमद, जुनैद चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने इस व्यवस्था को जनविरोधी बताते हुए कहा कि इससे सामाजिक असमानता और बढ़ रही है।

### उप मुख्यमंत्री से रोजगार सेवकों ने लगाई गुहार

**संवाददाता मंडी धनौरा**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष कुबेर सैनी के नेतृत्व में पदाधिकारियों संग मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों के लंबित मानदेय और ईपीएफ से जुड़ी समस्याओं को लेकर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को पत्र देकर समाधान की मांग की।

पत्र के माध्यम से जिलाध्यक्ष कुबेर सिंह सैनी ने बताया कि जनपद के ग्राम रोजगार सेवक पिछले करीब 9-10 माह से मानदेय के भुगतान से वंचित हैं, जिससे उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। पत्र में यह भी बताया गया कि वर्ष 2015 से अब तक ग्राम रोजगार सेवकों के ईपीएफ की कोई स्पष्ट जानकारी संबंधित विभाग द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई है। न ही यह बताया जा रहा है कि कटौती की गई धनराशि कहां जमा की गई, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। संगठन ने उपमुख्यमंत्री से लंबित भुगतान कराने के अलावा अन्य मांगे की है। जिलाध्यक्ष कुबेर सैनी,अशोक सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे।


डिप्टी सीएम से मिलते रोजगार सेवक।

# गंगा पुल बंद होने से नाव वाले वसूल रहे मनमाफिक किराया

## प्रति बाइक 150 और प्रति व्यक्ति से 50 रुपये वसूली, दो दिन पहले नाव पलटने से मचा था हड़कंप, यात्रियों ने कूदकर बचाई थी जान

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** संभल और बुलंदशहर जनपद को जोड़ने वाला अनूपशहर गंगा पुल इन दिनों मरम्मत कार्य के चलते बंद कर दिया गया है। मुरादाबाद-बुलंदशहर मार्ग की लाइफ लाइन माने जाने वाले इस पुल पर बुधवार से कार्य शुरू होने के बाद आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। पुल गंगा पार करने के लिए नाव ही अब सहारा है लेकिन नाव संचालक लोगों की मजबूरी का फायदा उठा रहे हैं।

पुलिस पर यातायात बंद होने और डायवर्जन लागू होने के हालात में अब गंगा नदी पार करने के लिए नावों का ही सहारा है। इस स्थिति का लाभ उठाते हुए नाव संचालकों ने पांच नावों के जरिए यात्रियों और दोपहिया वाहनों को पार कराना शुरू किया है। इसके लिए मनमाने तरीके से किराया वसूला जा रहा है। एक बाइक या स्कूटी को एक तरफ से गंगा पार



संभल में अनूपशहर का गंगा पुल बंद होने के बाद लगाए गए अवरोध। • अमृत विचार

- मरम्मत कार्य के लिए बंद किया गया है पुल पर यातायात
- व्यापारियों को हो रही खासी दिक्कत

कराने के लिए 150 रुपये और एक व्यक्ति से 50 रुपये लिए जा रहे हैं। इस तरह आने-जाने में एक बाइक सवार को 300 रुपये और एक व्यक्ति को 100 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं, जिससे आमजन पर आर्थिक बोझ भी बढ़ गया है। नाव पर ज्यादा लोगों को बैठाने की वजह से हादसे की आशंका भी बनी है। प्रशासन द्वारा जारी डायवर्जन के तहत बुलंदशहर या अनूपशहर से संभल और मुरादाबाद की ओर जाने वाले वाहनों को भीमपुर दोराहा और डिबाई होते हुए नरोरा मार्ग से भेजा जा रहा है। इस वैकल्पिक मार्ग के कारण यात्रियों को 30 से 40 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर



गंगा पुल बंद होने के बाद बाइक नाव में रखकर गंगा पार करते लोग। • अमृत विचार

### तीन दिन पहले पलट गई थी नाव

8 अप्रैल को नाव संचालन के दौरान बड़ा हादसा होते-होते बचा था। नाव में चार बाइक लादकर व कुछ लोगों को बैठाकर गंगा पार कराई जा रही थीं, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से नाव पलट गई। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। नाव में सवार यात्रियों ने किसी तरह गंगा में कूदकर अपनी जान बचाई, जबकि चारों बाइक नदी में समा गईं। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

लगाना पड़ रहा है, जिससे समय और ईंधन दोनों की खपत बढ़ गई है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पुल में लंबे समय से कंपन की समस्या सामने आ रही थी। भारी वाहनों के आवागमन से पुल में तेज कंपन हो रहा था, जिससे भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई थी।

इसी को देखते हुए मरम्मत कार्य कराया जा रहा है और सुरक्षा के दृष्टिकोण से फिलहाल वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रखा गया है। यह व्यवस्था करीब 15 दिनों तक लागू रहने की संभावना है।

### पुल बंद होने से व्यापार पर असर

अनूपशहर गंगा पुल बंद होने का असर स्थानीय व्यापार पर भी साफ दिखाई दे रहा है। अनूपशहर और संभल के बीच होने वाला दैनिक कारोबार प्रभावित हो गया है। सब्जी विक्रेताओं, दूध आपूर्ति करने वाले लोगों, छोटे व्यापारियों और निजी कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों को समय पर अपने कार्यस्थल तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नाव संचालन की व्यवस्था को सुरक्षित और नियंत्रित करने की मांग की है, ताकि किसी बड़े हादसे की पुनरावृत्ति न हो सके और यात्रियों को राहत मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### मेधावियों को किया गया सम्मानित

**रजपुरा, अमृत विचार :** सिपाही लाल स्मारक किसान इंटर कॉलेज रजपुरा में शुक्रवार को मेधावी एवं अनुशासित विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 11 तक के उन छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही ऐसे विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने पूरे सत्र के दौरान उत्कृष्ट अनुशासन का परिचय दिया। सभी विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त किया।

### विद्यालक्ष्मी योजना के प्रति किया जागरूक

**चंदौसी, अमृत विचार :** एसएम कॉलेज में सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी कार्यक्रम समिति के तत्वावधान में प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. डॉ. दानवीर सिंह यादव द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य साझा किया। डॉ. सूरज शर्मा, संयोजक, सरकारी एवं अर्धसरकारी समिति और ऋण संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ एनके शर्मा, प्रोफेसर जितेंद्र कुमार, प्रोफेसर राम अधार यादव, प्रोफेसर दीप श्रीवास्तव, प्रोफेसर पवन कुमार यादव, डॉ. विशेष कुमार पाण्डेय, डॉ प्रदीप कुमार रहे।

### कोलाज व स्क्रैप बुक प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया हुनर

**चंदौसी, अमृत विचार:** एनकेबीएमजी कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा कोलाज एवं स्क्रैप बुक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका संस्कृत विभाग की प्रो. रंजना अग्रवाल और बीएड विभाग की डॉ. भावना बिष्ट ने निभाई।

कोलाज प्रतियोगिता में निकेता ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय तथा नेमवती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं स्क्रैप बुक प्रतियोगिता में राधिका ने प्रथम, सुल्ताना खातून ने द्वितीय और तय्यबा नूर ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्या प्रो. अलका रानी अग्रवाल ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और प्रयास से वे और बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं। संचालन अर्थशास्त्र विभाग की प्रभारी डॉ. ममता शर्मा ने किया।

# आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बढ़ें विद्यार्थी

- वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को दी शिक्षा परक जानकारी

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** एसएम कॉलेज चंदौसी में नवाचार समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने उद्यमिता, नवाचार और स्वरोजगार के महत्व पर प्रकाश डाला।



चंदौसी के एसएम कॉलेज में कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता। • अमृत विचार

नवाचार समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर पवन कुमार यादव ने शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत गठित नवाचार समिति की कार्यशैली एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। डॉ. प्रदीप कुमार ने उद्यमिता में आने वाली विफलताओं और उनसे बचाव के बारे में बताया। डॉ. दीप कुमार श्रीवास्तव ने 'विचार से व्यापार' की दिशा में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। वहीं उद्योगपति फूलप्रकाश ने विद्यार्थियों को ज्ञान के माध्यम से स्वरोजगार की ओर बढ़ने और नवाचार में नई तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया।

दिलीप नगीना ने विद्यार्थियों से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रयास करने का आह्वान किया। डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा ने बौद्धिक संपदा अधिकारों की जानकारी देते हुए मौलिक विचारों के संरक्षण के महत्व को समझाया। प्राचार्य प्रो. डॉ. दानवीर सिंह यादव ने कहा कि कोई भी सपना छोटा नहीं होता और उसे साकार करने के लिए दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास आवश्यक है।

संचालन डॉ. विशेष कुमार पांडेय ने किया। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. राम अधार सिंह यादव, डॉ. सुनील गुप्ता, डॉ. महेंद्र कुमार वर्मा सहित अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा।

# कल्कि संभल की शूटिंग के लिए चंदौसी पहुंची टीम



एसएम कॉलेज में फिल्म की शूटिंग के लिए लोकेशन देखते फिल्म निर्माता व अन्य।

संवाददाता, चंदौसी

**अमृत विचार:** संभल के साम्प्रदायिक दंगों पर जानी फायरफॉक्स स्टूडियो'' के बैनर तले बनने वाली कल्कि संभल फिल्म की शूटिंग 14 अप्रैल से चंदौसी के एसएम कॉलेज में शुरू होगी। इसके लिए शुक्रवार को फिल्म निर्माण से जुड़ी टीम ने एसएम कॉलेज पहुंचकर लोकेशन का जायजा लिया और कॉलेज के प्राचार्य से बात की। शुक्रवार को फिल्म के डायरेक्टर भारत श्री नारायण एसएम कालेज पहुंचे। प्राचार्य डा. दानवीर सिंह यादव से वार्ता की और शूटिंग के लिए लिखित रूप से अनुमति मांगी। निदेशक ने सीता रोड स्थित विशाल गणेश प्रतिमा, रामबाग धाम पर भगवान राम की प्रतिमा तथा मोहल्ला लक्ष्मणगंज में बावड़ी का जायजा लिया। माना जा रहा है कि इन सभी लोकेशन को फिल्म में शामिल किया जाएगा। यह फिल्म 1978 के दौरान हुई हिंसा, संघर्ष और लोगों की त्रासदी को दिखाएगी।

# पावर लिफ्टिंग में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**चंदौसी, अमृत विचार:** मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज गुरु जम्भेश्वर विश्विद्यालय मुरादाबाद में पावर लिफ्टिंग पुरुष एवं महिला वर्ग का आयोजन किया गया। जिसमें कई महाविद्यालयों की टीम ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि व कॉलेज के प्रबंधक डॉ. अशोक यादव व डॉ. अमोल कंचन, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजकुमार गोयल ने किया। प्रतियोगिता के 59 किग्रा में अर्जुन मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज, 66 किग्रा में संजीव मॉडल एजुकेशन कॉलेज चंदौसी, 74 किग्रा वर्ग में विकास केजीके कॉलेज मुरादाबाद, 93 किग्रा में अंकित यादव अमरोहा लॉ कॉलेज प्रथम रहे। 83 किग्रा में गर्व यादव मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज, 105 किग्रा में तनिष्क कुमार हिन्दू कॉलेज मुरादाबाद प्रथम रहे।

# मुन्नी माता मंदिर में हुआ यज्ञ और भंडारा



संभल में मंदिर के वार्षिकोत्सव पर यज्ञ में आहुतियां देते श्रद्धालु। • अमृत विचार

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** नगर संभल के तिवारी सराय स्थित प्राचीन मुन्नी माता मंदिर का वार्षिकोत्सव गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया।

मंदिर के प्रबंधक राज कुमार शर्मा ने मंदिर के विषय में जानकारी दी। वार्षिकोत्सव के अवसर पर प्रातःकाल से ही पूजा-पाठ एवं हवन का आयोजन पंडित विशाल शर्मा के सान्निध्य में किया गया। भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अशोक त्रिवेदी, मुकेश शर्मा, कैलाश गुप्ता, शंकर शर्मा, महेश माथुर, संदेश भटनागर, प्रभाकर शुक्ला, विनय भटनागर, संजीव शुक्ला, सोनू सैनी, प्रमोद सैनी, राकेश वार्ष्णेय, राज सैनी, संजय शर्मा, पूनम, रुचि, नीतू, निशा, सुमन, रागिनी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

# एचटी लाइन में शार्ट सर्किट से गेहूं की फसल जलकर राख



असमोली में आग से जली गेहूं की फसल। • अमृत विचार

संवाददाता, असमोली

**अमृत विचार:** थाना असमोली क्षेत्र के गांव असमोली में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही देर में खेत में खड़ी पूरी फसल जलकर राख हो गई।

गांव असमोली निवासी अमित की करीब तीन बीघा गेहूं की फसल आग की चपेट में आ गई। पीड़ित किसान अमित कुमार ने बताया कि आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग लगते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया, लेकिन तेज लपटों के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। जब तक आग पर नियंत्रण पाया गया, तब तक पूरी फसल जल चुकी थी। इस घटना में किसान को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना के बाद पीड़ित किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# उप डाक घर पर कर्मचारी न आने पर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा

**अमृत विचार:** विकास खंड असमोली क्षेत्र के गांव ऐंचौड़ा कंबोह स्थित उपडाकघर पर गुरुवार को खाताधारकों का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर डाक विभाग के खिलाफ विरोध जताया और बाद में प्रवर अधीक्षक डाकघर, मुरादाबाद मंडल को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि उपडाकघर में तैनात कर्मचारी तरुण सौरव नियमित रूप से समय पर ड्यूटी पर नहीं आते हैं और डाकघर भी समय से नहीं खोलते। इसके चलते क्षेत्र के लोगों को समय पर डाक सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। कर्मचारी की लापरवाही के कारण खाताधारक अपने बचत खातों में समय से



संभल के ऐंचौड़ा कंबोह उप डाकघर पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। • अमृत विचार

- प्रवर अधीक्षक डाकघर को भेजा शिकायती पत्र

धनराशि जमा नहीं कर पा रहे हैं। जब ग्रामीण इस संबंध में आपत्ति जताते हैं और समय पर कार्य करने की बात कहते हैं, तो कर्मचारी अभद्र भाषा का प्रयोग करता है और धमकी देता है। प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने प्रवर अधीक्षक डाकघर, मुरादाबाद मंडल को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई करने और शाखा डाकघर ऐंचौड़ा कंबोह की व्यवस्था में सुधार की मांग की है। वहीं डाककर्मी तरुण सौरव का कहना है कि उन पर लगाये गये आरोप झूठे हैं। शिकायती पत्र पर योगेश गुप्ता, अनमोल बंसल, मुशारीफ, जाकिर, नदीम समेत कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

## न्यूज डायरी

### छात्राओं को बैड व गुड टच के प्रति किया गया जागरूक

**चंदौसी, अमृत विचार :** शहर के बीएमजी इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को बैड व गुड टच के प्रति जागरूक किया गया। छात्राओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया और घरेलू हिंसा के खिलाफ जागरूक रहने को कहा गया। इस दौरान महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर मिशन शक्ति टीम द्वारा बताए गए। टीम द्वारा पंपलेट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में एसआई आरती सिसोदिया, हेड कांस्टेबल कुसुम, महिला कांस्टेबल गीता, कांस्टेबल सुमन और प्रीति शामिल रही।





### सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के बताए रास्ते पर चलने का किया आह्वान

**चंदौसी, अमृत विचार :** सिद्धार्थ बुद्ध विहार कैथल रोड में सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की जयंती मनाई गई। सभी ने उनके बताए पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त, बौद्ध धर्म और डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम सिंह बौद्ध ने की। कार्यक्रम में पुष्पा बौद्ध, ज्ञानवती कुशवाहा, हिमांशु मौर्य, सत्यपाल बौद्ध, विशाल मौर्य, लोकेश मौर्य, सतीश मौर्य, अरविन्द आंबेडकर आदि शामिल रहे।

### एमजीएम कॉलेज में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना

**संभल, अमृत विचार :** एमजीएम पीजी कॉलेज संभल में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत छात्राओं की सहायता के लिए महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई। इसका उद्देश्य छात्राओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। महिला हेल्प डेस्क की संयोजिका हिन्दी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विजयलक्ष्मी शर्मा को बनाया गया है, जबकि सह-संयोजिका के रूप में डॉ. प्रीति सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा भावना, अलका, अकसा, सलोनी और प्रेरणा शर्मा को सदस्य बनाया गया है। संयोजिका डॉ. विजयलक्ष्मी शर्मा ने कहा कि किसी भी छात्रा को किसी प्रकार की समस्या होने पर वह बेझिझक हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकती है। मिशन शक्ति प्रभारी डॉ. रीतू भटनागर ने छात्राओं को हेल्प डेस्क की जानकारी दी। वहीं, प्राचार्य प्रो. डॉ. योगेंद्र सिंह ने सभी संयोजिकाओं एवं सदस्याओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना बंसल ने किया।

### शिविर में की गई 100 मरीज के स्वास्थ्य की जांच

**चंदौसी, अमृत विचार :** जायट्स ग्रुप वुमेन शिखर चंदौसी द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आजाद रोड के निजी अस्पताल में किया गया। जिसमें 100 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। दीप प्रज्वलित कर सेंट्रल कमेटी मेंबर सुधा चौधरी द्वारा कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप में डॉ. जितेंद्र ने रोगियों को परीक्षण किया और स्वास्थ्य एवं अस्थमा संबंधी जानकारी दी। ग्रुप अध्यक्ष नीतू रस्तोगी और सचिव शालिनी शर्मा ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान सीमा अग्रवाल, सुप्रिती गुप्ता, कोषाध्यक्ष शोभा शर्मा और ग्रुप डायरेक्टर मौजूद रही।



# जनपद में 3.96 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम कटे

- चंदौसी में सबसे ज्यादा 99 हजार वोट कटे

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** जनपद में निर्वाचक नामावली के विशेष पुनरीक्षण के बाद कुल 3,96,701 मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। चारों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या में कमी दर्ज की गई। भाजपा के गढ़ कहे जाने वाले राज्य मंत्री गुलाब देवी के विधानसभा क्षेत्र चंदौसी में सबसे अधिक 99,093 वोट कटे, जबकि असमोली में सबसे कम 50,371 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं।



राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया।

जिला कलेक्ट्रेट सभागार, बहजोई में शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत अंतिम प्रकाशन किया गया। इस दौरान सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे और प्रत्येक बूथ पर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि अंतिम निर्वाचक नामावली की निःशुल्क प्रतियां राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई हैं, साथ ही हार्ड और सॉफ्ट कॉपी भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में जनपद की कुल जनसंख्या 27,42,024 थी। एसआईआर से पूर्व 27 अक्टूबर 2025 को 15,70,306 मतदाता थे, जबकि 6 जनवरी 2026 को ड्राफ्ट रोल के समय यह संख्या घटकर 12,51,705 हो गई थी। अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 के समय कुल मतदाता बढ़कर 13,43,051 हो गए हैं। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट रोल के समय ईपी रेशियो 45.65 था, जो अंतिम प्रकाशन में बढ़कर 48.98 हो गया है। वहीं जेंडर रेशियो 806 से बढ़कर 820 पहुंच गया है। डीएम ने कहा कि अंतिम प्रकाशन के बाद भी सतत पुनरीक्षण जारी रहेगा और मतदाता ऑनलाइन माध्यम से फार्म-6, 7 एवं 8 भरकर अपने आवेदन कर सकते हैं।

**शुरू हो गया मंथन, किसे नुकसान किसे फायदा :** एसआईआर के बाद मतदाता सूची सामने आई तो इस बात का भी मंथन शुरु हो गया कि वोट कम होने के बाद किस विधानसभा क्षेत्र में किस पार्टी को फायदा और किसे नुकसान होगा इसको लेकर मंथन शुरू हो गया है।

### किस विधानसभा क्षेत्र में कितने मतदाताओं के नाम सूची से हटे

भाजपा का गढ़ माने जाने वाले चंदौसी सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 99,093 मतदाताओं के नाम सूची से हटाये गये हैं। समाजवादी पार्टी के गढ़ संभल विधानसभा क्षेत्र में 73,926 मतदाता कम हुए हैं। विधानसभा क्षेत्र संभल में पहले 3,72,338 मतदाता थे, अब यह संख्या 2,98,412 रह गई है। असमोली में 50,371 मतदाता कम हुए हैं। पहले यहां 3,79,364 मतदाता थे, अब यह संख्या 3,28,993 रह गई है। वहीं गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र में 95,311 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटा है। पहले यहां 4,19,373 मतदाता थे, जो घटकर 3,24,062 रह गए हैं।

# मई से गांवों में दौड़ेंगी मिनी बसें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 1003 में से 286 आवेदन चयनित, 13 अप्रैल तक स्क्रीनिंग पूरी करने के निर्देश

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी देने की दिशा में प्रक्रिया तेज हो गई है। परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रदेशभर से प्राप्त 1003 आवेदनों में से अब तक 286 का चयन किया जा चुका है, जबकि शेष आवेदनों की स्क्रीनिंग 13 अप्रैल तक पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

परिवहन मंत्री ने बताया कि उप्र. परिवहन निगम के 20 क्षेत्रों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनकी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा जांच की जा रही है। सरकार का लक्ष्य अप्रैल के अंत तक सभी औपचारिकताएं पूरी कर मई से ग्रामीण मार्गों पर मिनी बसों का संचालन शुरू करना है।

योजना के तहत प्रदेश की 59,163 ग्राम पंचायतों को जिला मुख्यालयों से जोड़ने की तैयारी है। करीब 12,200 गांवों में 15 से 28 सीट क्षमता वाली निजी मिनी बसें चलाई जाएंगी, जिससे ग्रामीणों को ब्लॉक, तहसील और जिला मुख्यालय तक सीधी व सस्ती परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। कहा कि यह पहल अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक परिवहन सेवा पहुंचाने में अहम साबित होगी।

# कानपुर मेट्रो को 'बेस्ट कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट' का राष्ट्रीय सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार से नवाजा गया

**अमृत विचारः** उप्र. मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की ओर से विकसित कानपुर मेट्रो परियोजना को बेस्ट कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट श्रेणी में प्रतिष्ठित सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में यह सम्मान यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार की ओर से निदेशक/वर्क्स व इंफ्रास्ट्रक्चर सीपी सिंह और परियोजना निदेशक अरविंद मीणा ने ग्रहण किया।

सीआईडीसी की टीम ने मार्च में परियोजना स्थलों का निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता, गति और नवाचार की सराहना की। मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी, फूड व रिटेल आउटलेट, पुस्तक मेले और 'सेलिब्रेशन ऑन व्हील्स' जैसी पहलों को विशेष रूप से सराहा गया।

**आधुनिक तकनीकों से बना रिकॉर्डः** परियोजना में डबल टी-गर्डर, ट्विन पियर कैप, प्रीकास्टिंग, सेमी टॉप-डाउन तकनीक जैसी आधुनिक विधियों का उपयोग कर निर्माण समय में उल्लेखनीय कमी लाई गई। लॉन्चिंग और रिट्रीवल शाफ्ट्स के जरिए कार्य को तेज गति से पूरा किया गया।


पुरस्कार ग्रहण करते हुए यूपीएमआरसी के अधिकारी। अमृत विचार

समारोह में सीपी सिंह को 'चेयरमैन कमेंडेशन अवार्ड' भी प्रदान किया गया। एमडी सुशील कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि टीम की निष्ठा और उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रतीक है। सभी स्टेशनों को ग्रीन रेटिंग मिली है और ऊर्जा दक्ष तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### 2200 करोड़ के मेगा प्रोजेक्ट से गाजियाबाद बनेगा इंटीग्रेटेड अर्बन हब

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के प्रवेश द्वार गाजियाबाद को खेल, पर्यटन, व्यापार और आधुनिक शहरी विकास के एक बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी तेज हो गई है। करीब 2200 करोड़ रुपये की इस मेगा परियोजना में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, एरोसिटी टाउनशिप, कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, होटल, रिटेल जोन और कन्वेंशन सेंटर शामिल होंगे। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के मुताबिक यह योजना राजनगर एक्सटेंशन के मोर्टी क्षेत्र में विकसित होगी। इसके तहत लगभग 37 एकड़ में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और आसपास 380 एकड़ में एरोसिटी टाउनशिप बसाई जाएगी, जिससे पूरे इलाके को एक एकीकृत शहरी हब के रूप में विकसित किया जाएगा।

स्टेडियम में 30,000 से अधिक दर्शकों की क्षमता, आधुनिक मीडिया सेंटर और हाईटेक लाइटिंग जैसी सुविधाएं प्रस्तावित हैं। यह परियोजना गाजियाबाद के लिए केवल एक स्टेडियम नहीं, बल्कि नए अर्बन मॉडल की शुरुआत मानी जा रही है।

### यूपी बनेगा डीप टेक कैपिटल, योगी ने तय किया रोडमैप

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को 'डीप टेक कैपिटल' बनाने के लिए स्पष्ट रोडमैप तय करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध और परिणामोन्मुखी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। 'इनोवेट इन यूपी, स्केल फॉर द वर्ल्ड' के विजन के तहत प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, ड्रोन टेक्नोलॉजी, ग्रीन हाइड्रोजन, साइबर सिक्योरिटी और मेड-टेक जैसे क्षेत्रों में तेजी से काम किया जाएगा। शुक्रवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मनींद्र अग्रवाल ने विभिन्न परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी के जरिए मेड-टेक क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की जानकारी दी गई, जिसे नवंबर से शुरू करने की तैयारी है। मुख्यमंत्री ने नोएडा में प्रस्तावित 'यूपी डीप-टेक हब' को नवाचार और उद्योग का केंद्र बताते हुए यहां विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही ड्रोन टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए प्रदेश को स्वदेशी ड्रोन निर्माण और अनुसंधान का प्रमुख केंद्र बनाने की बात कही। ग्रीन हाइड्रोजन को ऊर्जा का भविष्य बताते हुए इसके उत्पादन, भंडारण और औद्योगिक उपयोग पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए। वहीं आयुर्वेद के क्षेत्र में क्लिनिकल वैलिडेशन के लिए देश का पहला संस्थागत केंद्र स्थापित करने पर भी विचार किया गया। सीएम योगी ने कहा कि शोध और उद्योग के बेहतर समन्वय से न केवल नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

# बचाव और इलाज में संतुलन जरूरी

## मुख्यमंत्री योगी ने कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के सम्मेलन को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा- बीमार भारत न तो विकसित हो सकता है, न सशक्त बन सकता है और न ही आत्मनिर्भर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि स्वस्थ नागरिक से स्वस्थ समाज बनता है और स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बीमार भारत न तो विकसित हो सकता है, न सशक्त बन सकता है और न ही आत्मनिर्भर बन सकता है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी में कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के सम्मेलन 'एनआईसी-2026' को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन 9 से 12 अप्रैल 2026 तक लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य नीति का केंद्र अब केवल उपचार नहीं, बल्कि प्रिवेंशन (रोकथाम) और ट्रीटमेंट (उपचार) का संतुलित समन्वय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि नॉन-कम्युनिकेबल डिजीज बढ़ती जीवनशैली और खान-पान की गड़बड़ियों के कारण गंभीर चुनौती बन गई हैं। सीएम योगी ने उपचार-केंद्रित मॉडल से आगे बढ़कर जन-जागरूकता और जीवनशैली सुधार आधारित मॉडल अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ दिनचर्या, संतुलित आहार और संयमित जीवनशैली ही इस चुनौती का प्रभावी समाधान हैं।

### चिकित्सकों से अपील

मुख्यमंत्री योगी ने देश-विदेश से आए विशेषज्ञों से कहा कि वे बचाव और उपचार, दोनों पक्षों पर समन्वित रूप से काम करें और ठोस निष्कर्ष प्रस्तुत करें। सरकारी अस्पतालों पर मरीजों का दबाव लगातार बढ़ रहा है, इसलिए समय पर स्क्रीनिंग और जन-जागरूकता बेहद जरूरी है।


लखनऊ : कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह भेंट करते चिकित्सक।

**अटल विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी कॉलेज :** योगी आदित्यनाथ ने अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी को प्रदेश की पहली ऐसी यूनिवर्सिटी बताया, जिसके साथ सभी मेडिकल कॉलेजों को संबद्ध किया गया है। उन्होंने इसे चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम और उत्तर प्रदेश के नए स्वरूप का प्रतीक बताया।

**आयुष्मान सुरक्षा :** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना देश के लगभग 55-60 करोड़ लोगों को सालाना 5 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुरक्षा दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2025 में मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से करीब 1400 करोड़ रुपये उपचार सहायता के रूप में उपलब्ध कराए गए।

**चिकित्सा ढांचा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में एक दशक पहले केवल 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज थे, जबकि अब इनकी संख्या बढ़कर 81 हो गई है और दो एम्स भी संचालित हैं।

# एक रात जब ईसीजी भी नसीब नहीं थाः डॉ. चंद्रा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'एनआईसी-2026' सम्मेलन में बयां किया दर्द भरा अनुभव

**अमृत विचारः** कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के सम्मेलन 'एनआईसी-2026' में डॉ. शरत चंद्रा का संबोधन भावनात्मक अनुभव के साथ स्वास्थ्य सेवाओं में आए बदलाव की कहानी बन गया। उन्होंने वर्ष 2005 की एक रात का जिक्र करते हुए बताया कि जब उनके पिता को सीने में दर्द हुआ था, तब चंदौसी जैसे शहर में रात के समय ईसीजी तक उपलब्ध नहीं था।

उन्होंने कहा कि उस रात उनके पिता ने सुबह जांच कराने की बात कही, लेकिन एक डॉक्टर बेटे के रूप में वे पूरी रात बेचैन रहे। अगली सुबह जांच सामान्य आई, मगर उस घटना ने उनके मन में यह सवाल छोड़ दिया कि क्या हर मरीज को समय पर इलाज मिल पाता है।

**तब की स्थिति :** डॉ. चंद्रा के अनुसार उस दौर में छोटे शहरों और कस्बों में हृदय संबंधी प्राथमिक जांच सुविधाएं बेहद सीमित थीं। कई मरीजों को रातभर इंतजार करना पड़ता था और इलाज की शुरुआती प्रक्रिया में ही कीमती समय निकल जाता था।

**अब बदली तस्वीर :** करीब दो दशक बाद उत्तर प्रदेश में हृदय उपचार व्यवस्था में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने बताया कि अब हार्ट अटैक जैसे मामलों में मरीजों को सुबह तक इंतजार नहीं करना पड़ता। 'हृदय सेतु' जैसी व्यवस्थाओं ने बड़े चिकित्सा संस्थानों को जिला अस्पतालों से जोड़ दिया है। डॉ. चंद्रा ने कहा कि संजय गांधी पीजीआई, केजीएमयू और डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान जैसे प्रमुख केंद्र अब जिला अस्पतालों से नेटवर्क के जरिए जुड़े हैं, जिससे गंभीर मरीजों को तेजी से रेफर कर विशेषज्ञ उपचार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि एंजियोप्लास्टी जैसी उन्नत सुविधाएं अब सुल्तानपुर, जौनपुर, बहराइच, गोंडा और बस्ती जैसे जिलों तक पहुंच चुकी हैं।

# लखीमपुर खीरी में 1311 करोड़ की 538 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास आज करेंगे मुख्यमंत्री योगी

- पलिया और मोहम्मदी में होंगी जनसभाएं, थारू जनजाति व विस्थापित परिवारों को मिलेंगे भूमि अधिकार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखीमपुर खीरी दौरे पर रहेंगे, जहां वह पलिया और मोहम्मदी में जनसभाओं को संबोधित कर 1311 करोड़ रुपये की 538 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं का लाभ जिले के सात विधानसभा क्षेत्र लखीमपुर, गोला, श्रीनगर, पलिया, निघासन, मोहम्मदी और धौरहरा को मिलेगा।

कार्यक्रम की शुरुआत चंदन चौकी (पलिया) से होगी, जहां मुख्यमंत्री थारू जनजाति के परिवारों को भूमि स्वामित्व अधिकार पत्र वितरित करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत लाभार्थियों को आवास की चाबी और विभिन्न योजनाओं के चेक भी सौंपे जाएंगे। इसके बाद मियांपुर (मोहम्मदी) में आयोजित कार्यक्रम में विस्थापित परिवारों को भूमि अधिकार पत्र प्रदान किए जाएंगे।

सरकार ने थारू जनजाति के 34 गांवों के 4356 परिवारों को 5338 हेक्टेयर भूमि पर पूर्ण स्वामित्व अधिकार देने का निर्णय लिया है। वहीं, उपनिवेश योजना के तहत 2350 परिवारों को 4251 हेक्टेयर भूमि का आवंटन किया गया है।

पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित 331 हिंदू परिवारों का भी पुनर्वास कर उन्हें कृषि योग्य भूमि उपलब्ध कराई गई है। सरकार द्वारा इन परिवारों को भूमि के साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला, आवास और पेंशन योजनाओं सहित अन्य सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

# किसान रजिस्ट्री के लिए मिशन मोड में सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर ग्राम पंचायत में लगेगा कैंप कम कवरेज वाले गांवों पर रहेगा विशेष जोर
- 15 मई से योजनाओं के लाभ के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य प्रशासन अलर्ट

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने किसान रजिस्ट्री को 100 प्रतिशत पूर्ण करने के लिए मिशन मोड में व्यापक रणनीति लागू कर दी है। तय योजना के अनुसार, 30 अप्रैल 2026 तक किसान रजिस्ट्री का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके लिए प्रशासनिक मशीनरी पूरी तरह सक्रिय कर दी गई है।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार, 15 अप्रैल तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में किसान रजिस्ट्री कैंप स्थापित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक किसानों को मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा मिल सके। इसके साथ ही जिलों को निर्देशित किया गया है कि वे ऐसे गांवों की पहचान करें, जहां रजिस्ट्री का कवरेज कम है और 6 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच विशेष अभियान चलाकर वहां 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। प्रशासन को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि सभी भूमि धारक किसान, चाहे वे पीएम किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े हों या नहीं, किसान रजिस्ट्री में शामिल किए जाएं। इसका उद्देश्य यह है कि कोई भी पात्र किसान सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

जागरूकता को अभियान का प्रमुख हिस्सा बनाते हुए जिलों को निर्देश दिया गया है कि अखबारों में विज्ञापन, लाउडस्पीकर के माध्यम से घोषणाएं और स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि अभियान को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि 15 मई 2026 से उर्वरक, बीज और अन्य कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी जाएगी। इस निर्णय के बाद प्रशासनिक स्तर पर तेजी और बढ़ गई है, ताकि समय सीमा के भीतर अधिकतम किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जा सके।

# डेनमार्क के राजदूत ने योगी से निवेश बढ़ाने पर की चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में निवेश और तकनीकी सहयोग बढ़ाने को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारत में डेनमार्क के राजदूत रासमस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन के बीच महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस दौरान डिफेंस कॉरिडोर, ग्रीन एनर्जी, इंफ्रास्ट्रक्चर, जल प्रबंधन और कृषि जैसे क्षेत्रों में साझेदारी की संभावनाओं पर व्यापक चर्चा की गई।

राजदूत ने प्रदेश में बीते वर्षों में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब निवेशकों के लिए प्रमुख गंतव्य बन चुका है। उन्होंने डिफेंस कॉरिडोर में विशेष रुचि दिखाते हुए रक्षा क्षेत्र में तकनीकी सहयोग और निवेश की इच्छा जताई। साथ ही वेस्ट-टू-एनर्जी, सौर ऊर्जा और हाइड्रोजन तकनीक जैसे क्षेत्रों में भी डेनमार्क की कंपनियों की भागीदारी की संभावना व्यक्त की।

जल प्रबंधन और नदी पुनरुद्धार परियोजनाओं में सहयोग का जिक्र करते हुए उन्होंने आईआईटी (बीएचयू) के साथ चल रही परियोजना की जानकारी दी। शिक्षा, कौशल विकास और एल्डरली हेल्थ केयर सेक्टर में भी साझेदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डेनमार्क की कंपनियों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर संभव सहयोग प्रदान करेगी।

# आतंकी साकिब के दो साथी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दक्षिण अफ्रीका में मैजुल और सऊदी में बैठे आजाद के खिलाफ लुकआउट नोटिस

**अमृत विचारः** आतंकी संगठन आईएसआईएस के सक्रिय सदस्य साकिब के दो साथियों को एटीएस व स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को बिजनौर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से साकिब के संपर्क में थे। देश में कट्टरपंथी व हिंसात्मक घटनाओं को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। इसके लिए अपने नेटवर्क में देश के कई प्रमुख हिस्सों के युवाओं को जोड़ रहे थे। सभी सोशल मीडिया के माध्यम से देश में विद्रोह कराने के फिराक में थे। वहीं, विदेश में बैठे साकिब के दो करीबियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है।

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि यूपी एटीएस ने 2 अप्रैल को मेरठ के साकिब, अरबाब और गौतमबुद्धनगर के विकास व लोकेश को गिरफ्तार किया था। एटीएस ने खुलासा किया था कि ये सभी लखनऊ रेलवे स्टेशन पर विस्फोट करने आए थे। जब इनसे पूछताछ हुई और बताये गये बिंदुओं की जांच की गई तो सामने आया कि साकिब को मेरठ निवासी आकिब ने पाकिस्तानी हैंडलर्स से संपर्क कराया था। आकिब वर्तमान में दुबई में रह रहा है। साथ ही पिछले साल नवंबर 2025 में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें आकिब, बिजनौर का मैजुल, आजाद और उवैद मलिक शामिल थे। इसमें आकिब एके-47 व ग्रेनेड का प्रदर्शन कर रहा था। तब केस में एफआर लगा दी गई थी। आतंकी घटना का खुलासा होने के बाद मामले की जांच दोबारा शुरू की गई। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के मुताबिक, शुक्रवार को उवैद मलिक और जलाल हैदर उर्फ समीर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, जांच में सामने आया कि आरोपी मैजुल दक्षिण अफ्रीका और आजाद सऊदी अरब में है। इन दोनों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। एडीजी ने बताया कि दुबई में छिपे आकिब के खिलाफ पहले ही तीन सर्कुलर जारी किए जा चुके हैं। सभी के पासपोर्ट निरस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई है।

# दो सड़क परियोजनाओं के प्रस्ताव को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समिति की बैठक

**अमृत विचारः** प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय समिति की बैठक में दो सड़क विकास प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। यह समिति निर्माण परियोजनाओं में उच्च विशिष्टियों-पीसीयू शिथिलीकरण के अनुमोदन के लिए गठित की गई थी।

बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों पर विचार करते हुए मुख्य सचिव ने मानकों के अनुरूप आवश्यक पैसेंजर कार यूनिट (पीसीयू) में शिथिलीकरण की स्वीकृति प्रदान की। फर्रुखाबाद में मोहम्मदाबाद-संकिसा मार्ग के 1.6 किमी लंबे हिस्से को चार लेन में चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए 3039.95 लाख रुपये की परियोजना को स्वीकृति मिली। इससे क्षेत्र में यातायात सुगम होगा और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

वहीं, गोरखपुर में देवरिया बाईपास से तालकंदा, चाफा सनहा और चवरी मार्ग तक 11.8 किमी सड़क के 1.5 लेन चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए 3470.16 लाख रुपये की योजना को मंजूरी दी गई।

तकनीक की मदद | 90 दिन में दर्जनभर मामलों का खुलासा

# 'यक्ष' ऐप से स्मार्ट पुलिसिंग को मिली धार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कुछ घंटों में दो लूट का किया खुलासा, सीसीटीवी और डिजिटल डाटा से तेजी से आरोपियों तक पहुंच रही पुलिस

**अमृत विचार :** यूपी पुलिस का 'यक्ष' ऐप अपराध नियंत्रण में अहम भूमिका निभा रहा है। महज 90 दिनों में इस डिजिटल प्लेटफॉर्म की मदद से एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामलों का खुलासा किया गया है, जिससे स्मार्ट पुलिसिंग को नई गति मिली है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर शुरू किए गए इस ऐप के जरिए पुलिस अपहरण, लूट, हत्या और चोरी जैसे मामलों में तेजी से आरोपियों तक पहुंच रही है। डीजीपी राजीव कृष्ण के अनुसार, यक्ष ऐप में अपराधियों का डिजिटल डाटाबेस, सीसीटीवी लोकेशन मैपिंग और एनालिटिकल टूल्स जैसी सुविधाएं हैं, जिससे जांच प्रक्रिया तेज और सटीक हुई है।

हरदोई में अपहरण के एक मामले में ऐप से पता चला कि कथित पीड़ित पहले से जेल में बंद था। जौनपुर में लूट की घटना का कुछ घंटों में खुलासा कर तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए। वहीं लखनऊ के काकोरी क्षेत्र में दो लूट की घटनाओं का 48 घंटे में पर्दाफाश हुआ।




बरेली में सास और साले की हत्या के आरोपी का फोटो और रिकॉर्ड एप से मिलते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। आगरा में एक बुजुर्ग व्यक्ति को झूठे छेड़छाड़ के आरोप से बचाने में भी एप उपयोगी साबित हुआ। सीसीटीवी फुटेज और फेस रिकग्निशन के जरिए असली आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। मेरठ, हाथरस, फर्रुखाबाद, कानपुर और गोंडा जैसे जिलों में यक्ष के जरिए कई चोरी और जेबकतरी गैंग का खुलासा हुआ। मेरठ में जेबकतरा गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार किये गये, हाथरस में आभूषण चोरी का आरोपी ट्रेस, कानपुर में ज्वैलरी दुकान से चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ और गोंडा में स्कूलों में हो रही चोरी का खुलासा ऐप ने किया।

यक्ष ऐप के जरिए डिजिटल डाटाबेस, यूनिक क्रिमिनल आईडी और मल्टी-एंगल फोटो रिकॉर्ड से पुलिस को अपराधियों की पहचान और ट्रैकिंग में बड़ी मदद मिल रही है।

## बौद्ध सर्किट के लिए मिले 3000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव

**अमृत विचार, लखनऊ :** कुशीनगर में बीते दिनों आयोजित इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्क्लेव में 2300 से अधिक श्रद्धालुओं और थाईलैंड, जापान, म्यांमार, भूटान व नेपाल से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान करीब 3000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिससे बौद्ध पर्यटन को नया बल मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'विकसित उत्तर प्रदेश @2047' विजन में पर्यटन क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका तय की गई है। लक्ष्य है कि पर्यटन आधारित जीवीए में प्रदेश का योगदान 9.2 प्रतिशत से बढ़ाकर 16 प्रतिशत किया जाए।

# चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 बनी बच्चों की रक्षक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 26 हजार से अधिक शिकायतों का निस्तारण

**अमृत विचार :** प्रदेश में बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए चलाई जा रही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस हेल्पलाइन के माध्यम से 26 हजार से अधिक शिकायतों का सफल निस्तारण किया गया है, जिससे हजारों बच्चों को सुरक्षित जीवन मिला है।

महिला कल्याण निदेशालय के तहत मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत संचालित यह हेल्पलाइन 24×7 आपातकालीन सेवा के रूप में कार्य कर रही है। कंट्रोल रूम के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025-26 में कुल 28,945 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 26,239 मामलों का निस्तारण किया जा चुका है, जबकि शेष मामलों में कार्रवाई जारी है।

हेल्पलाइन के माध्यम से गुमशुदा बच्चों की तलाश में उल्लेखनीय सफलता मिली है। बांदा की एक महिला का 6 वर्षीय बेटा, जो 2015 में चित्रकूट में लापता हो गया था, उसे करीब 10 साल बाद खोजकर परिजनों से मिलाया गया। इसके अलावा एटा में बाल श्रम और उत्पीड़न के शिकार एक बच्चे को मुक्त कराकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

## भाजपा मुद्दों से हारकर संस्थाओं का कर रही दुरुपयोग : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब वह मुद्दों पर हारती है तो संवैधानिक संस्थाओं के पीछे छिपकर हमला करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि ईडी, सीबीआई और आयकर विभाग का दुरुपयोग कर विपक्ष को दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

सपा प्रमुख ने जारी बयान में कहा कि भाजपा ने फर्जी हस्ताक्षरों के जरिए वोट कटवाने की साजिश रची और फार्म-7 के माध्यम से बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई, लेकिन चुनाव आयोग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए।

# अमृत विचार

शनिवार, 11 अप्रैल 2026






जिस तरह घोंसला सोती हुई चिड़िया को आश्रय देता है,
उसी प्रकार मौन तुम्हारी वाणी को आश्रय देता है।
**-रवींद्र नाथ टैगोर**, बांग्ला साहित्यकार

## वार्ता का प्रतिफल

अमेरिका-ईरान के बीच इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ता निर्णायक मोड़ साबित होगी या फिर एक और अस्थायी ठहराव इसका जवाब बहुत मुश्किल है, क्योंकि जमीन पर तनाव अभी भी चरम पर है। क्या यह युद्धविराम आगे बढ़ेगा? फिलहाल तो इसी पर खतरा नजर आता है। सच यह है कि दोनों पक्ष फिलहाल 'रणनीतिक विराम' के ही पक्ष में लगते हैं। अमेरिका को अपने सैन्य और कूटनीतिक विकल्पों को पुनर्गठित करने का समय चाहिए, जबकि ईरान भी प्रतिरोध की अपनी क्षमता को बनाए रखते हुए अंतर्राष्ट्रीय दबाव कम करना चाहता है। अतः युद्धविराम का सीमित विस्तार संभव है, पर स्थायी शांति की संभावना नहीं के बराबर।

दोनों पक्षों के मूल रुख में बदलाव के संकेत नहीं हैं। ईरान स्पष्ट कर चुका है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण से पीछे नहीं हटेगा। दूसरी ओर, अमेरिका के लिए परमाणु प्रसार और समुद्री व्यापार की निर्बाधता 'रेड लाइन' है। ऐसे में समझौता केवल 'टैक्टिकल एडजस्टमेंट' के रूप में ही संभव है, न कि मूल मुद्दों के समाधान के रूप में। इजराइल की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में जटिल और कुछ हद तक अलग-थलग दिखाई देती है। सतह पर भले अमेरिका-इजराइल की एकजुटता दिखे, पर युद्ध और युद्धविराम को लेकर दोनों के दृष्टिकोण में सूक्ष्म अंतर स्पष्ट है। इजराइल जहां निर्णायक सैन्य बढ़त को बनाए रखना चाहता है, वहीं अमेरिका व्यापक क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक दबावों को ध्यान में रखकर संयम दिखाना चाहता है। यही कारण है कि लेबनान और गाजा जैसे मोर्चों पर जारी तनाव शांति प्रयासों को कमजोर करता है। होर्मुज का प्रश्न वार्ता की धुरी है। यदि ईरान नियंत्रण रखते हुए टोल या शर्तें लागू करता है, तो यह वैश्विक ऊर्जा बाजार और समुद्री कानून दोनों के लिए चुनौती होगी। अमेरिका के लिए इसे स्वीकार करना कठिन होगा, पर पूर्ण सैन्य टकराव से बचने के लिए कोई 'मध्य मार्ग', जैसे- अंतर्राष्ट्रीय निगरानी खोजा जा सकता है। पाकिस्तान की मध्यस्थता पर भी सवाल हैं। एक ओर वह इस्लामाबाद को कूटनीतिक केंद्र बनाने की कोशिश कर रहा है, दूसरी ओर उसकी आंतरिक राजनीति में इसका विरोध इस प्रक्रिया की विश्वसनीयता को प्रभावित करता है। यदि मध्यस्थ पर ही संदेह हो, तो वार्ता की सफलता स्वतः सीमित हो जाती है। अमेरिका की घरेलू राजनीति भी इस समीकरण में महत्वपूर्ण है। डोनाल्ड ट्रंप पर गिरती लोकप्रियता और महाभियोग की आशंकाएं उन्हें आक्रामक बयानबाजी और त्वरित 'जीत' की तलाश की ओर धकेल सकती हैं। पर यही जल्दबाजी किसी स्थायी समाधान के रास्ते में बाधा भी बन सकती है।

यदि वार्ता विफल होती है तो इसका सीधा अर्थ होगा कि क्षेत्र फिर से तीव्र संघर्ष की ओर बढ़ेगा, होर्मुज में अस्थिरता बढ़ेगी और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दबाव आएगा। ऐसी स्थिति में एक संतुलित, विश्वसनीय और तटस्थ शक्ति की आवश्यकता होगी, जहां भारत की भूमिका उभर सकती है। भारत के दोनों पक्षों से संवाद और क्षेत्र में उसके हित उसे संभावित मध्यस्थ बना सकते हैं। इस्लामाबाद वार्ता से चमत्कार की उम्मीद करना बेमानी है। यह अधिक से अधिक 'तनाव प्रबंधन' का मंच बन सकती है, न कि स्थायी समाधान का।

### प्रसंगवश

## शुरुआती पोषण ही होती है उज्ज्वल जीवन की कुंजी

कहते हैं सही पोषण तो देश रोशन। जी हां, यहां यह समझाया जा रहा है कि यदि किसी देश में सही पोषण की भूमिका प्रबल होगी, तभी देश मजबूत बनेगा और प्रकाशमय बनेगा। आज समाज में सही पोषण की कमी देखी जाने लगी है। नतीजन कुपोषण अपने पैर पसारने लगा है और जहां कुपोषण अपने चरम पर होगा, वहां खुशहाल जीवन भला कैसे बन सकेगा? सही पोषण से किसी भी मनुष्य का शारीरिक स्वास्थ्य निखर सकता है, परंतु न केवल शारीरिक अपितु मानसिक एवं सामाजिक स्वाथ्य भी आजकल एक जटिल चुनौती बनकर उभर रहा है।

आज के दौर में, न केवल शारीरिक अपितु मानसिक और सामाजिक स्वाथ्य का होना बेहद अहम माना जाता है और यह तीनों स्वास्थ्य लाभ हमें केवल सही पोषण से ही प्राप्त होते हैं। यदि जीवन के शुरुआती दौर से ही कोई व्यक्ति अपने पोषण पर सही ध्यान देने लग पड़ा हो, तो निःसंदेह उसे पूर्ण स्वाथ्य लाभ प्राप्त हो जाता है, इसीलिए जीवन के शुरुआती दौर को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया है, क्योंकि स्वास्थ्य के प्रति जरा सी लापरवाही जीवन भर घातक सिद्ध हो सकती है। यदि हमारा स्वास्थ्य पुष्ट होगा तभी रोग रुष्ट होगा।



शिवालिक अवस्थी
लेखक

संभवतः हर गर्भवती महिला का एक सपना होता है कि उसका होने वाला शिशु स्वस्थ हो। जीवन के शुरुआती दौर से ही हमें सही पोषण की आदत डालनी चाहिए, लेकिन यहां तो बात गर्भावस्था से ही शुरू हो चुकी है। जी हां, जीवन का शुरुआती दौर मां के गर्भ से ही शुरू हो जाता है, इसलिए गर्भवती स्त्री को चाहिए कि स्वस्थ शिशु प्राप्त करने के लिए वह भी अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखे। पौष्टिक आहार का सेवन, गर्भवती स्त्री और उसके होने वाले बच्चे के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, जिससे प्रारंभ में ही कुपोषण पर प्रहार किया जा सकता है, जिसने प्रारंभिक अवस्था में ही कुपोषण पर विजय प्राप्त कर ली, उसका जीवन मानो सफल हो गया। सही खान-पान की आदत से किसी भी व्यक्ति की फिर चाहे वह गर्भवती हो या कोई शिशु, रोग प्रतिरोधक क्षमता जिसे हम इम्युनिटी भी कहते हैं, बढ़ जाती है। नतीजन बीमारियां कोसों दूर रहती हैं। किसी भी बीमारी से लड़ने में इंसान की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। जिस व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर होगी उससे बीमारियां भी दूर भागेंगी और जिसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होगी उसे बार बार बीमारी से लड़ाई लड़नी पड़ेगी।

हम क्यों आज पोषण पर चर्चा कर रहे हैं, दरअसल महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 8वां पोषण पखवाड़ा 09 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक देशभर में मनाया जा रहा है। 15 दिन चलने वाले इस बार के पोषण पखवाड़े का विषय यानी थीम है, 'जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास'।

इसके अलावा इस बार के पोषण पखवाड़े में अन्य प्रमुख क्षेत्रों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। आइए अन्य प्रमुख केंद्रों पर प्रकाश डालते हैं जिनमें शामिल हैं; मां और बच्चे का पोषण। 0-3 वर्ष के बच्चों के दिमाग का शुरुआती विकास। 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षा। बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करना। आंगनवाड़ी को मजबूत बनाने के लिए समाज का सहयोग।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# महात्मा ज्योतिराव फुले: भारत के दिव्य पथ-प्रदर्शक





नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

आज 11 अप्रैल हम सभी के लिए बहुत विशेष दिन है। आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की जन्म-जयंती है। इस वर्ष यह अवसर और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके 200 वें जयंती वर्ष का शुभारंभ भी हो रहा है। महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्म चिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले को केवल उनकी संस्थाओं या आंदोलनों के लिए ही याद नहीं किया जाता, बल्कि उन्होंने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज हैं।

महात्मा फुले का जन्म 1827 में महाराष्ट्र में एक बहुत साधारण परिवार में हुआ, लेकिन शुरुआती चुनौतियां कभी उनकी शिक्षा, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नहीं रोक पाईं। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें अनदेखा करना चाहिए। बचपन से ही महात्मा फुले बहुत जिज्ञासु थे और अपनी उम्र के अन्य बच्चों की अपेक्षा कहीं अधिक पुस्तकें पढ़ते थे। वो कहते भी थे, "हम जितना ज्यादा सवाल करते हैं, उनसे उतना ही अधिक ज्ञान निकलता है।" साफ है कि बचपन से मिली जिज्ञासा उनकी पूरी यात्रा में बनी रही।

महात्मा फुले के जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण मिशन बनी। उनका मानना था कि ज्ञान किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसे सभी के साथ साझा किया जाना चाहिए। जब समाज के बड़े हिस्से को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने लड़कियों और वंचित वर्गों के लिए स्कूल खोले। वे कहते थे, "बच्चों में जो सुधार मां के माध्यम से आता है, वह बहुत महत्वपूर्ण होता है, इसलिए अगर स्कूल खोले जाएं, तो सबसे पहले लड़कियों के लिए खोले जाएं।" उन्होंने शिक्षा को न्याय और समानता का माध्यम बनाया।

शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण हमें आज भी बहुत प्रेरित करता है। पिछले एक दशक में भारत ने युवाओं के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बहुत प्राथमिकता दी है। एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें युवा सवाल पूछने, नई चीजें सीखने और इनोवेशन के लिए प्रेरित हों। ज्ञान, कौशल और अवसरों में निवेश करके भारत अपने युवाओं को देश की प्रगति का आधार स्तंभ बना रहा है।

अपने शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिकता से महात्मा फुले ने कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों की गहरी जानकारी हासिल की। वे कहते थे कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय समाज को कमजोर करता है। उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं खेतों और गांवों में लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं, इसलिए उन्होंने गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए।

महात्मा फुले ने कहा था, "जोपर्यंत समाजातील सर्वांना समान अधिकार मिळत नाहीत, तोपर्यंत खरे स्वातंत्र्य मिळत नाही" यानी जब तक समाज के सभी लोगों को समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक सच्ची आजादी नहीं मिल सकती। इसी विचार को जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने कई संस्थाओं की स्थापना की। उनका सत्यशोधक समाज, आधुनिक भारत के सबसे महत्वपूर्ण समाज सुधार आंदोलनों में से एक था। यह आंदोलन सामाजिक सुधार, सामुदायिक सेवा और मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा था। यह महिलाओं, युवाओं और गांवों में रहने वाले लोगों की पुरजोर आवाज बना। यह आंदोलन उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि समाज की मजबूती के लिए न्याय, हर व्यक्ति के प्रति सम्मान और सामूहिक प्रगति जरूरी है।

उनका व्यक्तिगत जीवन भी साहस की मिसाल रहा। लगातार लोगों के बीच रहकर काम करने का असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ा, लेकिन गंभीर बीमारी भी उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकी। एक गंभीर स्ट्रोक के बाद भी उन्होंने अपना काम और समाज के लिए संघर्ष जारी रखा। उनका शरीर कमजोर हुआ, लेकिन समाज के प्रति उनका समर्पण कभी नहीं डगमगाया। आज भी करोड़ों लोग उनके जीवन के इस पहलू से प्रेरणा लेते हैं।

महात्मा फुले का स्मरण, सावित्रीबाई फुले के सम्मानजनक उल्लेख के बिना अधूरा है। वह स्वयं भारत की महान समाज सुधारकों में से एक थीं। भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में शामिल सावित्रीबाई ने लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाई। महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वह स्वयं भी इस बीमारी की शिकार हो गईं और उनका निधन हो गया।

भारतभूमि बार-बार ऐसी महान विभूतियों से धन्य होती रही है, जिन्होंने अपने विचार, त्याग और कर्म से समाज को मजबूत बनाया है। उन्होंने बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। सदियों से हमारे देश में समाज सुधार की आवाज उन्हीं लोगों से उठी है, जिन्होंने पीड़ा को भाग्य नहीं माना, बल्कि उसे खत्म करने के प्रयासों में जुटे रहे। महात्मा ज्योतिराव फुले भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे।

मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।


मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200 वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं।


### आमने सामने



राज्य में गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक अराजकता की स्थिति है। डबल इंजन की सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है। सरकार का खजाना खाली है। कर्मचारियों, मंत्रियों और यहां तक कि उन्हें खुद भी वेतन नहीं मिला है। साथ ही पेंशन भुगतान में भी देरी हो रही है।
**-तेजस्वी यादव**
नेता, आरजेडी

ऐसे बयान उनकी हताशा को दर्शाते हैं। निशांत कुमार की सक्रियता से तेजस्वी का दिमाग खाली हो गया है। सरकार का खजाना कभी खाली नहीं हो सकता। मार्च महीने में एक-दो दिन की देरी संभव है, लेकिन वेतन जरूर मिलता है। तेजस्वी यादव खुद बताएं कि उन्हें वेतन मिला है या नहीं।
**-नीरज कुमार**
जदयू प्रवक्ता



# कांग्रेस में नेतृत्व नहीं, पुनर्गठन की अनिवार्यता



डॉ. राजीव सागर
असिस्टेंट प्रोफेसर
लखनऊ यूनिवर्सिटी

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आज जिस राजनीतिक संकट से गुजर रही है, उसे अक्सर एक सरल सवाल में समेट दिया जाता है, नेतृत्व कौन करेगा? हर कुछ महीनों में यह बहस लौट आती है कि क्या नया अध्यक्ष पार्टी को पुनर्जीवित कर सकता है? क्या नया चेहरा चुनावी किस्मत बदल सकता है? लेकिन यह बहस जितनी आकर्षक है, उतनी ही भ्रामक भी है। कांग्रेस की समस्या नेतृत्व की कमी नहीं है, बल्कि उसकी असली समस्या यह है कि वह किस तरह का संगठन बन चुकी है। एक कमजोर ढांचे में मजबूत नेता भी टिकाऊ बदलाव नहीं ला सकता, लेकिन एक मजबूत, लोकतांत्रिक और विकेंद्रीकृत संगठन औसत नेतृत्व के साथ भी आगे बढ़ सकता है। कांग्रेस ने पिछले एक दशक में इस मूलभूत सत्य को नजरअंदाज किया है और यही उसकी सबसे बड़ी भूल रही है।

कांग्रेस के भीतर और बाहर, दोनों जगह यह धारणा गहरी है कि पार्टी का पतन किसी एक चेहरे या परिवार से जुड़ा हुआ है, इसलिए समाधान भी उसी तर्क में खोजा जाता है, चेहरा बदलो, सब ठीक हो जाएगा, लेकिन अगर समस्या केवल चेहरा होती, तो इतने वर्षों में कुछ सुधार दिखना चाहिए था। वास्तविकता यह है कि नेतृत्व में बदलाव के बावजूद पार्टी की संरचनात्मक कमजोरियां जस की तस बनी हुई हैं, दरअसल 'चेहरा बदलो' की राजनीति एक सुविधाजनक बहाना है, क्योंकि इससे संगठन के भीतर मौजूद कठिन सवालों से बचा जा सकता है कि क्या पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र है? क्या नेतृत्व चयन पारदर्शी है? क्या जमीनी कार्यकर्ताओं के लिए ऊपर आने का रास्ता खुला है?

कांग्रेस का सबसे बड़ा संरचनात्मक दोष उसकी 'हाई कमान' संस्कृति है। पिछले दो दशकों में पार्टी का संगठन धीरे-धीरे केंद्रीकृत होता गया है, जहां महत्वपूर्ण फैसले सीमित लोगों के दायरे में लिए जाते हैं। संगठनात्मक चुनाव होते जरूर हैं, लेकिन वे वास्तविक प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं बन पाए हैं। कांग्रेस कार्यसमिति जैसे निकाय, जो कभी पार्टी की सामूहिक बुद्धिमत्ता के केंद्र थे, अब मनोनयन-आधारित संरचना में बदल चुके हैं। इसका असर सीधा है जमीनी कार्यकर्ता अपने आप को असंबद्ध महसूस करते हैं, स्थानीय नेतृत्व उभर नहीं पाता और पार्टी एक जीवंत राजनीतिक संगठन के बजाय एक बंद नेटवर्क में बदल जाती है। जब राजनीतिक ऊर्जा ऊपर से नीचे नहीं, बल्कि नीचे से ऊपर बहती है, तभी संगठन मजबूत होता है। कांग्रेस ने इस प्रवाह को उलट दिया है।

अगर कांग्रेस के संरचनात्मक संकट को समझना हो, तो उत्तर प्रदेश से बेहतर उदाहरण शायद ही कोई हो। देश के सबसे बड़े राजनीतिक राज्य में पार्टी की स्थिति लगातार कमजोर होती गई है। संगठनात्मक ढांचा बिखरा हुआ है, जमीनी कार्यकर्ता निराश हैं और चुनावी प्रदर्शन गिरता गया है। इस संदर्भ में अजय राय के नेतृत्व को लेकर उठते सवाल महज व्यक्तिगत आलोचना नहीं हैं। वे उस व्यापक प्रणालीगत विफलता की ओर संकेत करते हैं, जिसमें नेतृत्व चयन, प्रदर्शन और जवाबदेही के बीच कोई स्पष्ट संबंध नहीं बचा है। स्थानीय स्तर पर पार्टी नेताओं द्वारा खुला असंतोष, पंचायत और नगर निकाय चुनावों में कमजोर उपस्थिति और संगठन से नेताओं का पलायन, ये सब संकेत हैं कि समस्या गहरी है। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि यह संकट केवल किसी एक व्यक्ति का नहीं है। यह उस संरचना का परिणाम है, जो नेतृत्व को जवाबदेह नहीं बनाती और प्रदर्शन से उसका सीधा संबंध नहीं जोड़ती।

कांग्रेस लंबे समय से सामाजिक न्याय, समावेशन और भागीदारी की राजनीति की बात करती रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में संगठनात्मक संरचना इस दावे के विपरीत दिखाई देती है। संगठन के शीर्ष पदों पर सीमित सामाजिक समूहों विशेषकर ऊपरी जातियों का वर्चस्व बना हुआ है, जबकि दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाता। यह केवल सामाजिक असंतुलन नहीं है, बल्कि यह एक गहरा राजनीतिक विरोधाभास है। जब पार्टी उन वर्गों के लिए राजनीति करती है, लेकिन उन्हें अपने संगठन में वास्तविक शक्ति नहीं देती, तो उसकी विश्वसनीयता कमजोर हो जाती है। उत्तर प्रदेश में यह विरोधाभास और भी स्पष्ट है, जहां सामाजिक आधार और संगठनात्मक संरचना के बीच असंगति पार्टी की चुनावी कमजोरी का कारण बनती रही है।

कांग्रेस में केंद्रीकरण केवल निर्णय लेने तक सीमित नहीं है अपितु यह जवाबदेही को भी प्रभावित करता है। जब फैसले ऊपर से होते हैं और कार्यान्वयन नीचे से, तो असफलता की जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाता है। कांग्रेस की राजनीति का केंद्रीय आधार है संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की रक्षा, लेकिन जब पार्टी अपने भीतर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कमजोर करती है और सामाजिक प्रतिनिधित्व को सीमित करती है, तो उसका नैतिक आधार कमजोर हो जाता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


यह धारणा गहरी है कि पार्टी का पतन किसी एक चेहरे या परिवार से जुड़ा है, अगर समस्या केवल चेहरा होता, तो इतने वर्षों में कुछ सुधार दिखना चाहिए था।


### सोशल फोरम

## अपनी आवाज सुनिए

अमेरिकी लेखक हेनरी डेविड थोरो ने एक ऐसी बात कही थी, जिसे अगर आदमी सच में समझ ले तो उसका पूरा जीवन बदल सकता है। उन्होंने कहा था कि संसार में स्वविवेक से बड़ा कोई कानून नहीं होता। अब जरा ठहर कर सोचिए, कानून क्या है? स्वविवेक क्या है? कानून किताबों में लिखा होता है, अदालतों में पढ़ा जाता है, पुलिस उसे लागू कराती है, लेकिन स्वविवेक, वो आपके भीतर बैठा होता है, चुपचाप, बिना शोर के, हर वक्त आपको देखता हुआ।



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

थोरो ने सिर्फ यह कहा ही नहीं, उन्होंने इसे जिया भी। उन्होंने सिटी टैक्स देने से इंकार कर दिया था। वजह यह थी कि उन्हें दिख रहा था कि सरकार उस पैसे का इस्तेमाल गलत काम में कर रही है। अब कानून की नजर में टैक्स नहीं देना अपराध था, लेकिन टैक्स के पैसों का गलत इस्तेमाल होने पर उसके खिलाफ आवाज उठाना स्वविवेक था। उन्हें सजा मिली, जेल जाना पड़ा, लेकिन उन्होंने यह नहीं कहा कि मुझसे गलती हो गई। उन्होंने साफ कहा कि अगर कानून गलत है, तो उसे तोड़ना ही सही है, क्योंकि मेरे भीतर जो आवाज है, वो उससे बड़ा कानून है। आप मुझसे जिस मद के लिए टैक्स लेते हैं, उसे उसी मद में खर्च करें। हम टैक्स न्यूयार्क के मेयर की मौज के लिए नहीं देते, जिसे वो सरकारी भ्रमण के नाम पर उड़ाते हैं, खर्च करते हैं।

यहीं से फर्क शुरू होता है। एक तरफ वो लोग हैं जो भीड़ का हिस्सा बनकर सब मान लेते हैं। गलत का विरोध भी नहीं करते। दूसरी तरफ वो लोग हैं, जो पहले अपने मन से पूछते हैं, विरोध करते हैं। सच के लिए खड़े होते हैं।

आपको तीन नाम याद दिलाता हूं, सुकरात, प्रह्लाद और मीरा बाई। तीनों ने वही किया जो उनके भीतर की आवाज ने कहा। सुकरात ने सच बोलना नहीं छोड़ा, सजा में उन्हें जहर का प्याला मिला। प्रह्लाद ने अपने विश्वास को नहीं छोड़ा, उसे आग में बैठाया गया (वो बच गया, उसका भाग्य)। मीरा ने अपने कृष्ण के लिए जहर का प्याला भी स्वीकार कर लिया (वो भी बच गईं, उनकी किस्मत)। इन तीनों के पास एक ही चीज थी, अपने मन पर भरोसा।

महात्मा गांधी ने भी यही बात कही थी कि कानून का पालन करना हमारा कर्तव्य है, लेकिन जब कानून असत्य, अराजकता को बढ़ावा देने लगे तो उसकी अवज्ञा करना भी हमारा कर्तव्य हो जाता है। यह बात सुनने में बहुत सीधी लगती है, लेकिन इसे जीना बहुत मुश्किल है, क्योंकि इसमें जिम्मेदारी पूरी आपकी हो जाती है।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## व्यक्तिगत स्वतंत्रता व विवाह संस्था पर अहम फैसले

इधर कुछ सालों से भारतीय न्यायपालिका ने ऐसे फैसले सुनाए हैं, जिन्हें बेशक प्रगतिशील फैसले कहा जा सकता है। जाहिर है कि ऐसे फैसले सामाजिक बदलाव की दिशा में एक अहम कदम साबित होते हैं। इसी हफ्ते मेघालय हाईकोर्ट के एक फैसले में कहा गया कि रोमियो-जूलियट कैटेगिरी के मामलों में पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मुकदमों को रद्द किया जा सकता है। खासकर जब दो किशोरों के बीच सहमति से संबंध हो।

इसी तरह, हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने साफ किया कि शादीशुदा शख्स भी किसी एडल्ट के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह सकता है, बशर्ते वो सहमति के साथ हो। इन दोनों फैसलों से साफ झलकता है कि कोर्ट प्यार और रिश्तों को जुर्म की कैटेगरी से बाहर रखने के पक्ष में है। इससे ये भी साफ होता है कि अदालत व्यक्तिगत गरिमा को प्रोटेक्शन देने के पक्ष में है। ऐसे फैसले समाज की पारंपरिक मानसिकता के लिए किसी चुनौती से कम नहीं हैं।



रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दो मामलों में ऐसा फैसला दिया है, जिसकी चर्चा हो रही है। हाईकोर्ट ने लिव इन रिलेशनशिप के मामले में सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत स्वतंत्रता और जीवन के मूल अधिकारों का जिक्र किया। साथ ही, जोड़े की सुरक्षा की बात कही। वहीं, लव मैरिज के मामले की सुनवाई के क्रम में कोर्ट ने कहा कि प्रेम विवाह को जोड़ा सम्मान का मुद्दा नहीं बना सकता है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लिव-इन में रह रहे जोड़े की याचिका पर सुनवाई करते हुए व्यक्तिगत स्वतंत्रता और जीवन के मूल अधिकार को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कहा है कि अंतर्धार्मिक कपल की सुरक्षा आवश्यक है।

सोनभद्र के अंतरधार्मिक कपल की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। इसमें कहा गया कि उन्हें अपने परिजनों से खतरा है। पुलिस से संपर्क करने पर भी हमारी सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मामले की सुनवाई के क्रम में हाईकोर्ट ने कहा कि सहमति से अगर वयस्क जोड़े लिव इन में रह रहे हैं, तो उनकी सुरक्षा का दायित्व सरकार का है। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के साथ-साथ वर्ष 2021 के विशेष अधिनियमों का जिक्र करते हुए कहा कि लिव इन में रहना किसी भी प्रकार का अपराध नहीं है।

हाईकोर्ट ने लव मैरिज के एक मामले की सुनवाई के क्रम में भी बड़ा आदेश जारी किया। हाईकोर्ट ने कहा है कि कोई भी व्यक्ति बालिगों की अपनी पसंद से की गई शादी यानी लव मैरिज को सम्मान का मुद्दा नहीं बना सकता है। कोर्ट ने कहा कि इस प्रकार के मामलों में सरकार का दायित्व है, वह कपल के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति की रक्षा करे। कोर्ट ने कहा कि भले ही कपल को उनके परिवार से ही खतरा क्यों न हो।

भारतीय कानून ने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के हिस्से के रूप में, परंपरागत भारतीय समाज में लिव इन रिलेशनशिप को मान्यता देने की दिशा में सावधानीपूर्वक ही कदम बढ़ाया है। इसके बावजूद भी, यह विवाह को एक कानूनी रूप से स्वीकृत संस्था के रूप में सर्वोच्च प्राथमिकता देता रहा है, जिसके अंतर्गत वयस्कों के अपने अधिकार और दायित्व भी हैं। निर्विवाद रूप से, जिन्हें आसानी से दरकिनार भी नहीं किया जा सकता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



सहारनपुर की हवेलियां देखने के लिए मैं तीन बार आया और इन्हें मुख्य मार्ग और फिर कुदरती नदी जो अब गंदा नाला बना दिया गया है, का पुल पार करते हुए नगर के दिल कहे जाने वाली पुरानी बस्ती की तरफ कटरा में गया। ये हवेलियां भारतीय वास्तु कला के अच्छे नमूने हैं और हमारी निर्मित वास्तु-सांस्कृतिक विरासत के जीते-जागते प्रतीक। नगर के पुराने हिस्सों को ये एक सजीव चरित्र देती हैं। अब ऐसे भवनों का निर्माण नहीं होता और न ही इन्हें निर्मित किए जाने और मरम्मत के लिए पारंपरिक चूना अवलेह और मुगलिया ईंटों जैसी सामग्री आसानी से उपलब्ध होती है।

हवेलियों के वास्तु-वैभव में संस्कृति, आर्किटेक्चरल हिस्ट्री, भू-दृश्य और अलंकरण शामिल हैं। यहां आने से पहले इस जनपद की जियोग्राफी, भू-दृश्यावली और हिमालय की निकटता और प्राकृतिक संपदा को समझना जरूरी है, तभी हवेलियों की मौजूदगी और इनसे जुड़े कृतित्व को ठीक से समझा जा सकता है।



रणबीर सिंह
लेखक

# सहारनपुर की बूढ़ी हवेलियां खस्ताहाल



## वास्तुकला का भरपूर इस्तेमाल

हवेलियों के निर्माण में विजुएल एस्थेटिक्स का जिस प्रकार से ध्यान रखा जाता था और इसके बाहरी एवं भीतरी हिस्सों को आकर्षक और अलंकृत किया जाता था, उनके सृजन के लिए सामग्री को स्थानीय तौर से उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों यथा शिवालिक पर्वतमाला, नदी तट और जंगल से लिया जाता था, जिसे मानव कौशल से संवारा जाता था। एक हवेली का मुखौटा अथवा फसाद इसका सबसे प्रमुख हिस्सा होता है, जिसका अभिकल्प मेहराबदार और छोटी-छोटी मेहराबों या बंगड़ियों अर्थात फोलियेटेड और कस्प्ड आर्क्स से किया जाता था। इसके नीचे दायां-बायां दो छोटी चौंतरियां बनाईं जाती, दोनों के बीच धरती से सटी हुई सपाट और पत्थर की पाद-शिला या दांसा लगाया जाता था, जिसकी तीन इंच मोटी सतह के सामने वाले हिस्से पर पीपल के पत्ते की कार्विंग की जाती थी, जो एक पंक्ति के रूप में दिखती थी। चौंतरी की बाहरी मुख-शिला पर एक चित्रार्ध उकेरा जाता था, जिसका विषय आम जनजीवन से लिया गया एक दृश्य, जियोमेट्रिकल प्रतीक या फूल-पत्तियां और मंगलकारी जानवर या पक्षी हो सकते थे। फसाद की रचना को कलात्मक और दीर्घजीवी बनाने के लिए वास्तुकला का भरपूर इस्तेमाल किया जाता था। घर में जो भी प्रवेश करता, उसे यह मनमोहक लगता था और सकारात्मक प्रभाव छोड़ता था। देखा गया कि जर्जर होने के बाद जब पूरी ईमारत ढहने को हो, तब भी मुखौटा डटकर खड़ा रहता था।



## तत्काल संरक्षण की पहल जरूरी

इस क्षेत्र की अधिकांश हवेलियां सन् 1960 तक मौजूद रहीं, लेकिन अब कुछेक उपेक्षित है और अन्य ध्वस्त हो हैं। नगर के पुराने हिस्सों के चरित्र को बचाने के लिए इन हवेलियों के जीर्णोद्धार और संरक्षण के लिए तत्काल पहल होनी चाहिए। सहारनपुर ही क्यों, उत्तराखंड के दो-तीन जिले और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नगरों और गांवों की बिल्ट हेरिटेज अथवा भवन निर्माण विरासत के समग्र संरक्षण की जरूरत है। पहले इन सभी की सूची और जीपीएस लोकेशन की डॉक्यूमेंटेशन होनी चाहिए। थोड़ा सा ऐसा काम अखिल भारतीय संस्था इंटेक ने किया है, लेकिन यह अपर्याप्त है। स्थानीय वास्तुकला या वर्नाक्युलर आर्किटेक्चर के दृश्य तत्वों और सजावट के लिए स्थानीय आवश्यकताओं, पर्यावरण, सामाजिक परिवेश, काम-धंधा और संस्कृति हेतु एक चित्रात्मक प्रतिनिधित्व को समझना जरूरी है। अतीत का प्रतिनिधित्व करने वाली सहारनपुर की कुछ हवेलियां में क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत के बतौर शीशम की लकड़ी का उपयोग दरवाजों, दरवाजों के चौखटों, खिड़कियों और ब्रैकेट आदि के कलात्मक रूप में देखा जा सकता है। सहारनपुर लकड़ी की नक्काशी के कारीगरों का शहर है। पहले सारा काम हैंड टूल्स से किया जाता था, लेकिन बिजली के उपकरण आने से इसमें तेजी बेशक है, लेकिन अनगढ़ सौंदर्य तत्वों का ह्रास हुआ है। सहारनपुर शहर की दो-तीन पुरानी हवेलियों में लकड़ी की नक्काशी से बनाए गए विशिष्ट डिजाइनों को दल्हों में अपनाया गया है। ये विशुद्ध रूप से भारतीय बटन डोर या गुजराती किवाड़ों की नकाशी जैसी नहीं हैं। छत्ता जंबुदास की विशाल हवेली, बरताला यादगार की हवेली, दीनानाथ बाजार में आत्मा राम की हवेली हिन्दुस्तानी-मुगल मिश्रित प्रभाव वाले वास्तुशिल्प और अलंकरण शैली में हैं। मुगल काल के दौरान, लकड़ी पर नक्काशी का काम सहारनपुर के इतिहास में एक नई घटना के रूप में सामने आया। अनुमान है कि यहां काम करने वाले कारीगरों के कुछ वंश मुल्तान, चिनियोट (पाकिस्तान) और कश्मीर से यहां लाकर बसाए गए थे। सहारनपुर के मुगल गवर्नरों शाह रणबीर सिंह और मुहम्मद बक्का के कार्यकाल के दौरान कुछ बेहतरीन हवेलियां बनाई गईं थी। शाह रणबीर सिंह एक समृद्ध जैन समुदाय से ताल्लुक रखते थे और उन्होंने जैन व्यापारी लोगों को सहारनपुर में अपना कारोबार स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। जैन परिवार सहारनपुर में बस गए और उन्होंने अपनी हवेलियां और 'छत्ते' बनवाए। इस क्षेत्र की मशहूर हवेलियां जैन समुदाय द्वारा ही बनवाई गई थीं। हवेलियां में मुख भित्ति में मुख द्वार के आजू-बाजू बाहर निकले हुए गोखे अथवा गवाक्ष, बारीक जाली का काम और कस्पड आर्च या नोकदार मेहराब जिसे बंगड़ी कहा गया, का इस्तेमाल हवेलियों के निर्माण के समय हुआ। कुछेक मालिकों ने इन हवेलियों पर नए और कंजर्वेशन के लिहाज से असंबद्ध मटीरियल से रंग-रोगन करवाकर इनके मूल रूप को बदल दिया है। हवेलियों का बाहरी हिस्सा अब बेजान और उदास दिखने लगा है।

## भित्ति चित्रकला



सहारनपुर की वास्तुकला में कुछ पहाड़ी तत्व तो हैं, लेकिन इनमे शैली ज्यादातर हिन्दुस्तानी-मुगल प्रभाव की है, जो उत्तर भारत की स्थानीय आवश्यकताओं, पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और संस्कृति का एक नायाब प्रतिनिधित्व है। हिन्दू व्यापारी वर्ग जैन और अग्रवाल समुदाय की जो हवेलियां कटरा में मौजूद हैं या रहीं, उनके वास्तुशिल्प को प्रभावी अभिव्यक्ति देने के लिए को भित्ति चित्रांकन किया गया और मुखद्वार की चौखट में काष्ठ-नक्काशी वाले पल्ले लगाए गए थे, जिसमें स्थानीय मुस्लिम कारीगरों को महारत हासिल है। नगर की सर्वाधिक शानदार हवेलियों में से एक नंदा गाटे की हवेली हुआ करती, जिसे ढहा दिया गया है। भित्ति चित्र दीवार की सतह पर और धनुषाकार मेहराब की बाहरी परत पर चूने का पलस्तर करने के बाद गीली सतह पर अंकित किए जाते थे। भित्ति चित्रकला के विज्ञान और तकनीकों में हमारे चितेरे प्रवीण थे, क्योंकि इससे पहले इन्होंने औरंगजेब के शासन काल के मध्य समय में देहरादून में गुरु राम राय निर्मित झंडा साहेब के विशाल प्रवेश द्वार की सपाट सतहों पर शानदार चित्रांकन किया है। इसे संभवत: सन् 1790 के आसपास बनाया और अलंकृत किया लगता है। इस पद्धति में फ्रेस्को, सेक्को-फ्रेस्को और टेंपेरा पद्धति के चित्र हमें सहारनपुर और देहरादून के अलावा इस क्षेत्र के कुछ गांवों में कनखल तक बने हुए भवनों में देखने को मिलते थे, जिनमें से अब कुछ ही भवन बचे हैं। ये चित्र सिक्को-टेंपरा पद्धति से बनाए गए थे न कि फ्रेस्को पद्धति से, जैसा कि कुछेक अध्येताओं ने कहा है। हवेलियों के बुनियादी ढांचे और रखरखाव और संरक्षण के प्रति वर्तमान मालिकों में विशेष उत्साह नहीं है। हालांकि फोटोग्राफी करते समय मुझसे इनके मालिकों ने सद्व्यवहार किया।

## जीवनशैली ने खराब की खूबसूरती

छत्ता जंबुदास में हवेलियों के सामने के हिस्से को बीड़ी, सिगरेट और पान-मसाला बेचने के स्टॉल, ठेले और खोखे लगाने के लिए इस्तेमाल करते पाए गए। हवेली के मुखावरण दीवार की बाहरी सतह पर कीलें गाड़कर बड़े होर्डिंग लगा दिए गए हैं। इन हवेलियों के सामने बिजली, टेलीफोन और इंटरनेट केबल्स के लटकते हुए तारों के जाल ने इनकी दृश्यावली को दूषित किया है। बरताला यादगार की यह खूबसूरत हवेली हमें ब्रिटिश शासन की याद दिलाती थी। यह हवेली मुगल, ब्रिटिश और भारतीय वास्तुकला के मेल का सबूत थी। इसकी दीवारों पर किए गए चित्रांकन में ब्रिटिश व्यक्तियों के चित्र और प्रवेश द्वार पर फूलों और ज्यामितीय आकृतियों के पैटर्न बने हुए थे। लोगों की जीवनशैली में आए बदलावों के साथ, इन हवेलियों का ऑर्गेनिक ढांचा खराब कर दिया है।

# कार्यक्षेत्र का माहौल देखकर हुआ जिम्मेदारी का एहसास

**जॉब का पहला दिन**

मेरे जीवन का वह दिन आज भी ताजगी के साथ याद आता है, जब मैंने 2 सितंबर 2012 को शाहजहांपुर की तहसील तिलहर में बैंक ऑफ बड़ौदा में क्लर्क के रूप में अपनी नौकरी में पहला कदम रखा था।



सुबह से ही मन में उत्साह और हल्की-सी घबराहट का मिश्रण था। नए कपड़े पहनकर, आवश्यक दस्तावेजों को संभालते हुए जब मैं बैंक की शाखा में पहुंचा, तो वहां का वातावरण मेरे लिए बिल्कुल नया और अलग था। बैंक का विशाल हॉल, ग्राहकों की लंबी कतारें, कंप्यूटर की लगातार चलती आवाजें और कर्मचारियों की व्यस्तता यह सब देखकर मन में एक जिम्मेदारी का एहसास हुआ।

शाखा प्रबंधक ने मुस्कुराते हुए मेरा स्वागत किया और अन्य कर्मचारियों से परिचय कराया। सभी ने पूर्णतः सहयोग का आश्वासन दिया, जिससे मेरा आत्मविश्वास और बढ़ा गया। मुझे पहले दिन काउंटर पर बैठाकर पासबुक अपडेट और छोटे-मोटे लेन-देन का कार्य सौंपा गया। शुरुआत में उंगलियां कीबोर्ड पर थोड़ी धीमी चल रही थीं और हर एंट्री को दो बार जांचने की आदत पड़ रही थी। एक-दो बार छोटी-सी गलती भी हुई, लेकिन वरिष्ठ सहकर्मी ने धैर्यपूर्वक समझाया। उनके सहयोग ने मुझे काम को समझने में सहज बना दिया।

ग्राहकों से संवाद करना मेरे लिए नया अनुभव था। कोई जल्दी में था, तो कोई अपनी समस्या लेकर परेशान। एक बुजुर्ग व्यक्ति जब पासबुक अपडेट कराने आए और काम होने पर मुस्कुराकर आशीर्वाद दिया, तो वह पल मेरे लिए बेहद खास बन गया। उस समय महसूस हुआ कि यह नौकरी सिर्फ लेन-देन तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों की सेवा और विश्वास से भी जुड़ी है। दोपहर तक काम का दबाव बढ़ गया, लेकिन धीरे-धीरे मैंने गति पकड़ ली।



पुलकित कुमार
इटावा

दिन के अंत में जब कैश मिलान सही निकला, तो मन में एक संतोष और आत्मविश्वास की भावना जागी। लगा कि मैंने अपने पहले दिन की परीक्षा सफलतापूर्वक पार कर ली। शाम को घर लौटते समय थकान जरूर थी, लेकिन उससे कहीं ज्यादा खुशी और गर्व का एहसास था। पहला दिन मेरे लिए केवल एक शुरुआत नहीं था, बल्कि जिम्मेदारी, सीख और आत्मविश्वास की नई यात्रा का आरंभ था। यह अनुभव हमेशा मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा।

# मानवता की पुकार, युद्ध नहीं समाधान

पिछले 40 वर्षों में उसने इराक, सीरिया, लेबनान और यमन जैसे देशों के भीतर एक ऐसा गुप्त नेटवर्क खड़ा किया है, जिससे उसकी रणनीतिक गहराई का पता मिलता है। यह नेटवर्क राजधानी तेहरान से शुरू होकर भूमध्य सागर से लाल सागर तक फैला हुआ है। सीरिया की सरकार, लेबनान का हिजबुल्लाह, यमन का हूती आंदोलन और फिलिस्तीन का हमास जैसे समूह शामिल हैं, ये सभी किसी न किसी रूप में ईरान के समर्थन और संसाधनों पर निर्भर हैं और अक्सर अमेरिका और इजराइल के खिलाफ सक्रिय रहते हैं, इनका मकसद अपने क्षेत्र से अमेरिका और इजराइल के प्रभाव को खत्म करना है। ईरान इन समूहों को फंडिंग, हथियार और ट्रेनिंग देकर इतना मजबूत करता है, ताकि देश के भीतर शांति बनी रहे और संघर्ष बाहर ही बाहर चलता रहे। इस दौरान ईरान ने अपनी सैन्य और साइबर ताकत को भी लगातार बढ़ाया, पर्शियन गल्फ के पास स्थित भूमिगत मिसाइलों के बसे शहर इसका उदाहरण हैं।



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

मार्च 2026 तक भारतीय नया रुपया 94 से 95 प्रति डॉलर के आसपास पहुंच चुका था और यह गिरावट जारी है। भारत अपनी जरूरत का अधिकांश तेल आयात करता है और जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल महंगा होता है, तो भारत को ज्यादा डॉलर खर्च करने पड़ते हैं, जिससे रुपए पर दबाव बढ़ता है और उसकी कीमत गिरती है। वैश्विक बाजार में उत्पन्न किसी भी




अनिश्चितता का असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों की मुद्रा पर पड़ता है। हमारा रुपया एशिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है। हम तो यही चाहेंगे कि मिडिल ईस्ट जितनी जल्दी संघर्ष विराम लग जाय, हमारे लिए हितकर है। ट्रंप की हालत तो बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना जैसी है। उनके मनः स्थिति पल-पल में बदल रही है। ये दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के राष्ट्राध्यक्ष का व्यवहार तो बिल्कुल भी नहीं है। इजराइल और ईरान के बीच चल रहा तनाव अब बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। पिछले महीने यानी मार्च में भी इजरायल ने ईरान के इसी गैस प्लांट को निशाना बनाया था, जिसके बाद ट्रंप का बयान आया था कि अब ईरान के एनर्जी इंफ्रा, खासकर साउथ पार्स प्लांट पर हमला नहीं किया जाएगा। ज्ञात हो कि साउथ पार्स ईरान का सबसे बड़ा गैस इंफ्रा है। ईरान की 70 प्रतिदिन गैस यहीं से आती है। यह ईरान के लिए सोने की खान से कम नहीं है। कह सकते हैं कि यह सीधे तौर पर ईरानी अर्थव्यवस्था पर हमला है। साउथ पार्स का इसका होर्मुज से बेहद नजदीक है, अब होर्मुज रूट पर भी संकट मडराने लगा है।

तेल गैस फैसिलिटी पर चुन-चुनकर मिसाइल दागकर हमला करना और हबशान फुजैरा पाइपलाइन में आग लगना सिर्फ यूएई के लिए ही चिंता का विषय नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया के लिए। हम एलपीजी के लिए लाइन में खड़े हैं। इस तरह के हमले हमारी भी चिंता के विषय हैं। ईरान इजराइल युद्ध ने दुनियाभर में ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है, जहां कई देशों को एनर्जी इमरजेंसी लगानी पड़ रही है। भारत में चलने वाले ढाबे, रेस्टोरेंट बंद होने के कगार पर हैं। कुछ बंद हो चुके हैं। भारत सरकार द्वारा मुश्किल समय आने का संकेत दिया गया है। हमारे तेल भंडार पर्याप्त नहीं हैं। उड़ीसा और कर्नाटक में नए तेल भंडार बनने जा रहे हैं, जिन्हें पूरा होने में 2030 तक का समय लगेगा। हालांकि पेट्रोलियम को लेकर अभी देश में बांग्लादेश और पाकिस्तान की तरह मारामारी नहीं है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने करीब 5 मिलियन बैरल ईरानी क्रूड खरीदा है।

रेल हमारे देश में सबसे बड़ा यातायात का साधन है और राहत की बात यह है कि हमारे पास कोयले का रिजर्व भंडार है और हाइड्रो पावर भी है, जो रेल यातायात को सुचारू रखने में मददगार साबित होंगे, लेकिन युद्ध के लंबा खींचने पर विषम स्थिति आ सकती है। युद्ध के ठेकेदारों को आम जनता की परेशानी से कोई मतलब नहीं रहता। ऋषिकेष में रहने वाले एक मित्र सपरिवार एक महीने के लिए सैन फ्रांसिस्को से भारत आए थे। जैसे ही वापस जाने का समय आया तो फ्लाइट कैंसिल होने लगीं। टिकटों के दाम बढ़ने लगे। आनन-फानन में लंबा ले-ओवर लेकर टिकट कराई ताकि समय से पहुंच कर नौकरी ज्वाइन कर सकें और आर्थिक संकट से भी बचें। एक ईरानी गीतकार अपना गिटार लेकर प्लांट के पास ही बैठ गया था। ऐसे मौके पर देश में एकता होनी बहुत जरूरी है। क्योंकि सबसे बड़ी बात यह कि कोई भी युद्ध केवल हथियारों का टकराव नहीं होता, बल्कि यह मानसिक और भावनात्मक स्तर पर भी लंबे समय तक गहरा प्रभाव छोड़ता है। दुनियाभर में बैठे युद्ध के ठेकेदारों को इस बात को समझना होगा।

# मुरीद रूमी के लिए ईरान से तुर्की पहुंचे शम्स



शम्स तबरेजी 13 वीं सदी के एक महान फारसी सूफी संत, दार्शनिक और कवि थे, जिन्हें प्रसिद्ध कवि जलालुद्दीन रूमी के आध्यात्मिक गुरु के रूप में जाना जाता है। मौलाना शम्स अल-दीन मुहम्मद इब्ने मलिकदादे तब्रीजी का जन्म लगभग 1184 ईस्वी में ईरान के अजरबैजान प्रांत की राजधानी तब्रीज में हुआ था।

'शम्स' अरबी शब्द है, जिसका अर्थ सूरज होता है और वे सचमुच अपने समय के आध्यात्मिक आकाश में सूर्य की भांति चमके। उनके पिता का नाम इमाम अलाउद्दीन या अली बताया जाता है, जबकि उनके दादा मलिक दाद थे। उस समय का परिवेश राजनीतिक और धार्मिक उथल-पुथल से भरा हुआ था। धर्मयुद्ध, मंगोल आक्रमण और सत्ता परिवर्तन ने पूरे क्षेत्र को प्रभावित किया था।

बाल्यावस्था में ही शम्स को शिक्षा हेतु शेख अबू बक्र-ए-सल्लह बाफ के सुपुर्द कर दिया गया। उन्होंने अपने गुरु से आध्यात्मिक साधना के अनेक आयाम सीखे, किंतु स्वयं शम्स का मानना था कि उनके भीतर कुछ ऐसा था, जिसे कोई पूरी तरह पहचान नहीं सका। ईश्वर की खोज की तीव्र लगन उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाती रही, इसी कारण वे "शैख परिंदा" अर्थात उड़ता हुआ संत कहे जाने लगे। वे साधारण जीवन जीते हुए भी गहन आध्यात्मिक ज्ञान के धनी थे। फारसी और अरबी साहित्य, सूफी दर्शन, इस्लामी कानून तथा विज्ञान में उनकी गहरी पकड़ थी।



करन सिंह मौर्य
बरेली

युवावस्था में शम्स ईश्वर प्रेम में इतने डूब जाते थे कि कई-कई दिनों तक भोजन की सुध तक नहीं रहती थी। वे दरवेशों और सूफी संतों के साथ समय बिताते और परमात्मा से एक ऐसी आत्मा की प्रार्थना करते, जो उनके प्रेम और अनुभूति को समझ सके। अंततः 21 नवंबर 1244 को तुर्की के कोन्या में उनकी मुलाकात जलालुद्दीन रूमी से हुई। यह ऐतिहासिक मिलन दोनों के जीवन में परिवर्तन का कारण बना। शम्स ने रूमी को केवल एक विद्वान मौलवी से उठाकर प्रेम और भक्ति में डूबे महान सूफी कवि में परिवर्तित कर दिया।

रूमी शम्स के व्यक्तित्व और उनके दिव्य प्रेम से इतने प्रभावित हुए कि वे पूरी तरह उनके समर्पित हो गए। किंतु रूमी के शिष्यों और स्थानीय विद्वानों को यह संबंध स्वीकार नहीं हुआ। ईर्ष्या और विरोध के कारण शम्स को कोन्या छोड़ना पड़ा। उनके जाने से रूमी गहरे विरह में डूब गए। बाद में जब यह ज्ञात हुआ कि शम्स दमिश्क में हैं, तो रूमी ने अपने पुत्र वलद को उन्हें वापस लाने के लिए भेजा। शम्स पुनः कोन्या लौटे, किंतु विरोध की भावना समाप्त नहीं हुई।

अंत में परिस्थितियां ऐसी बनीं कि शम्स एक बार फिर कोन्या से चले गए और फिर कभी दिखाई नहीं दिए। उनके जीवन के अंतिम चरण को लेकर अनेक कथाएं प्रचलित हैं, किंतु सत्य आज भी रहस्य बना हुआ है। शम्स का जीवन सादगी, आत्मिक खोज और ईश्वर प्रेम का प्रतीक था। वे बाहरी आडंबर से दूर, केवल आंतरिक साधना में विश्वास रखते थे। उनका संपूर्ण जीवन इस सत्य को उजागर करता है कि सच्ची आध्यात्मिकता बाहरी दिखावे में नहीं, बल्कि आत्मा की गहराइयों में बसती है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 77,550.25 | 24,050.60 |
| बढ़त | 918.60 | 275.50 |
| प्रतिशत में | 1.20 | 1.16 |

सोना 1,55,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,47,000 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, शनिवार, 11 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### डॉलर के मुकाबले रुपया 32 पैसे टूटकर 92.83 पर बंद

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले शुरुआत बढ़त को गंवाते हुए 32 पैसे टूटकर 92.83 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े जोखिमों सहित वैश्विक तनाव के कारण रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार वैश्विक अनिश्चितता के बीच रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों के लिए प्रत्येक दिन के लिए नेट ओपन पोजिशन 10 करोड़ डॉलर तक सीमित करने के निर्देश की समय-सीमा शुक्रवार को खत्म हो गई, जिसके कारण रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया।

### प्राकृतिक शहद के लिए न्यूनतम निर्यात मूल्य की अवधि बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को प्राकृतिक शहद पर न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) की अवधि को नौ महीने यानी इस साल 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया। यह कदम सस्ते शहद के निर्यात खेपों को रोकने के मकसद से उठाया गया है। सरकार ने प्राकृतिक शहद के लिए 1,400 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) तय किया हुआ है। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने कहा, प्राकृतिक शहद के निर्यात पर मौजूदा 1,400 डॉलर एफओबी (फ्रेट ऑन बोर्ड) प्रति टन एमईपी को 31 दिसंबर, 2026 तक बढ़ा दिया गया है।

### इफको का नैनो उर्वरकों को बढ़ावा देने के लिए 560 जिलों में अभियान

**नई दिल्ली।** इफको ने नैनो तरल उर्वरकों के बारे में जागरूकता पैदा करने और पारंपरिक मिट्टी के पोषक तत्वों के उपयोग को कम करने के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। सहकारी संगठन ने कहा कि उसने किसानों के बीच 'इफको नैनो उर्वरक जागरूकता महाअभियान' शुरू किया है। यह अभियान 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 560 जिलों और 3,477 तहसीलों को अपने दायरे में लेगा।

# ऊर्जा आपूर्ति के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर रहना अब भूल साबित होगी

## ओएनजीसी के चेयरमैन ने कहा- नए भूराजनीतिक परिदृश्य ने बदल दिए हैं हालात

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस कंपनी ओएनजीसी के चेयरमैन एवं सीईओ अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न ऊर्जा गतिरोध के बाद भारत को तेल एवं गैस की आपूर्ति के पारंपरिक स्रोतों पर निर्भरता को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की अपनी जरूरतों का करीब आधा एवं गैस का 30 प्रतिशत और एलपीजी का 85 से 90 प्रतिशत पश्चिम एशिया से आयात करने वाले भारत को ऊर्जा संसाधनों की आपूर्ति और कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचाव के लिए रणनीतिक भंडारण क्षमता बढ़ानी चाहिए।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के एक कार्यक्रम में सिंह ने कहा कि खाड़ी देशों से निर्यात के लिए उपयोग होने वाला प्रमुख समुद्री मार्ग के छह सप्ताह तक बंद रहने से कई आयातक देशों में ऊर्जा संकट पैदा हो गया और भारत को भी गैस आपूर्ति में प्राथमिकता तय करनी पड़ी। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) के प्रमुख ने कहा, यह मानकर चलना कि पश्चिम एशिया हमारे नजदीक है और वहां से संसाधन आसानी से मिल जाएंगे, अब सही नहीं रह गया है। भविष्य में यह धारणा भूल साबित हो सकती है। सिंह ने कहा कि वैश्विक स्तर पर बदलते भूराजनीतिक परिदृश्य और बढ़ते तनाव ऊर्जा सुरक्षा को लेकर स्थापित धारणाओं को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, परिस्थिति में अब बुनियादी बदलाव आया है। अगर दुनिया भूमंडलीकरण के रुझानों से अधिक उलट जाती है तो फिर हमें और समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।



### संकट से बचाव के लिए घरेलू उत्पादन बढ़ाएं

सिंह ने घरेलू उत्पादन बढ़ाने की जरूरत बताते हुए कहा कि देश में जहां भी तेल एवं गैस के संसाधन हैं, उनका उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने भारत के लिए अपने ऊर्जा स्रोतों एवं आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता लाने और भंडारण क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया। एलपीजी के संदर्भ में ओएनजीसी प्रमुख ने कहा कि भारत ने इसकी घरेलू आपूर्ति को पहले के 30 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत तक पहुंचाया है लेकिन इस काम में एक लागत भी आई है। सिंह ने घरेलू रसोई गैस आपूर्ति के लिए पीएनजी को प्राथमिकता देने की वकालत करते हुए कहा कि इससे संकट की स्थिति में रसोई गैस आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी। वैश्विक बाजार में बढ़ती अस्थिरता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि रिफाइनिंग मार्जिन अब पहले की तुलना में अधिक अनिश्चित हो गए हैं।

### कतर ने भारत को भरोसेमंद ऊर्जा आपूर्ति करने का भरोसा दिया

**नई दिल्ली।** कतर ने भारत के लिए एक भरोसेमंद ऊर्जा आपूर्तिकर्ता बने रहने का संकल्प दोहराया है। कतर के ऊर्जा मंत्री साद शेरिदा अल-काबी ने दोहा में भारतीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ बातचीत के दौरान यह आश्वासन दिया। इस दौरान दोनों पक्षों ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक बाजारों में स्थिरता बनाए रखने का आह्वान किया। भारत सरकार ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि पुरी 9-10 अप्रैल तक कतर की दो दिवसीय यात्रा पर थे। दोनों पक्षों ने आठ अप्रैल को घोषित दो सप्ताह के युद्धविराम का स्वागत किया और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में आ रहे व्यवधानों को जल्द खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया। बयान में कहा गया कि उन्होंने आपूर्ति शृंखला को बनाए रखने के लिए निर्बाध नौवहन के महत्व पर भी बल दिया। कतर भारत को एलएनजी और एलपीजी की आपूर्ति करने वाला सबसे बड़ा स्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी क्रमशः 45 प्रतिशत और 20 प्रतिशत है।

# आयात और निर्यात के रुझानों पर नजर रखेगी सरकार

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वह निर्यात-आयात के रुझानों और क्षेत्रीय तनाव संकेतकों पर नजर रखने के लिए एक साप्ताहिक निगरानी तंत्र स्थापित करेगा।

यह कदम इन चिंताओं के बीच उठाया गया है कि वैश्विक तनाव के कारण आपूर्ति शृंखला में व्यवधान, लॉजिस्टिक बाधाएं और बढ़ती लागत से उद्योग प्रभावित हो सकते हैं। इस क्रम में आयोजित दो बैठकों में निर्यातकों ने पैकेजिंग सामग्री की बढ़ती लागत और अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र, विशेष रूप से पश्चिम एशिया क्षेत्र में जहाजों की आवाजाही में आ रही बाधाओं पर चर्चा की। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में पैकेजिंग सामग्री और उससे जुड़े कच्चे माल की कमी से पैदा चुनौतियों पर विचार किया गया। देखा गया कि वैश्विक घटनाक्रम पॉलीमर और रेजिन जैसे प्रमुख पेट्रोकेमिकल की उपलब्धता और कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं।

# वित्तीय शेयरों में खरीदारी से 919 अंक उछला सेंसेक्स

**मुंबई, एजेंसी**

### अमेरिका-ईरान वार्ता शुरू होने से निवेशकों का बढ़ा हौसला




घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को बैंकों में तगड़ी खरीदारी आने से बढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स 918.60 अंक उछल गया जबकि निफ्टी में 275.50 अंक की बढ़त दर्ज की गई। विश्लेषकों के अनुसार पश्चिम एशिया संकट नरम पड़ने की संभावना, अमेरिका-ईरान वार्ता से उम्मीदें और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से निवेशकों का हौसला मजबूत हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 918.60 अंक यानी 1.20 प्रतिशत चढ़कर 77,550.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 990.85 अंक उछलकर 77,622.50 के स्तर तक चला गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 275.50 अंक यानी 1.16 प्रतिशत बढ़कर 24,050.60 अंक पर पहुंच गया।

### लाभ में रहे ये शेयर

एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो), एक्सिस बैंक और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

### इनमें आई गिरावट

सन फार्मा, इन्फोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

### 955.90 करोड़ की खरीदारी

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 1,711.19 करोड़ रुपये के शेयर बेचे जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 955.90 करोड़ रुपये की खरीदारी की।

### विदेशी मुद्रा भंडार 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर पर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार एक सप्ताह पहले 27 मार्च को समाप्त अवधि में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.28 अरब डॉलर घटकर 688.06 अरब डॉलर रह गया था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी 2026 को समाप्त सप्ताह में 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद पश्चिम एशिया संकट के कारण इस भंडार में कई सप्ताह तक गिरावट देखी जा रही थी। दरअसल, पश्चिम एशिया संकट के बाद रुपये पर बने हुए दबाव के बीच केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर की बिक्री के जरिये हस्तक्षेप करता रहा है।

# बेमौसम बारिश से 2.49 लाख हेक्टेयर रबी फसलों को क्षति, गेहूं सर्वाधिक प्रभावित

**भोपाल।** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से अब तक 2.49 लाख हेक्टेयर में खड़ी रबी फसलों को नुकसान पहुंचा है, जिसमें सबसे अधिक गेहूं की खेती प्रभावित हुई है। फसलों को हुए नुकसान का तीन विभागों की ओर से सर्वेक्षण किया जा रहा है। राज्य सरकारों से भी तुरंत नुकसान का आकलन करने को कहा गया है।

मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में 'उन्नत कृषि मेला' शुरू होने से पहले यहां चौहान ने कहा कि असामान्य मौसम से आठ अप्रैल तक हुए नुकसान में गेहूं को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है और इसके बाद आम और लीची जैसी बागवानी फसलें प्रभावित हुई हैं। जून से खरीफ की बुवाई के लिए किसानों की तैयारी के बीच चौहान ने कहा कि सरकार पश्चिम एशिया के तनाव से वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव से बचने के लिए उर्वरकों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है।

# एडीबी ने भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.9% किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मजबूत घरेलू मांग, आसान वित्तपोषण परिस्थितियों और भारतीय वस्तुओं पर अमेरिका के कम शुल्क के समर्थन से चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर के 6.9 प्रतिशत रहने का शुक्रवार को अनुमान लगाया। वहीं अगले वित्त वर्ष में इसके 7.3 प्रतिशत रहने की संभावना है।

'एशियन डेवलपमेंट आउटलुक रिपोर्ट' में एडीबी ने कहा कि यदि पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है तो इससे कई माध्यमों के जरिये भारत के व्यापक आर्थिक प्रदर्शन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इनमें ऊर्जा कीमतों में वृद्धि, व्यापार प्रवाह में बाधा एवं धन प्रेषण (रेमिटेंस) में कमी शामिल हैं क्योंकि यह क्षेत्र भारत के बाहरी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है। एडीबी ने अनुमान जताया कि खाद्य कीमतों में पहले आई गिरावट के बाद उछाल, वैश्विक तेल कीमतों में वृद्धि, मुद्रा की कमजोरी और कीमती धातुओं की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति 2025-26 के 2.1 प्रतिशत से बढ़कर चालू वित्त वर्ष में 4.5 प्रतिशत हो सकती है। अगले वित्त वर्ष 2027-28 में तेल कीमतों में नरमी के कारण यह घटकर चार प्रतिशत रहने का अनुमान है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के गत वित्त वर्ष 2025-26 में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने का अनुमान है जो 2024-25 के 7.1 प्रतिशत से अधिक है। इस वृद्धि की मुख्य वजह आयकर और जीएसटी में कटौती, खाद्य कीमतों में गिरावट से मजबूत घरेलू खपत और स्थिर सार्वजनिक निवेश को माना जा रहा है। कहा गया, वैश्विक आर्थिक और भूराजनीतिक माहौल के बिगड़ने के बावजूद अगले वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत पर बनी रहने का अनुमान है।




- कहा- पश्चिम एशिया संघर्ष लंबा खिंचा तो देश के आर्थिक प्रदर्शन पर पड़ेगा प्रतिकूल असर

# राज्य सेवारत कर्मचारियों और पेंशनधारकों के बीच महंगाई भत्ते में भेदभाव नहीं कर सकता: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्य महंगाई भत्ते को बढ़ाते समय सेवारत कर्मचारियों और पेंशनधारकों के बीच भेदभाव नहीं कर सकता।

सेवानिवृत्त लोगों के समानता के अधिकार को बरकरार रखते हुए न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने केरल सरकार और केरल राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा दायर अपीलों को खारिज कर दिया। कोर्ट ने साफ किया कि महंगाई का प्रभाव सेवारत और सेवानिवृत्त, दोनों कर्मचारियों पर समान रूप से पड़ता है। न्यायमूर्ति मिश्रा ने फैसले में लिखा, समानता एक गतिशील अवधारणा है और इसे पारंपरिक सीमाओं में कैद नहीं किया जा सकता। वास्तव में, समानता और मनमानापन एक-दूसरे के एकदम विपरीत हैं, एक गणराज्य में कानून के शासन का हिस्सा है, जबकि दूसरा एक निरंकुश शासक की सनक है। उन्होंने अपने फैसले में संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का हवाला दिया।

# शत-प्रतिशत भूमि अधिग्रहण के बाद परियोजनाओं को मिले मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी नए राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना को मंजूरी देने से पहले उसके लिए शत प्रतिशत भूमि अधिग्रहण होना चाहिए क्योंकि ऐसा न होने पर यह सड़क निर्माण में एक बड़ी बाधा बनता है।

विकसित भारत 2047 पर आयोजित 17वें सीआईडीसी विश्वकर्मा पुरस्कार एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि राजमार्ग मंत्रालय के पास 15 लाख करोड़ रुपये मूल्य की राजमार्ग परिसंपत्तियां हैं जिनका मौद्रीकरण किया जा सकता है। उन्होंने कहा, भूमि अधिग्रहण, वन एवं पर्यावरण मंजूरी राजमार्ग परियोजनाओं के समक्ष पेश होने वाली बड़ी समस्याएं हैं। हमने यह अनिवार्य किया था कि 90 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण के बिना कोई नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना शुरू नहीं होगी। अब मेरा मानना है कि 100 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण के बिना नई परियोजनाओं के लिए अपॉइंटेड डेट नहीं दी जानी चाहिए। अपॉइंटेड डेट राजमार्ग परियोजनाओं के लिए औपचारिक शुरुआत की तारीख होती है जो यह संकेत देती है कि निर्माण शुरू करने के लिए भूमि अधिग्रहण एवं आवश्यक मंजूरियां पूर्णतः पूरी हो चुकी हैं।

गडकरी ने एकबार फिर दोहराया कि राजमार्ग निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने वाले सलाहकार ही सड़कों की खराब हालात के असली जिम्मेदार हैं।



- गडकरी ने कहा- पूरा अधिग्रहण न होने से निर्माण में आती है बाधा



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# बंगाल में घुसपैठ रोकने और महिलाओं को हर माह 3,000 रुपये देने का वादा

## अमित शाह ने जारी किया भाजपा का घोषणापत्र, बोले- ये सोनार बांग्ला की रूपरेखा

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शुक्रवार को अपना घोषणापत्र जारी करते हुए घुसपैठ के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने, समान नागरिक संहिता लागू करने और महिलाओं, युवाओं, किसानों तथा राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए व्यापक कल्याणकारी योजनाओं का वादा किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां संकल्प पत्र जारी कर इसे सोनार बांग्ला के निर्माण की रूपरेखा बताया और ममता बनर्जी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के पिछले 15 वर्षों का शासन राज्य की जनता के लिए बुरे सपने जैसा साबित हुआ है।

शाह ने चुनावी मुकाबले को भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा, घुसपैठ और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर जनमत-संग्रह में बदलने का आह्वान करते हुए कहा, तृणमूल कांग्रेस से ऊब चुका पश्चिम बंगाल अब बदलाव चाहता है। घुसपैठ और सीमा सुरक्षा के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार घुसपैठियों के खिलाफ डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट की नीति अपनाएगी। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में हमारी सरकार घुसपैठ को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाएगी। पार्टी ने राज्य की सीमाओं को मजबूत करने, मवेशी तस्करी पर रोक लगाने और सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों और घुसपैठियों से मुक्त कराने का भी वादा किया।




कोलकाता में शुक्रवार को भाजपा का संकल्पपत्र जारी करते गृहमंत्री अमित शाह।

### प्रमुख वादे

- शाह ने कहा, भाजपा शासित राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू हो चुकी है। हम इसे पश्चिम बंगाल में भी छह महीने के भीतर लागू करेंगे, ताकि हर नागरिक के लिए एक समान कानून हो।
- अल्पसंख्यकों की आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसा कानून बनाएगी जिसमें हर नागरिक को अपने धर्म का पालन करने की पूरी स्वतंत्रता मिलेगी।
- उन्होंने सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण और सार्वजनिक परिवहन में मुफ्त यात्रा का वादा भी किया। दरअसल राज्य के मतदाताओं में करीब 50% महिलाएं हैं।
- संकल्प पत्र में वादा किया गया है कि बेरोजगार युवाओं को प्रतिमाह 3,000 रुपये भत्ता दिया जाएगा, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए 15,000 रुपये अतिरिक्त सहायता दी जाएगी।

# असम में जीत का भरोसा नहीं था इसलिए भाजपा ने यूपी से भेजे 50,000 लोग: ममता

**तेंतुलिया।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा असम में वहां के निवासियों के वोट के दम पर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त नहीं थी इसलिए वह वहां के चुनाव में बाहर से लोगों को लेकर आई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र में भाजपा सरकार के रहते देश में कोई भी एजेंसी तटस्थ नहीं है क्योंकि उसने सबको खरीद लिया है।

ममता बनर्जी ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, उत्तर प्रदेश से 50,000 लोगों को लेकर एक पूरी ट्रेन असम भेजी गई। ममता बनर्जी ने कहा, सांप पर भरोसा किया जा सकता है लेकिन भाजपा पर नहीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा पश्चिम बंगाल में भी बाहर से लोगों को लाने के लिए इसी तरीके का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही है और इसी कारण अधिकारियों का तबादला किया गया। उन्होंने कहा, लोगों, पैसे और मादक पदार्थों को लाया जा रहा है लेकिन हमारे कार्यकर्ता मुकाबला करेंगे और जीतेंगे।

- कहा- देश में कोई एजेंसी निष्पक्ष नहीं, भाजपा ने सबको खरीद लिया



### हटाए गए 90 लाख नामों में 30 लाख मुसलमान, 60 लाख हिंदू

ममता ने कहा कि बंगाल में एसआईआर के दौरान 90 लाख नाम हटा दिए गए हैं। एक अखबार के अनुसार, इनमें से 60 लाख हिंदू और 30 लाख मुसलमानों के हैं। उन्होंने दावा किया कि असम में एनआरसी प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए 19 लाख नामों में से 13 लाख हिंदुओं और छह लाख नाम मुसलमानों के थे।

### रिकॉर्ड: तमिलनाडु में 4,618 उम्मीदवार

**चेन्नई।** तमिलनाडु में बृहस्पतिवार को नाम वापसी के बाद अब 4,618 उम्मीदवार मैदान में हैं जो अब तक के सर्वाधिक हैं। आंकड़ों के अनुसार, नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने तक रिकॉर्ड 7,599 नामांकन दाखिल किए गए जिनमें 6,216 पुरुष और 1,380 महिलाओं के हैं। इनमें से 4,618 नामांकन स्वीकार किए गए, 2,640 खारिज कर दिए गए। 521 ने नाम वापस ले लिए हैं। आयोग ने 911 नामांकनों को प्रतिस्पर्धी के रूप में वर्गीकृत किया है।

# एआईएमआईएम ने पश्चिम बंगाल में हुमायूं कबीर से तोड़ी साझेदारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले बड़े राजनीतिक घटनाक्रम में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने शुक्रवार को आम जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर के साथ अपना गठबंधन तोड़ने की घोषणा की है। यह कदम हुमायूं कबीर का वह स्टिंग वीडियो सामने आने के बाद उठाया गया है जिसमें वह कहते दिखाई दिए कि ममता बनर्जी को हराने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से उनका 1,000 करोड़ रुपये का सौदा हुआ है।

एआईएमआईएम ने स्पष्ट किया है कि वह अब पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी। सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में पार्टी ने कहा कि वह ऐसे किसी कृत्य के साथ नहीं जुड़ सकती जो मुसलमानों की निष्ठा पर सवाल खड़ा करे। यह अलगाव तब हुआ है जब राजनीतिक हलकों में एक स्टिंग वीडियो सामने आया है, जिसमें हुमायूं कबीर को विवादित टिप्पणी और राजनीतिक सौदेबाजी करते हुए दिखाया गया है। इन दावों ने राज्य में एक नया राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। यह वीडियो सामने आने के बाद कबीर के ओवैसी की पार्टी से गठबंधन पर भी सवाल उठे थे। हालांकि, कबीर ने इन आरोपों को खारिज करते हुए इसे राजनीति से प्रेरित बताया है।

### भाजपा से 1,000 करोड़ रुपये का सौदा करने के कुबूलनामे के बाद उठाया कदम

# असम: पुलिस ने एजेपी प्रमुख के घर की तलाशी ली

**डिब्रूगढ़।** असम में विधानसभा चुनाव के दिन हुई एक घटना के सिलसिले में शुक्रवार को असम जातीय परिषद (एजेपी) के अध्यक्ष और पार्टी प्रत्याशी लुरिंज्योति गोगोई के आवास की तलाशी ली गई।

गोगोई खोवांग निर्वाचन क्षेत्र से विपक्ष के उम्मीदवार हैं। एजेपी के नेताओं ने कहा, लगभग दो घंटे तक गहन तलाशी अभियान चलाया गया। पुलिस पर वारंट भी नहीं था। एजेपी ने आरोप लगाया था कि भाजपा खोवांग के एक घर में आईटी सेल चला रही है।पुलिस के साथ एजेपी कार्यकर्ता वहां पहुंचे तो तीखी बहस के बाद एजेपी कार्यकर्ता और भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए, जिसमें तीनों एजेपी नेता घायल हो गए।

### मुख्यमंत्री स्टालिन ने मेट्रो ट्रेन में यात्रियों से किया सीधा संवाद

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन ने शुक्रवार को विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चेन्नई मेट्रो में सफर कर चुनाव प्रचार किया। स्टालिन ने आम यात्रियों के साथ ट्रेन में यात्रा की और उनसे शासन और सरकारी योजनाओं पर फीडबैक लिया। स्टालिन चेन्नई सेंट्रल मेट्रो स्टेशन से डीएमएस मेट्रो स्टेशन तक गए। अचानक मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर यात्री हैरान रह गए।

# चुनावी लाभ के लिए महिला आरक्षण पर बुलाई गई बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में चुनावी लाभ लेने के लिए महिला आरक्षण कानून में संशोधन करने के लिए संसद की तीन दिवसीय बैठक बुलाई है, जो आचार संहिता का उल्लंघन है।

उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में कहा कि लोकसभा और विधानसभाओं की सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत के अनुपात में वृद्धि को लेकर जिस परिसीमन की बात हो रही है, उसके गंभीर परिणाम होंगे। ऐसे में परिसीमन को लेकर गहन विचार-विमर्श की जरूरत है। खरगे ने निर्वाचन आयोग पर गृह मंत्रालय के अधीनस्थ कार्यालय की तरह काम काम करने का आरोप लगाया और कहा कि उससे यह उम्मीद करना बेमानी है कि वह आचार संहिता के उल्लंघन के इस मामले पर गौर करेगा।



# भारत के प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर को दुनिया ने सराहा

● आईएईए ने कहा, भविष्य की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत के परमाणु कार्यक्रम के दूसरे चरण की शुरुआत का प्रतीक माने जा रहे प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने सराहना की है।

वैश्विक परमाणु नियामक आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा कि तमिलनाडु के कलपक्कम स्थित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर द्वारा पहली बार क्रांतिकता (क्रिटिकैलिटी) हासिल किया जाना ईंधन की दीर्घकालिक स्थिरता और परमाणु ऊर्जा के भविष्य की दिशा में एक अहम व निर्णायक कदम है। परमाणु रिएक्टर में 'क्रांतिकता' नाभिकीय श्रृंखला प्रतिक्रिया की वह स्थिर, स्व-पोषक अवस्था है, जिसमें न्यूट्रॉन उत्पादन न्यूट्रॉन हानि को संतुलित करता है, जिससे नियंत्रित मात्रा में विद्युत उत्पादन संभव हो पाता है। ग्रॉसी ने एक्स पर कहा कि कलपक्कम स्थित प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर में क्रांतिकता हासिल करने की दिशा में भारत ने प्रभावशाली प्रगति की है, जो ईंधन की स्थिरता और परमाणु ऊर्जा के भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। दुनिया में रूस के बाद यह दूसरा रिएक्टर है।

# 23 करोड़ की ठगी में सीबीआई ने की चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिए गुलमोहर पार्क निवासी एक सेवानिवृत्त बैंक कर्मी से 23 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश पर 15 मार्च को मामले की जांच अपने हाथ में लेने के बाद सीबीआई ने सिलीगुड़ी निवासी साग्निक रॉय और उसकी कंपनी 'सिक्योरिंग वर्ल्ड सोशल एंड इकोनॉमिक डेवलपमेंट काउंसिल' के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया, जिसके खातों में कथित रूप से ठगी की रकम अंतरित हुई थी।

# गगनयान मिशन : इसरो का दूसरा एयर ड्रॉप टेस्ट सफल

● यह प्रणाली कैप्सूल में प्रवेश और निकासी के लिए आवश्यक

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष स्टेशन पर आगामी गगनयान मिशन के लिए दूसरा एकीकृत एयर ड्रॉप परीक्षण (आईएडीटी-02) सफलतापूर्वक आयोजित किया। यह प्रणाली कैप्सूल कर्मी दल मॉड्यूल के कैप्सूल के पुनः प्रवेश और लैंडिंग के दौरान उसके सुरक्षित रूप से उतरने के लिए आवश्यक है। मानव उड़ान के दौरान अंतरिक्ष यात्री इसी कैप्सूल में बैठेंगे।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सफल परीक्षण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को बधाई दी। सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया कि भारत के पहले मानव अंतरिक्ष यान गगनयान के लिए दूसरे एकीकृत एयर-ड्रॉप परीक्षण (आईएडीटी-02) के सफलता पूर्वक पूरा होने पर इसरो को बधाई। गगनयान के अगले साल अंतरिक्ष में प्रक्षेपित होने की संभावना है। दूसरा एकीकृत एयर-ड्रॉप परीक्षण (आईएडीटी-02) सतीश धवन अंतरिक्ष स्टेशन श्रीहरिकोटा में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। पहले आईएडीटी परीक्षण के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद आईएडीटी-02 शुरू किया गया। पहला परीक्षण 24 अगस्त, 2025 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में हुआ था। एयर ड्रॉप परीक्षण में अंतरिक्ष यान की पृथ्वी पर वापसी के अंतिम चरण की प्रक्रिया का अभ्यास किया जाता है। विभिन्न परिस्थितियों में विभिन्न प्रणालियों का परीक्षण करने के लिए एक विमान या हेलीकॉप्टर अंतरिक्ष यान को एक निश्चित ऊंचाई से गिराता है।

इनमें मिशन के बीच में रद्द होने की स्थिति में पैराशूट प्रणाली की तैनाती, एक पैराशूट के नहीं खुलने की स्थिति में प्रणाली का प्रदर्शन और पानी में उतरने के दौरान अंतरिक्ष यान का अभिविन्यास और सुरक्षा आदि शामिल हैं। पहले आईएडीटी में एक चिनूक हेलीकॉप्टर द्वारा तीन किलोमीटर की ऊंचाई से 4.8 टन के डमी कर्मी दल मॉड्यूल को गिराया गया था। मॉड्यूल के अलग होने के बाद 10 पैराशूट से युक्त एक पैराशूट प्रणाली तैनात की गई जिससे कैप्सूल की गति को कम करके उसे सुरक्षित रूप से पानी में उतरने की गति तक पहुंचाने में मदद मिली।



## इसरो को एआईएमए का पब्लिक सर्विस एक्सीलेंस पुरस्कार

**नई दिल्ली/ चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) ने सार्वजनिक सेवा उत्कृष्टता के लिए एआईएमए विशेष पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित एआईएमए प्लैटिनम जुबली (70वें) नेशनल लीडरशिप कॉन्क्लेव के दौरान प्रदान किया गया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इसरो को यह पुरस्कार प्रदान किया। इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन की ओर से ह्यूमन स्पेस फ्लाइट सेंटर के निदेशक दिनेश कुमार सिंह ने इस सम्मान को ग्रहण किया। एआईएमए ने राष्ट्रीय विकास के समर्थन में अंतरिक्ष-आधारित प्रणालियों और अनुप्रयोगों को संचालित करने में इसरो की सराहना की।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ऑर्थोडॉक्स ईस्टर पर यूक्रेन में युद्धविराम

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बृहस्पतिवार को यूक्रेन में ऑर्थोडॉक्स ईस्टर सप्ताहांत के दौरान 32 घंटे के युद्धविराम की घोषणा की। इससे पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'ऑर्थोडॉक्स ईस्टर' के अवसर पर शत्रुता को कुछ समय के लिए रोकने का आह्वान किया था। क्रेमलिन द्वारा जारी पुतिन के आदेश में रूसी सेनाओं को शनिवार शाम चार बजे (स्थानीय समयानुसार) से रविवार शाम तक युद्धविराम का पालन करने का आदेश दिया गया है। जेलेंस्की ने सप्ताह की शुरुआत में प्रस्ताव रखा कि दोनों पक्ष छुट्टियों के दौरान एक-दूसरे के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना बंद कर दें।

### कर्नल पुरोहित को मिलेगी ब्रिगेडियर रैंक

**नई दिल्ली।** सेना ने महाराष्ट्र के मालेगांव विस्फोट मामले में गिरफ्तारी के बाद चर्चा में आए सेना के कर्नल श्रीकांत पुरोहित की ब्रिगेडियर के रैंक पर पदोन्नति को मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार सेना ने कर्नल पुरोहित के पदोन्नति के आवेदन को सशस्त्र बल न्यायाधिकरण के स्थगनादेश के बाद मंजूरी दे दी है। उच्चतम न्यायालय ने 2017 में कर्नल पुरोहित को इस मामले में जमानत दे दी थी। इसके बाद से वह सेना में अपनी ड्यूटी कर रहे थे। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की अदालत ने गत वर्ष उन्हें इस मामले में बरी कर दिया था।

### सूडान में ड्रोन हमले में 30 लोग मारे गए

**काहिरा।** सूडान में दारफुर क्षेत्र के एक कस्बे में एक शादी समारोह पर ड्रोन हमले में महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 30 आम नागरिकों की मौत हो गई। संयुक्त राष्ट्र ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने बताया कि यह शादी समारोह उत्तरी दारफुर के कुतुम कस्बे में हो रहा था। यह हमला सेना और अर्द्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच बढ़ते ड्रोन हमलों की कड़ी में हालिया घटना है। दोनों पक्ष अप्रैल 2023 से युद्धरत हैं।

### सहयोग को गहरा करेंगे उत्तर कोरिया-चीन

**सियोल।** उत्तर कोरिया और चीन के विदेश मंत्रियों ने अपने देशों के बीच सहयोग को और गहरा करने पर सहमति जताई तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया। दोनों देशों के सरकारी मीडिया संस्थानों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चीन के विदेश मंत्री वांग यी बृहस्पतिवार को प्योंगयांग पहुंचे। यह पिछले सात वर्ष में उत्तर कोरिया की उनकी पहली यात्रा है। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि वांग और उत्तर कोरिया की विदेश मंत्री चोए सोन हुई ने बैठक के दौरान मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की।

# सेना की आवाजाही पर नजर रखने वाले जासूसी नेटवर्क का भंडाफोड़

## पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को दे रहे थे जानकारी, 11 गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने सौर ऊर्जा से चलने वाले सीसीटीवी कैमरे लगाकर सेना और अर्धसैनिक बलों की आवाजाही पर नज़र रखने और यह जानकारी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े अपने आकाओं को भेजने वाले एक जासूसी नेटवर्क का भंड़ाफोड़ किया है। इस बाबत 11 लोगों को गिरफ्तार करके पास से हथियार बरामद किए गए हैं।

विशेष प्रकोष्ठ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि इस मॉड्यूल ने पंजाब और राजस्थान में संवेदनशील सैन्य ठिकानों के पास सौर ऊर्जा से चलने वाले सीसीटीवी कैमरों का एक गुप्त निगरानी नेटवर्क स्थापित किया था। अधिकारी ने कहा कि दो समन्वित अभियानों में की गई इस कार्रवाई के तहत 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही प्रतिबंधित संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़ी एक बड़ी साजिश का भी खुलासा हुआ है। उन्होंने यह मॉड्यूल जासूसी, हथियारों की तस्करी और महत्वपूर्ण रक्षा प्रतिष्ठानों की रेकी में शामिल था, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर रहा था।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि पंजाब के कपूरथला, जालंधर, पठानकोट, पटियाला और मोगा के साथ-साथ हरियाणा का अंबाला, जम्मू-कश्मीर का कठुआ और राजस्थान के बीकानेर एवं अलवर में कैमरे लगाए गए थे।

अधिकारी ने बताया कि सैनिकों की नियमित आवाजाही, अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से निकटता और प्रमुख सैन्य छावनियों तथा साजो-समान गलियारा होने के कारण इन स्थानों को अत्यधिक संवेदनशील माना जाता है।

सीसीटीवी की फीड फर्जी पहचान पत्र पर लिए गए सिम कार्ड के माध्यम से चलाए जा रहे मोबाइल ऐप के जरिए पाकिस्तान स्थित आंकाओं को भेजी जा रही थी। यह मॉड्यूल पाकिस्तान स्थित सदस्यों के सीधे निर्देशों पर काम कर रहा था।



### नौ सीसीटीवी कैमरे और चार पिस्तौल बरामद

खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने नौ सीसीटीवी कैमरे, तीन विदेश निर्मित समेत चार पिस्तौल और 24 कारतूस बरामद किए। दक्षिण पश्चिम रेंज द्वारा चलाए गए दूसरे अभियान में पंजाब से पांच और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जो रेकी और सेना व सीमा सुरक्षा बल से जुड़े प्रतिष्ठानों के संवेदनशील दृश्य साझा करने में सक्रिय रूप से शामिल थे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्हें पैसों का लालच देकर इस नेटवर्क में शामिल किया गया था, और ये पैसा सीमा पार से आने वाले हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी से आता था। वे सिम कार्ड, परिवहन और चिन्हित स्थानों पर निगरानी उपकरण लगाने जैसी व्यवस्था करने में भी शामिल थे।

### सैन्य छावनियों व सीमावर्ती सड़कों पर लगाए गए थे सीसीटीवी कैमरे

ये कैमरे जानबूझकर सैन्य छावनियों, सीमावर्ती सड़कों और अन्य उच्च-सुरक्षा क्षेत्रों के पास की गतिविधियों को दर्ज करने के लिए लगाए गए थे। पुलिस ने बताया कि इस मॉड्यूल को स्थानीय युवाओं की भर्ती करने और दीर्घकालिक जासूसी अभियानों को जारी रखने के लिए अपने नेटवर्क का विस्तार करने का भी काम सौंपा गया था। कुछ आरोपी सैन्य छावनियों की रेकी करने और सीमा पार बैठे आकाओं के साथ फोटो व वीडियो साझा करने में शामिल थे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा, सौर ऊर्जा से चलने वाले उपकरणों के उपयोग ने सीधे बिजली आपूर्ति के बिना भी दूरदराज के क्षेत्रों में निर्बाध निगरानी सुनिश्चित की, जिससे इनका पता लगाना मुश्किल हो गया। उन्होंने कहा कि इसका तकनीकी पहलू बाहरी मार्गदर्शन और समर्थन की ओर इशारा करता है। अधिकारी ने बताया कि जासूसी के अलावा, जांच में हथियार तस्करी नेटवर्क का भी पर्दाफाश हुआ है जिसमें पाकिस्तान स्थित आकाओं ने भारतीय एजेंटों को अवैध हथियार प्राप्त करने और वितरित करने का निर्देश दिया था।

# सशस्त्र बलों को एकीकृत, चुस्त और प्रौद्योगिकी से लैस करने की जरूरत

● रण संवाद संगोष्ठी में बोले सीडीएस जनरल चौहान

बेंगलुरु, एजेंसी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को कहा कि भारत के सशस्त्र बलों को एकीकृत, चुस्त और प्रौद्योगिकी से लैस बल के रूप में विकसित होने की तत्काल आवश्यकता है, जो विभिन्न युद्धक्षेत्रों में सुचारु रूप से काम करने में सक्षम हो। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक युद्ध तेजी से पारंपरिक सीमाओं और समय-सीमाओं से परे जा रहा है।

जनरल चौहान ने 'रण संवाद-2026' नाम से आयोजित संगोष्ठी के समापन सत्र को संबोधित करते हुए रेखांकित किया कि 'मल्टी-डोमेन ऑपरेशंस' (एमडीओ) अब केवल एक वैचारिक चर्चा का विषय नहीं रह गया है, बल्कि डेटा एनालिटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और संघर्ष के बदलते स्वरूप में हुई प्रगति के कारण एक उभरती हुई युद्ध वास्तविकता बन गई है।

एमडीओ आधुनिक सैन्य रणनीति है जिसमें थल, जल (समुद्र), वायु, साइबर, और अंतरिक्ष सभी पांचों क्षेत्रों में एक साथ और समन्वित तरीके से युद्ध लड़ा जाता है। सीडीएस ने कहा कि एमडीओ को इस वर्ष के विषय के रूप में इसलिए नहीं चुना गया कि यह एक प्रचलित शब्द है, बल्कि मुझे लगता है कि यह एक प्रकार ~~की नई वास्तविकता है। देश के~~ शीर्ष सैन्य अधिकारी ने कहा कि सेवारत अधिकारियों को रणनीतिक चर्चा के केंद्र में रखने के उद्देश्य से आयोजित इस संगोष्ठी ने मध्य स्तर और कनिष्ठ अधिकारियों को भविष्य के युद्ध को लेकर अपने दृष्टिकोण व्यक्त करने का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि आम तौर पर, अनुभवी लोग या विचारकों का समूह ही अपने विचार व्यक्त करते हैं। इसलिए मैंने उस विशेष प्रवृत्ति को उलट दिया।

जनरल चौहान ने कहा कि जो लोग सक्रिय रूप से सेवारत हैं, वे युद्ध में होने वाले बदलावों की गति से बेहतर ढंग से परिचित होते हैं। सीडीएस ने कहा कि विचार-विमर्श के दौरान बल की संरचना, संगठनात्मक ढांचे और एक ऐसे युद्धक्षेत्र में मौजूदा पदानुक्रम की स्थिति सहित अहम मुद्दों पर मंथन किया गया, जो अब पारंपरिक सीमाओं से परे होता है। उन्होंने कहा कि चर्चाओं के दौरान खुफिया जानकारी, निगरानी और टोह (आईएसआर) पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। उभरती प्रौद्योगिकियों की बढ़ती भूमिका को रेखांकित करते हुए जनरल चौहान ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा विश्लेषण निर्णय लेने की प्रक्रियाओं और परिचालन श्रेष्ठता को बदलने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अमेरिकी वायुसेना के अधिकारी रहे जॉन बॉयड द्वारा परिकल्पित ओओडीए लूप का जिक्र करते हुए कहा कि जो भी इस विशेष चक्र को प्रतिद्वंद्वी से पहले पूरा करेगा, वही युद्ध जीतेगा।



बेंगलुरु में आयोजित रण संवाद 2026 के दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कमांडर रुशवान रजाक को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

# जिनपिंग से मिलीं ताइवान की विपक्ष के नेता ली वुन

● चीन के राष्ट्रपति बोले शांति दोनों पक्षों के लागों की साझा इच्छा

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शुक्रवार को ताइवान के विपक्ष की नेता चेंग ली-वुन से बीजिंग में मुलाकात की और कहा कि शांति दोनों पक्षों के लोगों की साझा इच्छा है। यह मुलाकात अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अगले महीने चीन की प्रस्तावित यात्रा से पहले हुई है। ताइवान के चीनी मुख्य भूमि से पुनः एकीकरण को लेकर उस पर बीजिंग द्वारा सैन्य एवं कूटनीति दबाव बढ़ाने के प्रयासों के बीच चेंग पिछले एक दशक में चीन की यात्रा करने वाली पहली कुओमिनतांग (केएमटी) अध्यक्ष हैं। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और उसे मुख्यभूमि के साथ पुनः एकीकृत करने का संकल्प दोहराता रहा है। बीजिंग में शी जिनपिंग ने चेंग ली-वुन से मुलाकात के दौरान कहा कि दोनों पक्षों के लोग चीनी ही हैं और हमें शांति चाहिए, हमें विकास चाहिए, हमें संवाद चाहिए और हमें सहयोग चाहिए। यह हम सबकी साझा इच्छा है। उन्होंने विश्वास जताया कि ताइवान जलडमरूमध्य के दोनों ओर के लोग अंततः एक-दूसरे के और करीब तथा साथ आएंगे। शी ने कहा कि यह ऐतिहासिक प्रवृत्ति बदलने वाली नहीं है कि जलडमरूमध्य के दोनों ओर के लोग एक-दूसरे के करीब और साथ आएंगे।

# मिसरी एवं रुबियो ने की व्यापार और क्वाड सहित कई मुद्दों पर बातचीत

● अमेरिकी विदेश मंत्री मई में करेंगे भारत की यात्रा

वाशिंगटन, एजेंसी

विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सार्थक बैठक कर व्यापार और 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) सहित कई मुद्दों पर चर्चा की तथा बैठक के बाद अमेरिकी मंत्री के अगले महीने भारत की यात्रा पर जाने की घोषणा की गई। मिसरी तीन दिन की यात्रा पर अमेरिका आए हैं। उन्होंने और रुबियो ने व्हाइट हाउस में मुलाकात कर व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा और 'क्वाड' पर विशेष ध्यान देते हुए द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की।

बैठक में मौजूद भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने एक्स पर लिखा कि व्हाइट हाउस में विक्रम मिसरी का स्वागत है। मंत्री रुबियो के साथ सार्थक बैठक हुई जिसमें हमारे द्विपक्षीय संबंधों, खास तौर पर व्यापार, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा एवं 'क्वाड' पर ध्यान केंद्रित किया गया। गोर ने कहा कि मंत्री रुबियो अगले महीने भारत की यात्रा को लेकर उत्सुक हैं। अमेरिका स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा कि हम भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों एवं अन्य कई क्षेत्रों में अपनी भागीदारी को और गहरा करने के लिए तत्पर हैं। इससे पहले, मिसरी ने अमेरिका के उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ और राजनीतिक मामलों की अवर विदेश मंत्री एलिसन हूकर से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के प्रधान उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने कहा कि क्रिस्टोफर लैंडौ ने भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी से वाशिंगटन में मुलाकात की। नेताओं ने दोनों देशों के बीच करीबी साझेदारी की पुनः पुष्टि की और फारस की खाड़ी संबंधी स्थिति तथा अन्य वैश्विक एवं क्षेत्रीय प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी साझा की। भारतीय दूतावास के अनुसार, मिसरी और लैंडौ ने द्विपक्षीय प्राथमिकताओं पर चर्चा की तथा पारस्परिक चिंता के क्षेत्रीय एवं वैश्विक घटनाक्रम पर भी चार साझा किए।

# पवन खेड़ा को हाईकोर्ट से मिली एक सप्ताह की अग्रिम जमानत

**हैदराबाद।** कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा को थोड़ी राहत देते हुए तेलंगाना उच्च न्यायालय ने उन्हें असम पुलिस द्वारा दर्ज एक मामले में शुक्रवार को एक सप्ताह की अस्थायी अग्रिम जमानत दे दी। यह मामला असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी के खिलाफ लगाए गए उनके आरोपों से जुड़ा है। खेड़ा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सुजाना कलासिकम ने कहा कि याचिकाकर्ता को संबंधित अदालत में आवेदन दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाता है। इस अवधि के लिए शर्तों के साथ राहत प्रदान की जाती है। कांग्रेस नेता ने पांच अप्रैल को आरोप लगाया था कि असम के मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा के पास कई पासपोर्ट और विदेशों में संपत्तियां हैं, जिनका खुलासा राज्य में नौ अप्रैल के विधानसभा चुनावों के लिए मुख्यमंत्री के चुनावी हलफनामे में नहीं किया गया। खेड़ा के खिलाफ मामला गुवाहाटी अपराध शाखा के पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कई धाराओं के तहत दर्ज किया गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज का दिन सतर्कता की मांग करता है। अधिकारी के साथ विमर्श लाभ देगा। परिवार में कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृष** – आज का दिन आपके लिए लाभदायक है। पुराने अटके हुए कार्य पूर्ण होंगे। किसी नए अवसर का आरंभ संभव है।

**मिथुन** – आज मानसिक स्पष्टता बनी रहेगी और निर्णय सटीक होंगे। शिक्षा से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ है। कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**कर्क** – आज धन लाभ सामान्य रहेगा। नौकरी में परिवर्तन के संकेत हैं। पारिवारिक जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। जल्दबाजी में निर्णय न लें।

**सिंह** – आज आप ऊर्जा से भरे रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी और आपके सुझाव प्रभावशाली सिद्ध होंगे। रिश्तों में सुधार होगा।

**कन्या** – आज दिन शांतिपूर्ण और फलदायी रहेगा। कार्यों में व्यवस्थित प्रगति होगी। धन लाभ के नए अवसर बनेंगे। किसी यात्रा का योग है।

**तुला** – आज दिन मिश्रित रहेगा। कुछ कार्यों में रुकावट आ सकती है, पर धैर्य से स्थितियां सुधर जाएंगी। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें।

**वृश्चिक** – आज आपकी दृढ़ इच्छाशक्ति बढ़ेगी। धन लाभ के अच्छे योग बन रहे हैं। पारिवारिक मामलों में आप निर्णयकर्ता की भूमिका निभाएंगे।

**धनु** – आज कार्यक्षेत्र में उच्च परिणाम प्राप्त होंगे। भाग्य का साथ बना रहेगा। सीखने और आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। यात्रा के योग भी प्रबल हैं।

**मकर** – आज चंद्रमा आपकी ही राशि में है, जिससे निर्णय क्षमता चरम पर रहेगी। कार्यक्षेत्र में बड़ी प्रगति संभव है। नए अवसर मिलेंगे।

**कुंभ** – आज का दिन उत्साहपूर्ण रहेगा। नए लोगों से संपर्क लाभदायक सिद्ध होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी योजनाएं सफल होंगी।

**मीन** – आज आपको किसी वरिष्ठ या महत्वपूर्ण व्यक्ति का सहयोग मिल सकता है। धन लाभ के अवसर बनेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 11 अप्रैल, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, नवमी 12 अप्रैल 00.37 तक तत्पश्चात दशमी।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-उत्तराषाढ़ा 13.39 तक तत्पश्चात श्रवण।

### सुडोकू - 115 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 6 |
| 1 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 |

### सुडोकू -116

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 7 | 6 | | 5 | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | | 6 | 5 | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 2 | | 8 | |
| 9 | | | | | | | | 7 |
| | 6 | | 4 | | 8 | | | 5 |
| | | 2 | | | 4 | | | |
| | | 3 | | | | | | 2 |
| | | 5 | | 1 | 7 | | 6 | |

# कमांडर मिन आंग ह्लाइंग बने म्यांमार के राष्ट्रपति

**बैंकॉक, एजेंसी।** म्यांमा के सैन्य कमांडर मिन आंग ह्लाइंग ने शुक्रवार को निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। ह्लाइंग ने वर्ष 2021 में आंग सान सू ची की असैन्य सरकार से सत्ता छीनने के बाद से दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश पर कठोर शासन किया। उनका शपथ ग्रहण समारोह उस आम चुनाव के बाद हुआ, जिसे संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों और मानवाधिकार समूहों ने न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष बताया है।

सू ची की लोकप्रिय 'नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी' पार्टी समेत कई अन्य पार्टियों ने इसमें भाग नहीं लिया। ह्लाइंग के सामने सू ची को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद शुरू हुए गृहयुद्ध को समाप्त करने की बड़ी चुनौती है, जिसका सशस्त्र प्रतिरोध हुआ था। नाममात्र की लोकतांत्रिक सरकार की ओर वापसी को व्यापक रूप से असैन्य शासन की आड़ में सेना को सत्ता में बनाए रखने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

क्षयरोग सुरक्षा

अनुसंधानकर्ताओं ने दो नए टीकों पर प्रीवेंटबी नाम परीक्षण कर निकाला निष्कर्ष

# टीबी के सभी स्वरूपों पर नए टीकों के प्रभाव को लेकर आशंका

नई दिल्ली, एजेंसी

क्षय रोग (टीबी) के दो नए टीके भारत में वयस्कों और बच्चों के लिए सुरक्षित हो सकते हैं, लेकिन हो सकता है कि ये संक्रामक जीवाणु रोग के सभी स्वरूपों से सुरक्षा प्रदान न करें।

यह बात ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित तीसरे चरण के परीक्षण परिणामों में कही गई है। चरण-3 अंतिम दौर का अध्ययन है जिसमें सुरक्षा और प्रभावकारिता का निर्धारण करने के लिए एक नए उपचार की तुलना वर्तमान प्रक्रिया से की गई है। अनुसंधानकर्ताओं ने टीबी के मामलों को कम करने में दो नए टीकों - वीपीएम1002 और इम्यूवैक - की सुरक्षा एवं प्रभावकारिता का आकलन करने के लिए प्रीवेंटबी नामक परीक्षण किया। अध्ययन में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसंधानकर्ता भी शामिल रहे। भारत में, टीबी से बचाव के लिए शिशुओं को जन्म के समय 'बैसिलस कैलमेट-गुएरिन' (बीसीजी) नामक टीका लगाया जाता है। वीपीएम1002 पुनः संयोजन वाला बीसीजी टीका है जिसे जर्मनी आधारित कंपनी 'सीरम लाइफ साइंस यूरोप जीएमबीएच' द्वारा विकसित किया गया है। पुनः संयोजन वाले टीके में प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को सक्रिय करने के लिए किसी रोगजनक से एंटीजन उत्पन्न करने के लिए आनुवंशिक इंजीनियरिंग का उपयोग किया जाता है। 'इम्मुवैक' को आईसीएमआर और अहमदाबाद आधारित कैडिला फार्मास्युटिकल्स द्वारा विकसित किया गया है तथा यह रोगजनक के गैर-संक्रामक स्वरूप का उपयोग करके बनाया गया एक निष्क्रिय तत्व टीका है।

### छोटे बच्चों के गंभीर संक्रमण में टीका काफी कारगर

अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि बीसीजी टीका छोटे बच्चों में टीबी के गंभीर स्वरूपों के खिलाफ प्रभावी है, लेकिन किशोरों और वयस्कों को सुरक्षा प्रदान नहीं करता। जुलाई 2019 से दिसंबर 2020 के बीच दिल्ली, महाराष्ट्र और तमिलनाडु सहित छह राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के 18 स्थानों से टीबी रोगियों के छह वर्ष और इससे अधिक आयु के 12,700 से अधिक घरेलू संपर्कों का विश्लेषण किया गया। प्रतिभागियों को रैंडम रूप से वीपीएम1002, इम्यूवैक या प्लेसीबो की खुराक प्राप्त करने को कहा गया (प्रत्येक समूह में 4,239 प्रतिभागी थे, 38 महीनों तक उनका उन पर नजर रखी गई। इसके एक महीने बाद 11,829 प्रतिभागियों को दूसरी खुराक दी गई। कुल 12,295 ने 38 महीने की अनुवर्ती प्रक्रिया पूरी की।



वैभव सूर्यवंशी को भारतीय टीम में शामिल करने के फैसले में हड़बड़ी नहीं करनी चाहिए। असाधारण प्रतिभा के धनी खिलाड़ी को ज्यादा देर रोक पाना कठिन है लेकिन अपेक्षाओं के अत्यधिक दबाव से इस युवा खिलाड़ी पर अनावश्यक दबाव बनेगा।
–अनिल कुंबले


# स्टेडियम

मुरादाबाद, शनिवार, 11 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

## आज के मुकाबले

पंजाब किंग्स
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद
समय - दोपहर 3:30 बजे

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
दिल्ली कैपिटल्स
समय - शाम 7:30 बजे

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स को दिया 202 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : कप्तान रजत पाटीदार ने 40 गेंदों पर 63 रनों की पारी खेली

गुवाहाटी, एजेंसी

कप्तान रजत पाटीदार (63), विराट कोहली (32) ओर वेंकटेश अय्यर (नाबाद 29) की शानदार पारियों के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 17वें मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आठ विकेट पर 201 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

आज यहां राजस्थान रॉयल्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी को जोफ्रा आर्चर ने पहली ही गेंद पर फिल सॉल्ट (शून्य) को आउट कर पहला झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये देवदत्त पड़िक्कल ने विराट कोहली के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिये 44 रनों की साझेदारी हुई। तीसरे ओवर में आर्चर ने पड़िक्कल (14) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। क्रुणाल पड्या (एक) और विराट कोहली को रवि बिश्नोई ने अपना शिकार बनाया। विराट कोहली ने 16 गेंदों में सात चौकों की मदद से 32 रन बनाये। जितेश शर्मा (पांच) और टिम डेविड (13) को ब्रिजेश शर्मा ने आउट किया। रोमारियो शेफर्ड ने 11 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 22 रन बनाये। उन्हें रवींद्र जडेजा ने आउट किया। 18वें ओवर में संदीप शर्मा ने रजत पाटीदार को आउट कर आरसीबी को बड़ा झटका दिया।



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली का विकेट लेने का जश्न मनाते राजस्थान रॉयल्स के रवि बिश्नोई। एजेंसी

पाटीदार ने 40 गेंदों में चार चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 63 रनों की पारी खेली। विकेट गिरते रहने के बावजूद आरसीबी ने रनों की रफ्तार को बनाये रखा और स्कोर को 200 रन के पार पहुंचा दिया।

आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 201 रनों का विशाल स्कोर बनाया। वेंकटेश अय्यर ने 15 गेंदों में एक चौका और दो छक्के लगाते हुए नाबाद 29 रन बनाये। भुवनेश्वर कुमार नौ रन बनाकर नाबाद रहे। आरआर के लिए जोफ्रा आर्चर, रवि बिश्नोई और बृजेश शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। संदीप शर्मा और रवींद्र जडेजा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### गेंदबाजी करते समय चोट लगना स्वाभाविक : अशोक

**नई दिल्ली।** अपनी तेज गेंदबाजी से क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी तरफ खींचने वाले अशोक शर्मा जानते हैं 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने में स्वाभाविक रूप से जोखिम होते हैं, लेकिन उनका मानना है कि समय पर सोने सहित अनुशासित जीवनशैली से इसे बचा जा सकता है। गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज ने अपने दूसरे आईपीएल मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 154.2 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से एक गेंद फेंकी थी, जिससे क्रिकेट जगत की उनमें दिलचस्पी पैदा हो गई। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में राजस्थान के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद गुजरात टाइटंस ने 90 लाख रुपये में खरीदा था।

## अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 3 | 3 | 0 | 0 | 6 | 2.403 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 3 | 2 | 0 | 1 | 5 | 0.637 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.501 |
| 4. | दिल्ली कैपिटल्स | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | 0.811 |
| 5. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 3 | 2 | 1 | 0 | 4 | -0.359 |
| 6. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.275 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.270 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | -0.715 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 4 | 0 | 3 | 1 | 1 | -1.315 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -2.517 |

### ऑरेंज कैप



यशस्वी जायसवाल
राजस्थान–170 रन
समीर रिजवी
दिल्ली – 160 रन
अंगकृष रघुवंशी
कोलकाता–155 रन

### पर्पल कैप

रवि विश्नोई
राजस्थान– 9 विकेट
प्रसिद्ध कृष्णा
गुजरात – 6 विकेट
राशिद खान
गुजरात– 5 विकेट



### कैफ ने पंत के बारे में कहा- आप जिम्मेदारी नहीं लेंगे तो मैच जीतने में मदद नहीं कर सकते

**नई दिल्ली, एजेंसी** : पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत की आलोचना करते हुए कहा कि इस विकेटकीपर-बल्लेबाज को अपनी खेल की समझ में सुधार करना होगा और लगातार अच्छे परिणाम के लिए अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी। एलएसजी ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल मैच में तीन विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की थी। पंत इस मैच में केवल 10 रन बना पाए थे और उनके शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाज भी नहीं चल पाए थे। मुकुल चौधरी के नाबाद 54 रन की मदद से एलएसजी ने यह मैच जीता था। पंत के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है और कैफ ने इसी संदर्भ में उनकी आलोचना की। कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा टीम को जरूरत थी कि वह अंत तक क्रीज पर टिके



रहें। वह अनुभवी खिलाड़ी हैं, जो 2016 से आईपीएल में खेल रहे हैं। जब वह बल्लेबाजी करने आए तो स्थिति मुश्किल नहीं थी। एलएसजी ने पहले पांच ओवरों में ही 41 रन बना लिए थे। किसी एक बल्लेबाज को जिम्मेदारी लेनी थी और अंत तक बल्लेबाजी करनी थी। यह भूमिका पंत को निभानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कप्तान होने के नाते अगर आप जिम्मेदारी नहीं लेते हैं, तो आप अपनी टीम को मैच जिताने में मदद नहीं कर सकते। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन उन्हें निरंतरता बनाए रखने की जरूरत है। उन्हें मैच की स्थिति को बेहतर ढंग से समझना होगा।

## हाईलाइट

### जील-सहजा की जीत से भारत ने मंगोलिया को 3-0 से हराया

**नई दिल्ली।** जील देसाई और सहजा यमलापल्ली की एकतरफा जीत से भारत ने बिली जीन किंग कप के एशिया/ओशिनिया ग्रुप-1 मुकाबले में शुक्रवार को यहां मंगोलिया को 3-0 से शिकस्त दी। बिली जीन किंग कप में अपना पदार्पण मैच खेल रही जील ने 15 वर्षीय अनु-वजिन गैंटोर को महज 37 मिनट में सीधे सेटों में 6-0, 6-0 से हराया। सहजा ने भी डीएलटीए परिसर में खेले गए मैच में बिना कोई गेम गंवाए 32 वर्षीय जरगल अल्तानसरनाई को 42 मिनट में 6-0, 6-0 से शिकस्त दी।

### फुटबॉल विश्व कप के लिए दो महिलाएं समेत 52 रेफरी चुने गए

**मैनचेस्टर।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने दो महीने बाद शुरू होने वाले विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 52 रेफरी का चयन किया है, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। अमेरिका की टोरी पेन्सो और मैक्सिको की काटिया गार्सिया के रूप में दो महिला रेफरी इस सूची में शामिल हैं। फीफा ने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले टूर्नामेंट के लिए तीन महिलाओं को सहायक रेफरी और एक महिला को वीडियो मैच अधिकारी के रूप में भी चुना गया है। यह दूसरा अवसर है जबकि पुरुषों के विश्व कप में महिला रेफरी भाग लेंगी। कतर में चार साल पहले खेले गए विश्व कप में तीन महिला रेफरी और तीन महिला सहायक रेफरी शामिल थीं। पेन्सो 2023 में महिला विश्व कप के फाइनल में रेफरी थीं। फीफा ने कहा कि रेफरी का चयन प्रदर्शन को प्राथमिकता देने के आधार पर किया गया है।

### आयुष शेट्टी एशियाई चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचे

**निंगबो (चीन)।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने शुक्रवार को यहां इंडोनेशिया के दुनिया के नंबर चार खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराकर उलटफेर करते हुए अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल करने के साथ बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज शेट्टी ने एक कड़े मुकाबले वाले क्वार्टरफाइनल में ऊंची रैंकिंग पर काबिज क्रिस्टी पर लगातार दबदबा बनाते हुए जोरदार स्मैश की बदौलत 23-21, 21-17 से जीत दर्ज की।

# सनराइजर्स के खिलाफ अपनी लय जारी रखने उतरेगा पंजाब

मुल्लांपुर, एजेंसी

पिछले साल के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने वाली पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अब तक संघर्ष कर रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। पिछले साल की उपविजेता पंजाब किंग्स की टीम ने जिस तरह से अभी तक प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए उसके पिछले मैच में अंक बांटने से वह खुश नहीं होगी।

श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब किंग्स में यह दिखा दिया है कि एक विजेता टीम पर दृष्टिकोण कैसा होना चाहिए। फिर चाहे वह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 200 रन से अधिक के लक्ष्य का आसानी से पीछा करना हो या मुल्लांपुर की मुश्किल पिच पर पूर्व चैंपियन गुजरात टाइटन्स को हराना।



अभ्यास सत्र के दौरान पंजाब किंग्स के बल्लेबाज मार्कस स्टोइनिस। एजेंसी

### टीम

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अर्शदीप सिंह, प्रियांश आर्य, पाइला अविनाश, अजमतुल्लाह उमरजई, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, कूपर कोनोली, प्रवीण दुबे, बेन ड्वारशुइस, लॉकी फर्ग्यूसन, हरनूर सिंह, हरप्रीत बराड़, मार्को यानसन, मुशीर खान, विशाल निशाद, मिचेल ओवेन, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, विष्णु विनोद, विजयकुमार वैश्यक, नेहल वढेरा, यश ठाकुर।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ईशान किशन (कप्तान), अभिषेक शर्मा, अमित कुमार, सलिल अरोड़ा, ब्रायडन कार्स, पैट कमिंस, हर्ष दुबे, क्रेन्स फुलेट्रा, ट्रैविस हेड, प्रफुल्ल हिंगे, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन, ईशान मलिंगा, कामिंडु मेंडिस, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षल पटेल, डेविड पायने, साकिब हुसैन, शिवम मावी, शिवांग कुमार, रविचंद्रन स्मरण, ओंकार तरमाले, जयदेव उनादकट, अनिकेत वर्मा, जीशान।

# खाता खोलने को बेताब चेन्नई सुपर किंग्स

चेन्नई, एजेंसी

सत्र की पहली जीत हासिल करने के लिए बेताब चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम शनिवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी तो उसके अनुभवी सलामी बल्लेबाजों संजू सैमसन और रुतुराज गायकवाड़ पर अच्छा प्रदर्शन करने का काफी दबाव होगा। सीएसके को तीन अलग-अलग मैदानों पर हार का सामना करना पड़ा है और इस तरह से उसके लिए सत्र की शुरुआत निराशाजनक रही है।

सीएसके को अगर अपना खाता खोलना है तो उसे बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी, हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अभी तक खेले गए तीन मैच में डेवाल्ड ब्रेविस की अनुपस्थिति ने भी टीम के संतुलन को प्रभावित किया है। दक्षिण अफ्रीका के इस विस्फोटक बल्लेबाज के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में चोट से उबरकर वापसी करने की उम्मीद है। हालांकि महेंद्र सिंह धोनी की वापसी को लेकर अभी कोई स्पष्टता नहीं है, जो पिंडली में खिंचाव के कारण इस सत्र में अभी तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। सीएसके के लिए हालात बेकाबू होने से पहले सैमसन और गायकवाड़ की सलामी जोड़ी को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। कार्तिक शर्मा को भी मध्य क्रम में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है, जबकि प्रशांत वीर ने निचले क्रम में अच्छा खेल दिखाया है। एकमात्र बल्लेबाज जिसने निरंतरता दिखाई है, वह सरफराज खान हैं, जो खुद को साबित करना चाहते हैं। सीएसके के गेंदबाजों ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 250 रन लुटाए, जो बल्लेबाजों के लिए बहुत बड़ा लक्ष्य साबित हुआ। खलील अहमद को छोड़कर बाकी सभी गेंदबाजों ने प्रति ओवर 12 या उससे अधिक रन लुटाए।

चेपॉक में यह सत्र का दूसरा मैच होगा। इससे पहले यहां जो पिछला मैच खेला गया था उसमें पंजाब किंग्स में 210 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल किया था। दिल्ली कैपिटल्स की टीम दिल्ली में खेले गए पिछले मैच में गुजरात टाइटन्स के हाथों एक रन से मिली हार से आहत होगी। अक्षर पटेल की अगुवाई वाली टीम आईपीएल जैसे बेहद प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट में लय बरकरार रखने के महत्व को समझती है और अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सीएसके की मुश्किलें और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

### टीम

**सीएसके :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, आयुष म्हात्रे, खलील अहमद, नाथन एलिस, गुरजापनीत सिंह, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, सरफराज खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जैकरी फॉल्क्स, रामकृष्ण घोष, मुकेश चौधरी, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, कार्तिक शर्मा, जेमी ओवरटन, श्रेयस गोपाल, अंशुल कम्बोज।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अभिषेक पोरेल, करुण नायर, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, बेन डकेट, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय जादव मंडल, माधव तिवारी, टी नटराजन, साहिल पारख।

**● दिल्ली के खिलाफ मुकाबले में संजू सैमसन पर होगी नजर**



अभ्यास सत्र के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के एमएस धोनी। एजेंसी

**मिली सफलता**

लखनऊ सुपर जाएंट्स के युवा बल्लेबाज चौधरी ने कोलकाता के जबड़े से जीत खींचकर किया कमाल

# मुकुल ने पूरा किया धोनी की तरह छक्के से मैच जीतने का सपना

कोलकाता, एजेंसी

युवा बल्लेबाज मुकुल चौधरी का बचपन से ही सपना था कि वह महेंद्र सिंह धोनी की तरह छक्के जड़कर मैच का समापन करें और गुरुवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में तीन विकेट से जीत दिलाकर उन्होंने अपना यह सपना पूरा कर दिया। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज ने 27 गेंद पर नाबाद 54 रन बनाए जिसमें दो चौके और सात छक्के शामिल हैं।

मुकुल ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा मैं यह पारी अपने पिता को समर्पित करता हूं। शादी से पहले से ही उनका सपना था कि उनका बेटा क्रिकेटर बने। मैं एमएस (धोनी) सर को भी देखता रहा हूं कि किस तरह से वह पारी समाप्त करते हैं। मैं भी उसी नंबर पर खेलता हूं, इसलिए मैं यह पारी उन्हें भी समर्पित करता हूं। मुकुल ने कहा कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की और वह हर दिन लगभग 150 छक्के लगाने का अभ्यास करते हैं। उन्होंने कहा मेरे ''जीन्स'' ऐसे हैं और मेरी शारीरिक बनावट ऐसी है कि मेरे शॉट्स में ताकत होती है। मैं खूब अभ्यास भी करता हूं। मैं हर दिन लगभग 100-150 छक्के लगाता हूं। पिछले पांच-छह महीनों से मैंने बहुत अभ्यास किया और इसका असर अब मेरी बल्लेबाजी में देखने को मिल रहा है। उन्होंने धोनी की तरह अपने ''हेलीकॉप्टर शॉट'' के बारे में भी बात की। उन्होंने 17वें ओवर में वैभव अरोड़ा की गेंद पर इसी तरह का शॉट लगाकर छक्का जड़ा था। मुकुल ने कहा मैंने बचपन से ही उस शॉट का अभ्यास किया है। धोनी जिस तरह से पारी का अंत करते हैं वह भी मुझे पसंद है। वह यॉर्कर पर भी छक्का मार देते थे। अगर आप उस तरह की गेंद पर भी छक्का जड़ देते हैं, तो गेंदबाज कुछ अलग करने के बारे में सोचने लगता है। छक्के मारने की क्षमता और आत्मविश्वास से वह पहले ही एलएसजी के कोच जस्टिन लैंगर का ध्यान खींच चुके हैं। लैंगर ने कहा था कि मुकुल में भारत का मध्यक्रम में सबसे खतरनाक बल्लेबाज बनने की क्षमता है।



### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी से बदली किस्मत

पिछले साल दिसंबर में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में दिल्ली के खिलाफ अंतिम ओवर में जब उनकी टीम को 25 रन की जरूरत थी तब उन्होंने आखिरी गेंद पर लक्ष्य को घटाकर पांच रन कर दिया था। अपनी इस पारी से उन्होंने लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। इसके तुरंत बाद एलएसजी ने उन्हें 2.60 करोड़ रुपये में खरीद लिया। मुकुल ने कहा आखिरी ओवर में 25 रन और आखिरी गेंद पर पांच रन चाहिए थे। आयुष (बडोनी) गेंदबाजी कर रहे थे। मैंने पहले भी ऐसा किया था इसलिए मुझे भरोसा था। उसी पारी के आधार पर मेरा चयन हुआ। आईपीएल में अपना तीसरा मैच खेलने के बाद मुकुल ने कहा मैंने कभी परिणाम के बारे में नहीं सोचा। मैं बस मैच को आखिर तक ले जाना चाहता था और इसे करीबी मुकाबला बनाना चाहता था। यह साबित हो गया कि मैं ऐसा कर सकता हूं।

### पिता ने घर बेचकर दिलाया प्रशिक्षण

मुकुल के इस सफर में उनकी प्रतिभा के अलावा परिवार से मिली सहयोग ने भी अहम भूमिका निभाई। उनके पिता दलीप ने नौकरी छोड़ दी, पारिवारिक घर में अपना हिस्सा बेच दिया और मुकुल के प्रशिक्षण के लिए अपना ठिकाना बदल लिया। जयपुर के अरावली कोचिंग सेंटर में मुकुल ने सीखना शुरू किया।

# भारत ने एशियाई मुक्केबाजी अभियान का समापन 5 स्वर्ण पदक के साथ किया

उलानबटोर (मंगोलिया), एजेंसी

भारत ने शुक्रवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अपने यादगार अभियान का समापन पुरुषों के 50 किलोग्राम वर्ग में विश्वनाथ सुरेश के स्वर्ण पदक के साथ किया। विश्वनाथ ने फाइनल में दबदबा बनाते हुए जापान के दाइची इवाई को 5-0 से शिकस्त दी।

सचिन (60 किलोग्राम) ने कड़े मुकाबले में रजत पदक जीतकर पदकों की संख्या में इजाफा किया जिससे पुरुषों की टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। भारत पदक तालिका में पांच स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर रह। कजाकिस्तान ने भारत से एक स्वर्ण पदक ज्यादा जीता और तालिका में शीर्ष पर रहा। हालांकि कुल मिलाकर सबसे अधिक (16) पदक भारत ने ही जीते। इस प्रदर्शन की सबसे बड़ी खासियत भारतीय महिला टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन रहा जिसमें उन्होंने 10 पदक जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

इन 10 पदकों में चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक शामिल थे जो महाद्वीपीय स्तर पर उनके अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में से एक है। राष्ट्रीय स्तर पर लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विश्वनाथ ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया जो मुक्केबाजी की दुनिया में उनकी तेजी से बढ़ती लोकप्रियता और सफलता का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। विश्वनाथ ने अब अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एक मजबूत पहचान बना ली है। उलानबटोर में उनका अभियान विशेष रूप से प्रभावशाली रहा जिसमें फाइनल तक पहुंचने के क्रम में उन्होंने दुनिया के नंबर एक मुक्केबाज को हराकर उलटफेर किया।



**● 50 किलोग्राम वर्ग में विश्वनाथ सुरेश ने स्वर्ण पदक जीता**